बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

PMG

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
सोमवार 05 फरवरी 2024
माघ कृष्ण 11 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 135
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

खास खबर

करदाताओं को आईटीआर दाखिल नहीं करने पर जल्द ही मिलेगा नोटिस

रायगढ़ । आयकर विभाग जल्द ही उन व्यक्तियों को नोटिस भेजेगा जिन्होंने स्रोत पर कर कटौती के बावजूद आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। विभाग बेमेल लेनदेन और छुपे हुए निवेश का पता लगाने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा का उपयोग कर रहा है और अपने रिटर्न को अपडेट करने के लिए करदाताओं तक पहुंच रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने कहा कि आयकर विभाग जल्द ही उन व्यक्तियों को नोटिस भेजेगा जिन्होंने कर रिटर्न दाखिल नहीं किया है, भले ही उनकी आय पर स्रोत पर कर काटा गया हो। उन्होंने कहा कि ऐसे करीब 1.5 करोड़ टैक्सपेयर्स हैं ।परंतु हम केवल उन्हीं करदाताओं को नोटिस भेजेंगे जिनके बारे में हमारे पास निश्चित जानकारी है ऐसे नोटिसों की संख्या कुछ हज़ार ही होगी। आईटी विभाग को बड़ी मात्रा में डेटा प्राप्त होने से बेमेल का पता लगाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि अगर करदाताओं से कोई विवरण छूट गया है तो वे अपने रिटर्न को अपडेट करने के लिए उन तक पहुंच रहे हैं।

राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ कराई शिकायत दर्ज

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ?दिल्ली के सीएम अर ?विंद केजरीवाल के पेश नहीं होने पर ?शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल के पेश नहीं होने पर शनिवार को यहां एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन ट्रेट दिव्या मल्होत्रा के समक्ष दायर की गई, जिन्होंने मामले की अगली सुनवाई सात फरवरी को तय की। इस दौरान न्यायाधीश ने कहा ?कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 50 के अनुपालन में उपस्थित नहीं होने के लिए नयी शिकायत प्राप्त हुई है। न्यायाधीश ने आंशिक दलीलें सुनीं और मामले की सुनवाई को स्थगित कर दिया है। इस पर न्यायाधीश ने कहा ?कि यह नयी शिकायत का मामला है, दलीलें सुनी गईं। शेष दलीलें अब सात फरवरी, 2024 को पटल पर सुनवाई के ?लिए रखी जाएंगी।

मुंबई एयरपोर्ट पर 1.37 करोड़ का सोना जब्त

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय ने मुंबई एयरपोर्ट पर सोना तस्करों के खिलाफ बड़ी करते हुए 1 करोड़ से ज्यादा की सोने की तस्करी पकड़ी है. मिली ज ा न क ा र ी के मुताबिक, मुंबई एयरपोर्ट पर पैनकेक पाउडर से सोने की तस्करी करने वालों पर कस्टम विभाग ने शिकंजा कस दिया है. मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की टीम ने 1.37 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है. तस्कर पैनकेक पाउडर को सोने के पाउडर में मिलाकर तस्करी कर रहे थे. सोने की तस्करी चेक-इन बैग पाइप तथा कपड़ों के जरिए की जा रही थी। पांच अलग-अलग मामलों में कुल 2.48 किलोग्राम सोना जब्त किया गया है।

लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग

लेह। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और संवैधानिक सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर रविवार को भी प्रदर्शन जारी है। लेह में कडकड़ाती ठंड के बीच हजारों लोगों ने सड़कों पर मार्च निकाला।

चंपई सरकार का फ्लोर टेस्ट आज

हैदराबाद से रांची लौटेंगे जेएमएम-कांग्रेस विधायक

रांची । झारखंड की चंपई सरकार सोमवार को अपना बहुमत साबित करेगी। इससे पहले रविवार शाम को महागठबंधन के विधायक हैदराबाद से वापस रांची आए। फ्लोर टेस्ट को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि महागठबंधन की सरकार के पास लिखित में 43 विधायकों का समर्थन है। फ्लोर टेस्ट के बाद 7 फरवरी को मंत्रिमंडल विस्तार किया जाएगा।

बता दें कि दो फरवरी को चंपई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। उन्हें बहुमत सिद्ध करने के लिए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 10 दिनों का समय दिया। इसी बीच किसी तरह की टूट की आशंका से बचने के लिए जेएमएम-कांग्रेस के 37 विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट किया गया था।

झारखंड मुक्ति मोर्चा में विधायकों के टूटने का डर था क्योंकि बीजेपी के पास राज्य में 26 विधायक हैं, सहयोगी दलों और निर्दलीयों को मिलाकर ये संख्या 32 हो जाती है। इसलिए जेएमएम ने विधायकों को सुरक्षित जगह भेजने की योजना बनाई। गठबंधन के 35 विधायकों को तेलंगाना भेजा गया क्योंकि वहां कांग्रेस की सरकार है। इनमें चंपई सोरेन, आलमगीर आलम और आरजेडी विधायक सत्यानंद भोक्ता नहीं गए। इसके अलावा कुछ विधायक राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के झारखंड पहुंचने की वजह से नहीं गए क्योंकि उन्हें यात्रा का स्वागत और तैयारी वगैरह करनी थी।

विधानसभा में दलों की स्थिति

झामुमो- 29
भाजपा- 26
कांग्रेस- 17
आजसू पार्टी- 03
सीपीआई माले- 01
राष्ट्रवादी कांग्रेस- 01
राजद- 01
अन्य- 02

बिहार कांग्रेस को ऑपरेशन लोटस का डर

पटना। बिहार कांग्रेस को ऑपरेशन लोटस का डर सता रहा है। टूट के डर से कांग्रेस अपने विधायकों को बेंगलुरु या अरुणाचल प्रदेश भेजने की तैयारी में है। विधायकों को बिहार विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने पर बुलाया जाएगा। 12 फरवरी से सत्र शुरू हो रहा है, उसी दिन एनडीए की सरकार अपना बहुमत साबित करेगी।

दरअसल, कांग्रेस की बैठक दिल्ली में शनिवार की शाम हुई थी। इसमें बिहार कांग्रेस के सभी 19 विधायक मौजूद रहे। कहा जा रहा है कि विधायकों को दिल्ली इसलिए बुलाया गया था कि बिहार में हो रहे संभावित खेल से उनको बचाकर रखा जाए।

दलबदल से बचने के लिए 19 में से 13 को टूटना होगा

बिहार में कांग्रेस के 19 विधायक हैं। इन 19 विधायकों में से 12 विधायक खांटी कांग्रेसी हैं। दलबदल में विधायकी कायम रखते हुए 13 का टूटना जरूरी होगा। सामने लोकसभा का चुनाव है। एनडीए गठबंधन लोकसभा चुनाव लड़ने का मौका देने के साथ ही मंत्री पद का लोभ भी कांग्रेस विधायकों को दे सकता है। तेजस्वी यादव ने पहले ही कह दिया है कि खेला तो बिहार में अब शुरू होगा। दूसरी तरफ एनडीए घटक दल हम पार्टी के सुप्रीमो जीतन राम मांझी एक और मंत्री पद की मांग कर चुके हैं। वे आगे कुछ भी फैसला ले सकते हैं। इसलिए एनडीए की नजर महागठबंधन की पार्टियों पर है।

मंत्री आतिशी के घर से बिना नोटिस दिए ही दिल्ली पुलिस लौट गई

क्राइम ब्रांच केजरीवाल से आप विधायकों की खरीद-फरोख्त के मांग रही सबूत

नई दिल्ली। आप विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों के चलते सीएम केजरीवाल के ऑफिस को नोटिस देने के बाद आज रविवार को दिल्ली पुलिस मंत्री आतिशी के घर पहुंची है। लेकिन वह दिना नोटिस दिए ही लौट गई है। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस ने नोटिस में लिखा कि आपने जो आरोप लगाए हैं उनके सबूत दीजिए और जिन विधायकों को रिश्वत की पेशकश की गई है उनके नाम बताइए। बता दें कि विधायकों की खरीद-फरोख्त करने का प्रयास करने संबंधी अरविंद केजरीवाल के दावे की जांच के सिलसिले में मुख्यमंत्री कार्यालय को नोटिस देने के बाद दिल्ली

पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम रविवार को मंत्री आतिशी के घर नोटिस देने पहुंची। इस दौरान आतिशी घर पर मौजूद नहीं मिली, जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम बिना नोटिस दिए ही वापस लौट गई। हालांकि पहले कहा जा रहा था कि नोटिस आतिशी के ओएसडी को दिया जा सकता है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी दिल्ली क्राइम ब्रांच की एक टीम मंत्री आतिशी के घर भी पहुंची थी लेकिन पता चला कि वह चंडीगढ़ में हैं। वहीं आतिशी ने अपने कैंप ऑफिस में निर्देश दिए की अधिकारी नोटिस रिसीव करेंगे। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने सीएम ऑफिस को जो नोटिस दिया था उसमें तीन सवालों के जवाब पूछे गए, जिनमें कहा गया है कि जो आरोप लगाए हैं उसका सबूत दीजिए, सात विधायकों के नाम बताइए और जो सबूत हैं वो दीजिए, ताकि जांच की जा सके। इस तरह से तीन सवाल पूछे गए हैं।

बीजेपी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने आतिशी पर हमला करते हुए कहा कि मंत्री आतिशी भी अरविंद केजरीवाल की तरह सबूत होने की बात कह रही थी।

मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे आडवाणी जी के साथ काम करने का मौका मिला - मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहे लालकृष्ण आडवाणी के योगदान की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे आडवाणी जी के साथ काम करने का मौका मिला है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार की ओर से पीएम मोदी ने शनिवार को घोषणा की है कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा जाएगा।

वहीं आडवाणी ने इसे अपने लिए एक अत्यंत भावुक क्षण बताया। आडवाणी की अवस्था 96 वर्ष की है और यह सम्मान पाने वाले वह 50वें व्यक्ति हैं। मोदी ने भाजपा के सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहे आडवाणी के सार्वजनिक जीवन में योगदान की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए

सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा की। इसके साथ ही उन्होंने ओडिशा में एक जनसभा में आडवाणी को सबसे सम्मानित नेताओं में से एक बताया जिन्होंने परिवारवाद की राजनीति को चुनौती दी और भारत के लोकतंत्र को सर्व-समावेशी और राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ा।

इधर पुरस्कार की घोषणा के बाद आडवाणी ने अपने आवास पर दूर से पत्रकारों का अभिवादन किया। उन्होंने एक बयान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया और कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में न केवल उनका, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है जिनका पालन करने का उन्होंने प्रयास किया है। आडवाणी ने एक बयान में कहा कि मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ आज मुझे दिए गए 'भारत रत्न' को स्वीकार करता हूं। भाजपा के सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहे आडवाणी ने कहा, 14 वर्ष की उम्र में आरएसएस में शामिल होने के बाद से जीवन में मुझे जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे निभाते हुए अपने प्रिय देश की समर्पित और निस्वार्थ सेवा करने में ही मुझे खुशी मिली। उन्होंने कहा कि जिस चीज ने उनके जीवन को प्रेरित किया है वह आदर्श वाक्य है- 'यह जीवन मेरा नहीं है। मेरा जीवन मेरे राष्ट्र के लिए है।'

बता दें कि भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी ने आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें बधाई दी और सम्मान पर खुशी जताई। वहीं 'भारत रत्न' से सम्मानित किये जाने की घोषणा के बाद केंद्रीय मंत्रियों, अन्य वरिष्ठ नेताओं समेत विभिन्न क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

महाराष्ट्र में कांग्रेस को फिर झटका

एक दर्जन से अधिक विधायक जा सकते हैं अजीत के साथ

मुंबई। भाजपा के मौन समर्थन के साथ अजित पवार गुट मुंबई कांग्रेस से दो अन्य प्रमुख मुस्लिम नेताओं के साथ-साथ 15 विधायकों को भी शामिल करने पर विचार कर रहा है। उनमें मुंबादेवी विधायक अमीन पटेल और मलाड पश्चिम से विधायक असलम शेख भी शामिल हैं।बाबा सिद्दिकी के बेटे जीशान वर्तमान में बांद्रा पूर्व से विधायक हैं। उनके भी इस साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अजीत पवार गुट में शामिल होने की संभावना है। हालांकि उन्होंने ऑन-रिकॉर्ड इस तरह की अटकलों से इनकार किया है। लेकिन उन्होंने इतना जरूर कहा है कि अजित पवार उनके लिए परिवार के सदस्य की तरहा हैं। उन्होंने कठिन समय में उनका साथ दिया है।मुंबई में कांग्रेस के 4 विधायक हैं। उनमें से दो जीशान सिद्दीकी और असलम शेख हैं। दोनों ही प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अलग-अलग भ्रष्टाचार के मामलों की जांच का सामना कर रहे हैं। अमीन पटेल मिलिंद देवड़ा के करीबी सहयोगी हैं। यदि तीनों ने इस्तीफा दिया तो कांग्रेस के पास पास मुंबई में केवल एक विधायक वर्षा गायकवाड़ बचेंगी, जो कि धारावी से विधायक हैं।

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को महाराष्ट्र में बड़ा झटका लग सकता है। मिलिंद देवड़ा ने हाल ही में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद मुंबई में पार्टी के पास कोई कद्दावर नेतृत्व नहीं है। पार्टी के भीतर और बाहर दोनों ही जगहों पर इस बात की चर्चा है कि पूर्व मंत्री और बांद्रा विधायक बाबा सिद्दीकी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजीत पवार गुट में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस के सूत्रों ने यह दावा किया है महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष आरिफ नसीम खान से भी पाला बदलने के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया है। आपको बता दें कि नसीम खान 2019 का विधानसभा चुनाव चांदीवली से बहुत कम अंतर से हार गए थे। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, ?बाबा सिद्दीकी और असलम शेख निश्चित रूप से सत्तारूढ़ दलों के संपर्क में हैं।

धनबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उमड़ी भीड़, राहुल बोले

आदिवासियों के साथ थे और रहेंगे

धनबाद। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का झारखंड में आज तीसरा दिन है। राहुल गांधी ने धनबाद के गोविंदपुर मोड़ से यात्रा की शुरुआत की। यात्रा के दौरान सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उनके समर्थन में नारे लगाते रहे। राहुल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले साल हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की थी, जिसका लक्ष्य देश को जोड़ना था। हमने देश को यह संदेश दिया कि कांग्रेस नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलती है। इस बार हमने मणिपुर से महाराष्ट्र तक की यात्रा शुरू की है, जिसमें हमने न्याय शब्द जोड़ दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज देश में आर्थिक अन्याय हो रहा है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन की रक्षा की है और करती रहेगी। हम आपके साथ खड़े हैं और खड़े रहेंगे। आपकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए हम 24 घंटे काम करेंगे और आपको न्याय दिलवाकर रहेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल के साथ जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी हैं। राहुल दोपहर में जोधाडीह मोड़ होते हुए बोकारो जिले के चास में प्रवेश करेंगे। वहां से लंच के बाद बोकारो होते हुए बालीडीह, जैनामोड होते हुए रामगढ़ फिर रांची पहुंचेंगे। पांच फरवरी को रांची के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में राहुल गांधी की सभा होगी।

उन्होंने कहा कि देश के चुनिंदा पूंजीपतियों को आपकी सारी संपत्ति सौंपी जा रही है। इसके साथ ही नोटबंदी और त्रस्त के कारण जो बेरोजगारी फैली है, यह यात्रा उसके खिलाफ है। पहले क्रस्ह में आपको रोजगार मिलता था, उन सभी का एक-एक कर निजीकरण किया जा रहा है अगर ऐसा ही चलता रहा तो मोदी सरकार झारखंड की स्टील इंडस्ट्री भी अपने पूंजीपति मित्रों को सौंप देगी।

ओबीसी के लिए काम करता रहूंगा...कहते हुए भुजबल ने थमाया इस्तीफा

मुंबई। महाराष्ट्र में मराठों को ओबीसी वर्ग से आरक्षण देने के मामले में राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल काफी नाराज हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मैंने ओबीसी के लिए हमेशा संघर्ष किया है, उनके हक के लिए लड़ाई लड़ी है। एक फिर ओबीसी के हक के लिए मैंने अपना इस्तीफा राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सौंप दिया है। 16 नवंबर 2023 को दिया गया इस्तीफा अभी तक मंजूर नहीं हुआ है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस बात का खुलासा इसलिए नहीं किया है कि सीएम शिंदे एवं डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने चुप रहने का कहा था। अहमदनगर में एक ओबीसी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह इस्तीफे पर चुप हैं क्योंकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें सार्वजनिक रूप से इस बारे में नहीं बोलने के लिए कहा था। उन्होंने कहा, मैं इस पर चुप रहा, लेकिन कुछ लोग अब ओबीसी के पक्ष में बोलने के लिए

भुजबल को कैबिनेट से बाहर करने की मांग कर रहे हैं। मैं अपनी आखिरी सांस तक ओबीसी के लिए लड़ूंगा। छगन भुजबल ने शिवसेना के बुलढाणा विधायक संजय गायकवाड़ का जिक्र करते हुए यह बात कही है। बता दें कि गायकवाड़ ने भुजबल के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था और मंत्री पद से उनका इस्तीफा मांगा था।भुजबल के अनुसार, जालना जिले के अंबाद में ओबीसी रैली के लिए जाने से पहले उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। ओबीसी वर्ग से मराठा आरक्षण के खिलाफ मुखर भुजबल ने पिछले ढाई महीनों में राज्य भर में कई रैलियों को संबोधित किया है। अपने त्याग पत्र में भुजबल ने कहा कि वह मंत्री पद से इस्तीफा दे रहे हैं क्योंकि उनके कुछ कैबिनेट सहयोगी मराठा आरक्षण से संबंधित उनके रुख से सहमत नहीं हैं। भुजबल ने महाराष्ट्र पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा मराठा समुदाय के हाल ही में संपन्न सर्वेक्षण पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जानकारी एकत्र करते समय गणनाकर्ताओं द्वारा झूठ दर्ज किया जा रहा है। महाराष्ट्र की शिंदे सरकार द्वारा 27 जनवरी को कुनबी पृष्ठभूमि वाले मराठा समुदाय के सदस्यों के रक्त संबंधियों को कुनबी प्रमाण पत्र जारी करने की अधिसूचना जारी करने के बाद ओबीसी समाज की यह पहली सार्वजनिक रैली थी। भुजबल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए फडणवीस ने कहा, मुख्यमंत्री भुजबल के इस्तीफे पर टिप्पणी करने में अधिक सक्षम होंगे। इस समय मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि सीएम ने अब तक इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है।

रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी हैं मोदी- प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है ?कि पीएम मोदी रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी है। उन्होंने कहा ?कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आते ही गारंटी की बात करने लगते हैं लेकिन सच यह है कि मोदी रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी हैं। र ?विवार को

श्रीमती वाड्रा ने कहा ?कि आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। जब ?कि हमारे देश के करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया है।

प्रियंका ने कहा कि जुलाई 2022 में सरकार ने संसद को जानकारी दी थी कि आठ साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी केवल सात लाख युवाओं को ही मिली। यानी लगभग 21.93 करोड़ योग्य युवा बेरोजगार ही रह गए। सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा करने वाली भाजपा सरकार न पहले से मौजूद नौकरियां दे पाई, न ही नये रोजगार बना सकी। ?प्रियंका ने कहा ?कि प्रधानमंत्री चुनावों में गारंटी तो देते हैं। असल में उनकी गारंटी बेरोजगारी की ही गारंटी मात्र है।

गोडसे पर गर्व करने वाली एनआईटी की प्रोफेसर पर केस दर्ज

नई दिल्ली,। केरल पुलिस ने गोडसे पर गर्व करने वाली एनआईटी की प्रोफेसर पर केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर महात्मा गांधी की हत्या के लिए नाथूराम गोडसे पर 'गर्व करने' की टिप्पणी के लिए कालीकट स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) की एक महिला प्रोफेसर के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया है।

स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) सहित विभिन्न छात्र संगठनों ने शहर के कई थानों में प्रोफेसर ए. शैजा के खिलाफ कई शिकायतें दीं, जिसके बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। प्रोफेसर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से जानबूझकर उकसाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। महिला प्रोफेसर ने वकील कृष्णा राज की एक पोस्ट पर टिप्पणी की थी, जिन्होंने गोडसे की तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा था कि हिंदू महासभा के कार्यकर्ता नाथूराम विनायक गोडसे भारत में कई लोगों के नायक हैं।

कुन्नामंगलम और नादक्कुव पुलिस स्टेशन उन स्टेशनों में से थे जहां उसके खिलाफ शिकायतें दर्ज की गई थीं। एनआईटी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की वरिष्ठ संकाय सदस्य शाइजा ने 30 जनवरी को फेसबुक पर एक टिप्पणी पोस्ट की जिसमें कहा गया था कि भारत को बचाने के लिए गोडसे पर गर्व है। उन्होंने वकील कृष्णा राज की एक पोस्ट पर यह कमेंट किया था, जिन्होंने गोडसे की तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा था कि हिंदू महासभा के कार्यकर्ता नाथूराम विनायक गोडसे भारत में कई लोगों के नायक हैं।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू हो गयी है। हालांकि विवाद बढ़ने पर प्रोफेसर ने अपना कमेंट डिलीट कर दिया। बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन पर छात्रों के एक वर्ग द्वारा जश्न मनाने के बाद एनआईटी पिछले कुछ हफ्तों से विवादों में घिरा हुआ है।

भाजपा ने केजरीवाल को बताया भ्रष्टाचार का बेताज बादशाह

नई दिल्ली। भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार का बेताज बादशाह बताया है। भाजपा ने कहा कि वह हमेशा जांच से भागते रहते है। दसअसल मुख्य विपक्षी दल का यह बयान ऐसे समय आया है जब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का एक दल केजरीवाल को उनके आधिकारिक आवास पर उन्हें नोटिस देने पहुंचा था। यह नोटिस उनके इस दावे की जांच में शामिल होने के लिए दिया गया था कि भारतीय जनता पार्टी सत्तारूढ़ आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश कर रही है। दरअसल एक सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस की टीम मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंची और जोर देकर कहा कि वे केवल केजरीवाल को नोटिस सौंपेंगे क्योंकि यह उनके नाम पर था। वहीं मुख्यमंत्री के आवास पर अधिकारियों ने कहा कि वे नोटिस लेने और क्राइम ब्रांच को पावती देने को तैयार थे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यह एक अजीब स्थिति है। दिल्ली के लोग आज केजरीवाल को भगोड़ा कहने के लिए मजबूर हो रहे हैं। पूनावाला ने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि जब प्रवर्तन निदेशालय ने कथित घोटाले के सिलसिले में केजरीवाल को पांच समन जारी किए, तो वह भाग गए।

लेबर क्लास और घरेलू कामकाज करने वाली महिलाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न

दृढ़ शक्ति फाउंडेशन ने लगाया सौभाग्य का कुमकुम, विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन कर महिलाओं दिए उपहार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रविवार को नगर के अंबेडकर चौक स्थित नगर पालिका के महिला गार्डन में एक अनोखा हल्दी कुमकुम कार्यक्रम देखने को मिला जहां गरीब महिलाओं के उत्थान के भाव से काम कर रही दृढ़ शक्ति फाउंडेशन के तत्वाधान में घरो में काम करने वाली कामकाजी महिलाओं और लेबर क्लास महिलाओं के लिए हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता के छायाचित्र के समक्ष पूजन और माल्यार्पण के साथ किया गया इस दौरान कामकाजी महिलाओं के लिए भाग्य लक्ष्मी ड्रा का आयोजन किया गया। जिसमें 6 महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा उन महिलाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई वही कामकाजी महिलाओं में सबसे सुंदर महिला को भी पुरस्कार प्रदान किया गया जिसमें बतौर अतिथि समाजसेवी श्रीमती त्रिवेणी कोरमल और श्रीमती संतु शाह फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष बरखा नाग गंगवानी, संरक्षक श्रीमती ममता पिपलेवार, अनुभूति शाह, आरती राऊत, ज्योति चौरागड़े, राशि बोथरा, पायल सावलानी, भारती गंगवानी, जानकी वाधवानी और अन्य महिलाओं ने प्रमुख रूप से अपनी उपस्थिति देकर कामकाजी व लेबर क्लास महिलाओं को सौभाग्य का कुमकुम लगाया।

गरीब महिलाओं का कल्याण और उनकी मदद करना ही प्रमुख उद्देश्य - गंगवानी

आयोजित कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा के दौरान दृढ़ शक्ति फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष बरखा नाग गंगवानी ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य गरीब महिलाओं का कल्याण और उनकी हरसंभव मदद करना है। कामकाजी महिलाओं को शासन की योजनाओं के माध्यम से लाभांवित करवाना और उन्हें बेहतर जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है। जिसको लेकर फाउंडेशन समय-समय पर कामकाजी महिलाओं को काम के बीच में कुछ पल आनंद के साथ रहने का अवसर कार्यक्रमों के माध्यम से उपलब्ध करवाता है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओ को हल्दी-कुमकुम के साथ ही ड्रा, खेल, सुंदर महिला के पुरस्कार के साथ ही सभी को एक पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में पहुंची कामकाजी महिलाओं ने इस आयोजन में शरीक होकर आनंद का अनुभव किया। उन्होंने आगे बताया कि आगामी समय में इन महिलाओं के लिए समय समय पर इसी तरह के अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाएगा

पेपर लीक संबंधी भ्रामक और अवैधानिक गतिविधियों पर रोक के लिये होगी कठोर कार्यवाही

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रदेश में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के सफलतापूर्वक संचालन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग सतर्कतापूर्वक कार्य कर रहा है। प्रदेश में कक्षा 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी से एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 6 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा के प्रश्न पत्र गोपनीयता के साथ निर्धारित केन्द्रों तक पहुँचे और बच्चे तनाव मुक्त वातावरण में परीक्षा दें, यह सुनिश्चित करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग योजनाबद्ध रूप से कार्य कर रहा है। आयुक्त, लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिये विशेष कदम उठाये गये हैं।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह के निर्देश

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्रों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये थे। इसी के अनुपालन में विभाग समुचित कार्यवाही सुनिश्चित कर रहा है।

प्रश्न पत्रों को लेकर सावधानी

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा तय प्रक्रियाओं के अनुसार परीक्षाओं के संचालन के लिये तैनात अमले द्वारा मोबाइल का प्रयोग परीक्षा केन्द्र में नहीं किया जाएगा। प्रश्नपत्र का पैकेट परीक्षा केन्द्र में ही खोला जाएगा। परीक्षा कार्य से जुड़े अमले को विशेष निर्देश जारी किये गये हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बनाये गये परीक्षा कंट्रोल रूम में इस वर्ष लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय में एक मॉनिटरिंग रूम भी बनाया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रश्न पत्र की गोपनीयता बनाये रखने के लिये इस वर्ष सभी परीक्षा केन्द्रों के लिये कलेक्टर द्वारा एक-एक प्रतिनिधि की नियुक्ति की गई है, जो प्रश्न पत्र को थाने से परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा कक्षों तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने की कार्यवाही में शामिल रहेंगे। इस पूरी कार्यवाही को एप के माध्यम से भी मॉनिटर किया जाएगा। आयुक्त लोक शिक्षण ने बताया कि सोशल मीडिया के टेलीग्राम व्हाट्सएप आदि प्लेटफार्म पर पेपर लीक करने संबंधी अवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिये साइबर सेल द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसके लिये साइबर सेल और विभाग की बैठकें नियमित रूप से हो रही हैं।

जन जागरूकता अभियान

पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी फैलाये जाने और धोखाधड़ी का प्रयास करने जैसी अवैधानिक गतिविधियों से शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग व्यापक जागरूकता अभियान संचालित कर रहा है। इसके लिये स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह का वीडियो संदेश, लघु फिल्म, समाचार पत्रों, दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित एक्स (ट्विटर) और फेसबुक जैसे अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी उपयोग किया जा रहा है। विभाग ने परीक्षा कार्य से जुड़े मैदानी अमले को बोर्ड के दिशा-निर्देशों का बड़ी सावधानीपूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये हैं।

हेल्पलाइन

माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड का टोल फ्री नम्बर-1800-2330175 प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित हो रहा है। टोल फ्री नंबर पर बच्चों को परीक्षा में तनाव रहित रहने के उपाय के साथ अन्य उपयोगी जानकारी भी दी जा रही है।

मेरा बूथ-सबसे मजबूत पर भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला

गांव चलो-बूथ चलो, विस्तार अभियान, महिला शक्ति संपर्क को लेकर हुई बैठक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश व जिला संगठन भाजपा के निर्देशों पर बूथ तक संगठन विभिन्न अभियानों में जुट गया है। देश में भाजपा नीत सरकार के साथ यशस्वी नेता नरेन्द्र मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने,प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर भाजपा का परचम लहराने तथा बालाघाट-सिवनी संसदीय सीट पर फिर एक बार भाजपा की जीत के लिये कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जिला भाजपा कार्यालय में बालाघाट नगर मण्डल की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें गांव-चलो-बूथ चलो, बूथ विस्तार, महिला शक्ति संपर्क अभियान के साथ ही भाजपा ज्वाईन कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई। साथ ही अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य मंदिर निर्माण होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ध्वनिमत से धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर हर्ष व्यक्त किया गया। आयोजित बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर श्रीमती रेखा गौरीशंकर बिसेन, भाजपा ज्वाईन जिला संयोजक अभय सेठिया, शक्ति केन्द्र बैठक प्रभारी जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, विधानसभा संयोजक अनिल धुवारे, बूथ योजना विस्तार प्रभारी मनोज हरिनखेड़े, सहप्रभारी खेमेन्द्र गौतम, गणेश अग्रवाल, जिला मंत्री कुणाल एलकर, नगर अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर, भाजपा पार्षदगण, शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य वक्ता रेखा बिसेन ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक ऐसा संगठन है जो हमेशा सक्रिय रहता कार्यकर्ता व विचारधारा ही संगठन की ताकत है। चुनाव संगठन की एकजुटता को प्रदर्शित करने व सेवा करने का माध्यम होता है, हमारी सरकार लोककल्याण की योजनाओं का संचालन करती है अंत्योदय का लक्ष्य लेकर हम चलते हैं इसलिए जनता में भी हमारे संगठन के प्रति विश्वास गहरा होता है और अंतिम पंक्ति का व्यक्ति भी आज यह महसूस कर सकता है कि भाजपा की योजना और जनहितैषी कार्य धरातल पर है। आगामी लोकसभा चुनाव में हमें उसी ऊर्जा के साथ जनता के बीच पहुंचना है, हमारा प्रत्याशी कोई भी हो किंतु निशान केवल कमल का फूल होता है यही हमारी पहचान है और इसी के लिये हम संघर्ष करते हैं।

भाजपा ज्वाईन अभियान में जोड़ेंगे 2100 सदस्य

बैठक में अभय सेठिया ने बताया गया कि भाजपा संगठन विश्व का सबसे बड़ा कार्यकर्ताओं वाला संगठन है यहां नियमित तौर पर कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ती ही चली जा रही है, ऊर्जावान कार्यकर्ता उत्साह के साथ संगठन के कार्यो में जुटे रहते है, इसी दृष्टिकोण को लेकर बालाघाट नगर मण्डल के तहत 2100 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाकर भाजपा की विचारधारा एवं कार्यकलापों में समाहित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसपर नगर अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे संगठन की क्षमता और विस्तार को लेकर जैसा संगठन का निर्देश है उसी के तहत भाजपा की रीति-नीति से अवगत कराते हुए संगठन में शामिल कराया जायेगा। आगामी समय में भव्य समारोह के तहत इन कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई जायेगी। साथ ही कहा गया कि जिला संगठन द्वारा भाजपा महिला मोर्चा को स्वसहायता समूह और एनजीओ से संपर्क करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में बताया गया कि भोपाल में आयोजित शक्ति वंदन महिला स्वयं सहायता समूह और एनजीओ संपर्क अभियान कार्यशाला में मार्गदर्शन दिया गया है।

भव्य राम मंदिर निर्माण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित

बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है एवं भव्य राम मंदिर का निर्माण किया गया है। भाजपा की विचारधारा ने इस दिशा में सतत संघर्ष किया है जिसका प्रतिफल 22 जनवरी को प्रत्यक्ष रूप में साकार हुआ कि रामलला का भव्य मंदिर बना है और प्राण प्रतिष्ठा हुई है। इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धन्यवाद के पात्र है। बैठक में सामुहिक रूप से धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर कहा गया कि लगभग पांच शताब्दियों की तप-तपस्या, साधना अयोध्याधाम में राम मंदिर निर्माण को लेकर पूरी हुई है। अनगिन हुतात्माओं का बलिदान सार्थक हुआ है। रामभक्तों की भावनाओं ने आकार लिया और संपूर्ण विश्व आराध्य राम की भक्ति में लीन रहा है।

आज से 3 दिनों तक होगी शक्ति केन्द्रों की बैठक

बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि शक्ति केंद्र की बूथ टीम की कार्यशाला भी आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि कहा कि भाजपा सेवा ही संगठन है, इसमें विश्वास कर जनता के बीच सदैव काम करती है। प्रधानमंत्री राष्ट्र हित में जो कहते हैं वह काम पूरा भी करते हैं। इसलिए देश की जनता का अटूट विश्वास भाजपा पर है। आपदा एवं संकट की घड़ी में भाजपा कार्यकर्ता सदैव सेवा कार्य में अग्रसर रहे हैं। लोककल्याण की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया है। कार्यकर्ताओं में आगामी लोकसभा चुनाव में जीत का संकल्प दिलाने तथा बूथ को मजबूत करने के लिये विशेष रूपरेखा संगठन ने तैयार की है जिसे लेकर 5,6,7 फरवरी से 3 दिनों तक जिला भाजपा कार्यालय सहित नगर के अलग-अलग स्थानों में बैठक आहूत की गई है, जिसमें शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ विस्तारक एवं कार्यकर्ताओं से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

ग्राम मोरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

लामता(पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय लामता की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत मोरिया में क्षेत्रीय निर्देशक मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ डॉक्टर अशोक श्रोती, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ.आर के विजय, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा आरडीवीवी जबलपुर जिला संगठक डॉक्टर निर्मल चक्रधर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुनीता वैद्य के निर्देशानुसार कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर डुलेश्वरी टेंभरे के मार्गदर्शन में दिनांक 04 /02 /2024 से 10/02/ 2024 तक लगाया गया है। सर्वप्रथम प्रातः 11:00 बजे जन भागीदारी अध्यक्ष विनोद बोथरा जी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शिविरार्थियों को शिविर स्थल की ओर रवाना किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत मोरिया में दोपहर 2:00 बजे सरपंच श्रीमती श्याम कला इंदुरकर के मुख्य आतिथ्य जन भागीदारी अध्यक्ष विनोद बोथरा जी की अध्यक्षता उप सरपंच कीर्ति पुरी गोस्वामी , ग्रामीण जन महाविद्यालय से डॉक्टर वंदना दीक्षित श्रीमती राजेश्वरी त्रिपाठी राव देशमुख की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर 7 दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया और शिविरार्थियों को शुभकामनाएं दी गई। उक्त शिविर में 28 लड़कियां 22 लड़के 5 वरिष्ठ स्वयंसेवक पांच ग्रामीण स्वयंसेवक कुल 60 स्वयंसेवक ने भाग लिया है। शिविर प्रभारी योगेश तुरकर शिविर नायक विकास बिसेन शिविर नायिका ललिता मरकाम और शिविर का मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर डुलेश्वरी टेंभरे के द्वारा किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जन स्वच्छता के आधार पर लगाया गया है। शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, एड्स के प्रति जागरूकता, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, कैरियर मतदान जागरूकता कार्यक्रम आदि करवाए जाएंगे।

उकवा में निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

उकवा (पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत उकवा में विगत शुक्रवार को दो स्थानों पर निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। सरपंच अनसूईया क्षत्रिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उकवा के दुगलटोला वार्ड क्रमांक 1 में 13 लाख 92000 की लागत से 400 मीटर लंबी नाली का निर्माण किया जाएगा इस तरह वार्ड नंबर 2 में 263 000 से 92 मीटर लंबी नाली का निर्माण किया जाएगा इस तरह वार्ड क्रमांक 12 में एकलव्य स्कूल के पास 850000 की लागत से 100 मी सीमेंट कंक्रीट सड़क सहित दोनों और नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा समस्त निर्माण कार्य का भूमि पूजन सरपंच अनसूईया क्षत्रिया उपसरपंच शिव शंकर तिवारी तथा वार्ड पंच सविता सोना सृष्टि उत्कल नंदा परमानंद पारधी संजीव अग्रवाल श्रीमती प्रतिभा मेश्राम आरती भारद्वाज रमेश कुमरे जैक्सन क्रिस्टो चरण ललिता रौतिया अंबिका छत्रियां धारा भूमि पूजन किया गया इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 12 के भारी संख्या में नागरिक उपस्थित थे सभी निर्माण कार्य 15 वी वित्त आयोग की राशि से निर्मित किया जाएंगे वार्ड वासियों द्वारा निर्माण कार्य के भूमि पूजन एवं निर्माण पर हर्ष व्यक्त किया गया।

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय एस एस पी महाविद्यालय, वारासिवनी जिला- बालाघाट (मप्र.)

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा B-Grade प्राप्त)
07633-253065 (0) FAX NO 07633-253065
E-mail: hegspalewarbal@mp.gov.in Website www.mp.gov.in/highereducation/gsspcbgt

क्रमांक /145/2024 वारासिवनी दिनांक = 02/02/2024.

(स्ववित्तीय पाठ्यक्रम हेतु)

शासकीय एस0एस0पी0 महाविद्यालय वारासिवनी जिला-बालाघाट में जनभागीदारी समिति द्वारा संचालित पाठ्यक्रम में शैक्षणिक कार्य हेतु दिनांक 20.02.2024 को कार्यालयीन समय तक सचिव जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी की ओर से सत्र 2023-24 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। उम्मीदवारों का चयन मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक F-1-42/2017/38-1 भोपाल दिनांक 17.12.2019 के अनुसार वरिष्ठता क्रम निर्धारित किया जावेगा।

क्र	विषय	पद संख्या	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	मानदेय
1	विधि जनभागीदारी	03	55 प्रतिशत अंक स्नातकोत्तर	जनभागीदारी समिति द्वारा निर्धारित मानदेय
2	गणित जनभागीदारी	01	55 प्रतिशत अंक स्नातकोत्तर	जनभागीदारी समिति द्वारा निर्धारित मानदेय
3	हिन्दी जनभागीदारी	01	55 प्रतिशत अंक स्नातकोत्तर	जनभागीदारी समिति द्वारा निर्धारित मानदेय

आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य जानकारी-

> आवेदन केवल पंजीकृत डाक से ही निर्धारित अवधि तक स्वीकार किये जायेगे।
> बायोडाटा सहित आवेदन पत्र जिसमे सलग्न प्रपत्रो का उल्लेख हों। (प्रपत्रों की सूची संलग्न करें)
> प्रमाण पत्र 10 वीं, 12 वीं बोर्ड की अंकसूची, स्नातक, स्नातकोत्तर की अंकसूची एवं डिप्लोमा/ डिग्री की सत्यापित छायाप्रति ।
> पीएच-डी0/एम.फिल/नेट/ स्लेट उत्तीर्ण परीक्षा की सत्यापित छायाप्रति।
> विधि शिक्षण कार्य हेतु बार कौंसिल ऑफ इण्डिया के नियमों का पालन किया जायेगा।
> अनुभव प्रमाण पत्र। (केवल शासकीय महाविद्यालय)
> पद पूर्णतः अस्थायी व महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माने जायेंगें और वे लोकसेवक की विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक नहीं माने जायेंगें।
> मानदेय का निर्धारण व भुगतान जन्मागीदारी समिति के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत् होगा।
> आमंत्रण जनभागीदारी समिति द्वारा निर्धारित अवधि के लिए होगी, तथा आमंत्रण बिना पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकेगा।
> उम्मीदवार को आंमत्रित करने का निर्णय सचिव जनभागीदारी समिति के विवेक एवं आवश्यकता पर निर्भर होगा।
> किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय सचिव, जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय, वारासिवनी का होगा।
> कार्य में अनियमितता/शिकायत के कारण आमंत्रण समाप्त किये गये जनभागीदारी शिक्षक / अतिथि विद्वान आवेदन करने के पात्र नहीं होगे एवं आमंत्रण के समय इस आशय का शपथपत्र दिया जाना होगा।

नोटः-

1. पदों की संख्या एवं मानदेय जनभागीदारी समिति द्वारा छात्र संख्या के अनुसार परिवर्तित किया जा सकेगा।
2. चयन प्रक्रिया मेरिट आधार पर शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत होगी।
3. आवेदक जिनके स्नातकोत्तर परीक्षा परिणाम ग्रेड पॉईंट में दिये गये हैं वे संबंधित विश्वविद्यालय के नियमानुसार ग्रेड पाईंट को प्रातांक प्रतिशत में परिवर्तित कर इनका उल्लेख आवेदन पत्र में करेंगे। इसके अभाव में उनकी मेरिट की गणना संभव नहीं हो पाएगी महाविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्राचार्य /सचिव
जनभागीदारी समिति
शास.महा.वारासिवनी

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बुदबुदा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

कक्षा 10वीं की आज से,तो कक्षा 12वीं की कल से शुरू होगी वार्षिक परीक्षा

कुल 133 केंद्रों में बोर्ड परीक्षा का होंगा आयोजन, 43 हजार से अधिक बच्चे परीक्षा में होंगे शामिल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। माध्यमिक शिक्षा मंडल वाशिम के निर्देशानुसार बोर्ड परीक्षाओं का आगाज किया जा रहा है। जहां सोमवार 5 फरवरी से कक्षा 10वीं की, तो वही मंगलवार 6 फरवरी से कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू की जाएगी माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल से मिले निर्देशों के अनुसार इस परीक्षा को संपन्न कराने की तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई है जिसके तहत बोर्ड परीक्षा को नियमानुसार शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले में 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं के विद्यार्थी विभिन्न प्रश्न पत्रों को हाल करेंगे। जिसकी तमाम तैयारियां रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों में पूर्ण की जा चुकी है। जहां जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशों के अनुसार तमाम परीक्षा केंद्रों में रोल नंबर, बच्चों की बैठक की व्यवस्था, पानी पीने के इंतजाम सहित अन्य व्यवस्थाएं बनाई गई है। बताया जा रहा है कि 5 फरवरी को कक्षा दसवीं के 23,822 विद्यार्थी प्रश्न पत्र हल करेंगे। तो वही 6 फरवरी को कक्षा 12वीं के 19,665 विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। इस तरह कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के 43000 से अधिक विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होकर प्रश्न पत्र हल करेंगे।

यह है परीक्षा का शेड्यूल

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए जारी किए गए टाइम टेबल के अनुसार कक्षा 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी से लेकर 28 फरवरी तक होंगी। तो वही कक्षा12वीं की परीक्षा 6 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक आयोजित होगी। वहीं प्रैक्टिकल एग्जाम सामान्य छात्रों के लिए 5 मार्च से 20 मार्च और प्राइवेट छात्रों के लिए 6 फरवरी से 5 मार्च के बीच आयोजित किये जाएंगे।वही परीक्षा के साथ साथ प्रैक्टिकल परीक्षा भी सम्पन्न कराई जाएगी।

सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित होंगी परीक्षा

बोर्ड द्वारा जारी किए गए टाइम टेबल के अनुसार एमपी बोर्ड की पराक्षाएं एक शिफ्ट में आयोजित की जाएंगी. बोर्ड परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी. कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की परीक्षा हिंदी विषय के पेपर के साथ शुरू होगी। साथ ही प्रैक्टिकल के सम्पन्न कराए जाएंगे।

43 हजार से अधिक बच्चे देंगे परीक्षा

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 5 और 6 फरवरी से शुरू होने वाली कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं की परीक्षाओं को संपन्न करने के लिए जिले में 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां 43 हजार से अधिक बच्चे बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे इसमें कक्षा हाई स्कूल कक्षा दसवीं के 22,308 नियमित बच्चे, तो वही हाई सेकेंडरी स्कूल कक्षा 12वीं के 18,228 बच्चे परीक्षा में शामिल होंगे। तो वहीं कक्षा दसवीं के 1514 स्वाध्यायी बच्चे और कक्षा 12वीं के 1437 स्वाध्यायी बच्चे भी नियमित विद्यार्थियों के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र हल करेंगे। इस तरह वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं की इस बोर्ड परीक्षा में 43,487 बच्चे शामिल होंगे।

कक्षा 10-12 वी का टाइमटेबल

एमपी बोर्ड द्वारा जारी किए गए टाइमटेबल के अनुसार कक्षा दसवीं परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलेगी जिसमे 5 फरवरी को हिंदी और उर्दू, 9 फरवरी को संस्कृत,13 फरवरी को गणित,15 फरवरी को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी (केवल मूक-बधिर छात्रों के लिए) - पेंटिंग (केवल नेत्रहीन छात्रों के लिए) - संगीत,19 फरवरी को अंग्रेजी,22 फरवरी को विज्ञान, 26 फरवरी को सामाजिक विज्ञान,28 फरवरी को एनएसक्यूएफ की परीक्षा होंगी।

कक्षा 12 वी का टाइमटेबल

कक्षा 12 वी की परीक्षा 6 फरवरी से शुरू होंगी जहा 6 फरवरी को हिंदी,8 फरवरी को अंग्रेजी,12 फरवरी को भौतिकी, अर्थशास्त्र, पशुपालन, दुग्ध व्यापार मुर्गी पालन एवं मत्स्य पालन, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास, वोकेशनल कोर्स (वीओसी) का प्रथम प्रश्न पत्र होंगा तो वही 16 फरवरी को जीवविज्ञान,17 फरवरी को इंफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिस,20 फ़रवरी को संस्कृत,21 फरवरी,को रसायन विज्ञान, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि के लिए उपयोगी विज्ञान और गणित के तत्व, ड्राइंग और पेंटिंग, गृह प्रबंधन, पोषण और कपड़ा,27 फरवरी को गणित,28 फरवरी को शारीरिक शिक्षा, एनएसएफक्यू, 29 फरवरी 2024 को राजनीति विज्ञान, 3 मार्च को भूगोल,क्रॉप प्रोडक्शन एंड हार्टिकल्चर, स्टील लाइफ एंड डिजाइन, एनोटोमी फिजियोलॉजी एंड हेल्थ और 5 मार्च को उर्दू/मराठी की परीक्षा ली जाएगी।

लोकसभा चुनाव के चलते एक महापूर्व कराई जा रही एग्जाम

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल ने वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तिथियों का ऐलान आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जिसके मुताबिक पिछले वर्षों की तुलना में इस बार 1 महीने पहले बोर्ड परीक्षा कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि अप्रैल-मई 2024 में लोकसभा चुनाव होना है। चुनाव के दौरान शिक्षकों की ड्यूटी रहती है वहीं चुनाव में स्कूलों को भी पोलिंग बूथ बनाया जाता है। जिसके चलते माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षाओं को एक महा पूर्व ही संपन्न करने का यह फैसला लिया है।

तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई है- उपाध्याय

कक्षा 10वीं,12वी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय ने बताया कि बोर्ड से मिले निर्देशों के अनुसार बोर्ड परीक्षा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इन परीक्षाओं को संपन्न करने के लिए जिले में 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां रोल नंबर लिखकर कंप्लीट किया जा चुका है। कल से कक्षा दसवीं तो वहीं मंगलवार से कक्षा 12वीं की परीक्षा शुरू हो जाएगी। परीक्षा में नकल को रोकने और इन परीक्षाओं का संपादन नियमानुसार व शांतिपूर्वक संपन्न करने के तमाम इंतजाम किए गए हैं कलेक्टर महोदय द्वारा उड़ान दस्ता टीम का गठन किया गया है।यह टीम भी इन परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेगी।

वन विभाग और खैरी ग्राम के ग्रामीणों के बीच हुई कहासुनी

मामला पहुंचा थाना कोतवाली

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वन विभाग और खैरी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के बीच उस समय कहासुनी की स्थिति निर्मित हो गई ,जब ग्राम खैरी का एक ट्रैक्टर घरेलू उपयोग के लिए खैरी घाट से नदी की रेत निकालने गया हुआ था, जिसे वन विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए रोक लिया गया, किंतु कुछ ग्रामीणों द्वारा वन विभाग से कहासुनी करते हुए ट्रैक्टर को पुन: ग्राम खैरी ला लिया गया। पूरा मामला कोतवाली थाने

पहुंच गया । जिसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा दूरभाष पर जानकारी दी गई कि उक्त मामले में वन विभाग द्वारा लिखित शिकायत देने पर कार्यवाही की जा रही है। आपको बता दे की जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत खैरी में 4 फरवरी को वन विभाग के अधिकारी और खैरी ग्राम पंचायत के कुछ ग्रामीणों द्वारा कहासुनी की स्थिति निर्मित हो गई, वन विभाग के अधिकारियों द्वारा अनौपचारिक चर्चा में बताया गया कि सूचना मिलने पर वन विभाग वनकर्मी खैरी ग्राम पंचायत के खैरी घाट की ओर अपने अमले के साथ गए हुए थे, तभी एक ट्रैक्टर जिसका वाहन क्रमांक MP-50 .AA-1665 जो रेत लेकर खैरी की ओर जा रहा था ,जिसे वन विभाग के अमले द्वारा रोका गया किंतु ट्रैक्टर के वाहन चालक द्वारा ट्रैक्टर खड़ा कर गांव की ओर चला गया , उसके बाद गांव से कुछ 25 से 30 लोग आकर वह वन विभाग के हमले से कहासुनी करने लगे, एवं जब उन्होंने रेत की रॉयल्टी मांगी गई तो उनके द्वारा भोमोडी घाट की रॉयल्टी दिखाई गई , इसके बाद वह वन विभाग से कहासुनी कर ट्रैक्टर को लेकर ग्राम में चले गए । वन विभाग के अमले द्वारा उक्त ट्रैक्टर की शिकायत कोतवाली थाने में की गई वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी कोतवाली में जमा हो गए एवं खैरी ग्राम के 15 से 20 लोग वह भी आकर कोतवाली थाने में पहुंच गए , फिर वन विभाग द्वारा कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दी गई जिस पर हमारे द्वारा जब कोतवाली थाना प्रभारी से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि वन विभाग द्वारा लिखित में शिकायत की गई है जिस पर कार्रवाई की जा रही है ।

पत्नी के साथ हुए विवाद में पति ने किया थाइमेट का सेवन

जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पति पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद से आहत पति ने कीटनाशक दवा थाइमेट

का सेवन कर लिया।जिससे उसकी तबीयत खराब होने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कीटनाशक दवा थाइमेट का सेवन करने वाले व्यक्ति का नाम थाना वारासिवनी ग्राम डोंगरिया निवासी 36 वर्षीय राजू पिता धनीराम मात्रे बताया गया है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजू मात्रे ड्राइवर है। जो ट्रक चलाने का काम करता है।बताया जा रहा है कि राजू के 12 और 13 वर्ष के दो बच्चे हैं। जिसका अपनी पत्नी मनीषा मात्रे के साथ आए दिन कुछ ना कुछ बातों को लेकर विवाद होते रहता है। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह भी राजू और उसकी पत्नी मनीषा का किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया जहां तू-तू, मैं-मैं से शुरू हुआ यह विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि पति राजू ने आवेश में आकर कीटनाशक दवा थाइमेट का सेवन कर लिया।जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई और उसे चक्कर आने लगे, पूछे जाने पर उसने अपनी पत्नी मनीषा को थाइमेट का सेवन करने की बात बताई।जिस पर उसके परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है।

टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

मंगेझरी व गायखुरी के बीच होंगी खिताबी भिड़ंत, मंगेझरी ने एक ही दिन में लगातार जीते दो मैच

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारत माता सेवा समिति के तत्वाधान में 26 जनवरी से स्थानीय जागपुर घाट ग्राउण्ड गायखुरी में खेली जा रही टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के 10 वें दिन रविवार को अंतिम क्वाटर फाइनल मैच दोपहर 12 बजे से कैपरी इलेवन बालाघाट व मंगेझरी वारासिवनी के बीच खेला गया। जिसमें कैपरी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 10 ओवर में 115 रन बनाये। जवाब में मंगेझरी टीम के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुये 105 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर में पार कर जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके पूर्व तुमाड़ी टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई थी। रविवार को ही मंगेझरी वारासिवनी व तुमाड़ी इलेवन के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमें मंगेझरी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 99 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी तुमाड़ी की टीम 95 रन ही बना पाई। इस तरह मंगेझरी की टीम ने एक ही दिन में दो मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुये फाइनल में जगह बनाकर गांव का नाम रोशन किया है ये हमारे लिये गर्व की बात है। उन्होंने आयोजन समिति की भी सराहना करते हुये कहा कि प्रतिभाओं को उभारने के लिये इस तरह का आयोजन किया जाना चाहिए।

खिलाड़ियों की प्रतिभा निहारने आयोजन होने चाहिए- रोकड़े

मैच में अतिथि के रूप में मंगेझरी के सरपंच लोकचंद रोकड़े बताया कि गांव की प्रतिभा को उभारने के लिये उनके द्वारा टूर्नामेंट में अपनी ओर से प्रवेश शुल्क भरा गया। टीम के खिलाड़ियों ने

प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज -गोयल

इस संबंध में आयोजन समिति के अध्यक्ष रंजीत गोयल ने बताया कि इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच मंगलवार को वैनगंगा क्रिकेट क्लब गायखुरी व मंगेझरी इलेवन वारासिवनी के बीच खेला जाएंगा। टूर्नामेंट में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 55,551 रूपये, ट्राफी और उपविजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार 25,551 रूपये व ट्राफी प्रदान किया जाएंगा। आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों ने खेल प्रेमी दर्शकों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर मैच का आनंद उठाने की अपील की है।

एक ही रात में पुलिस ने 87 वारंटियो को किया गिरफ्तार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में अपराध और अपराधियों को लेकर पुलिस ने काम्बिंग गश्त अभियान छेड़ दिया है। ताकि भविष्य में गुंडा-बदमाशो और असामाजिक तत्वों को अशांति फैलाने से रोका जा सके। इसी कड़ी में गत 03 फरवरी की रात्रि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पूरे जिले के थाना और चौकियो में काम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। जिसमें 5 राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी और 182 पुलिसकर्मियों ने गश्त करते हुए 87 गिरफ्तारी और तामिल स्थाई वारंटियो को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही पुलिस बल ने 21 जिला बदर, 56 निगरानी बदमाश, 68 गुंडे बदमाशो को चेक किया। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीण थाना अंतर्गत जिला बदर कानून का उल्लंघन करते हुए जिला बदर का आरोपी 29 वर्षीय हैतराम उर्फ हेतु पिता चतुरदास सौलखे को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा आगामी समय में भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

तीन बैलों को क्रुरता पूर्वक मारते पीटते ले जाते पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ किया मामला दर्ज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर तहसील ग्राम लामता में एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने तीन बैलों को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते ले जाने का मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शिवचरण पिता भैया लाल लिल्हारे उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नंबर एक ग्राम गुडरुटोला थाना चांगोटोला पर तीन बैलों को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते ले जाने के मामले में धारा 4, 6, 9 गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 11 (घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

सर्व आदिवासी समाज ने आदिवासी भवन में की बैठक, लोकसभा चुनाव को लेकर बनायी रणनीति

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सर्व आदिवासी समाज के द्वारा लोकसभा चुनाव में सर्व आदिवासी समाज से प्रत्याशी उतारे जाने को लेकर एक बैठक आदिवासी समाज के भवन में आयोजित की गई, किंतु उपस्थिति अधिक नहीं होने की वजह से इस बैठक में किसे लोकसभा चुनाव लड़ाया जाएगा यह सुनिश्चित नहीं हो पाया जिसको लेकर आगामी बैठक में सर्व आदिवासी समाज

लोकसभा चुनाव किसे लड़ना है यह निर्धारित करेगा। आपको बता दे की कुछ ही महीना बाद देश में लोकसभा चुनाव होने हैं जिसको लेकर सभी राजनीतिक पार्टी और सामाजिक बंधु अपने-अपने स्तर पर तैयारी में जुट गए हैं, इसी प्रकार सर्व आदिवासी समाज द्वारा भी लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी की जा रही है ,इसी को देखते हुए 4 फरवरी को सर्व आदिवासी समाज के द्वारा दसो ब्लॉक सहित सिवनी, बरघाट के सर्व आदिवासी सामाजिक बंधु के साथ एक बैठक जिले के आदिवासी भवन में आयोजित की गई, किंतु संख्या अधिक नहीं होने की वजह से इस बार बैठक में यह निर्णय नहीं लिया गया कि किसे लोकसभा चुनाव लड़ाया जाएगा, वही मीडिया से चर्चा करते हुए बिरसा तहसील के जिला अध्यक्ष हेमलाल धुर्वे द्वारा बताया गया कि उन्होंने यह निर्धारित किया है कि अब आदिवासी समाज से भी लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी की जा रही है , क्योंकि वह चाहते हैं कि सिवनी बालाघाट में आदिवासी समाज का अधिक बहुमत है और इस बहुमत से वह अपने किसी आदिवासी भाई को लोकसभा चुनाव में खड़ा कर सांसद बनाएं, किंतु इस बार बैठक में अधिक संख्या नहीं होने की वजह से इस बैठक को कुछ ही दिनों बाद आयोजित कर किसे चुनाव लड़ना है यह निर्धारित किया जाएगा।

अन्तर्राज्यीय बौद्ध धम्म सम्मेलन संपन्न

बाबा साहब के भारत को बौद्धमय बनाने के सपनों को पूरा करने का लिया संकल्प

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट द्वारा रविवार को नगर के कमला नेहरू सभागार में अन्तर्राज्यीय बौद्ध धम्म सम्मेलन का आयोजन किया गया।जहा आयोजित इस अन्तर्राज्यीय बौद्ध धम्म सम्मेलन में कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के आगमन के साथ हुई। जहां बारी-बारी से जिले के समस्त पदाधिकारी ने फूल मालाओं से उनका स्वागत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. बाबा साहब व गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर के भारत को बौद्धमय बनाने के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। जहां विभिन्न वक्ताओं ने मंचासीन होकर समाज संगठन के विभिन्न कार्यों पर चर्चा की, तो वहीं समाज से रूढ़िवादिता मिटाने, समाज संगठन को एकजुट कर मजबूत करने, एक दूसरे के काम आने और एक दूसरे का भरपूर सहयोग कर समाज संगठन को आगे बढ़ाने सहित विभिन्न मुद्दों

पर अपने विचार रखे, वही कुछ वक्ताओं ने देश की राजनीति, स्वतंत्रता संग्राम, समाज का भविष्य आदि बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय संविधान का गुणगान किया तो वहीं ज्यादातर वक्ताओं ने डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही। इस दौरान प्रमुख अतिथि के रूप में दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजरत्न आम्बेडकर मुंबई, अध्यक्षता भदन्त प्रोफे. डॉ.चन्द्रकीर्ति, विशिष्ट अतिथि मुकुल बौद्ध दि बुद्धिस्ट सोसायटी प्रांतीय अध्यक्ष म.प्र सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

भारत को बौद्धमय बनाने के सपनों को साकार करना है-राजरत्न आंबेडकर

इस दौरान डॉ. राजरत्न आंबेडकर ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुये कहा कि डॉ. बाबा साहब के भारत को बौद्धमय बनाने के सपनों को साकार करने के लिये हम सभी को प्रयास करना होगा। बौद्ध धर्म सभी को एकजुटता के साथ मानव से मानव में प्रेम व करूणा की भावना होना, अधिकारों व स्वाभिमान एवं अपनी स्वतंत्रता के लिये संघर्ष करना सीखाता है। दलित व पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ आज भी अन्याय व शोषण हो रहा है। हमें अपने हक व अधिकारों के लिये आवाज बुलंद करना होगा।

हमें संघर्ष सीखना है-चन्द्रकीर्ति

वही भदन्त डॉ. चन्द्रकीर्ति ने अपने संबोधन में बताया कि हमें संघर्ष सीखना है। अधिकारों के लिये स्वाभिमान व देश में इंसानियत को जिंदा रखने, कामयाबी व मानव मानव में प्रेम करने के लिये। उन्होंने युवाओं व बुजुर्गों से निवेदन किया कि आज के समय में समय व्यतीत करने के लिये लोग मोबाइल में गेम खेलते है। तीन माह तक गेम पर विराम लगाये व तीन माह तक समाज में व्यवस्था सुधार के लिये काम करें। जिससे देश की व्यवस्था कामयाबी की ओर जाएंगी और हमारा देश मजबूत होगा।

लकड़ी काटने जंगल गए व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बैहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम करेली से लकड़ी काटने भानपुर के जंगल गए एक व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतक का नाम ग्राम करेली निवासी 40 वर्षीय अशोक पिता छोटन कुकोटे बताया गया है। जिसके शव का पोस्टमार्टम कराने से उसके परिजनों ने जिला अस्पताल के चिकित्सकों को मना कर दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार बैहर के ग्राम करेली निवासी अशोक कुकोटे खेती-बाड़ी के साथ-साथ जंगल जाकर लकड़ी काटकर उसे बेचने का काम भी करता था। बताया जा रहा है कि आए दिनों की तरह अशोक शनिवार को अपने बड़े भाई दीप सिंह कुकोटे के साथ लकड़ी काटने के लिए भानपुर के जंगल गया था ,जहां गांव के अन्य लोगों के साथ लकड़ी काटने के बाद सभी लोग उसे इकट्ठी कर रहे थे तभी अचानक अशोक की तबीयत खराब हो गई ,उसे चक्कर आने लगे जिसकी जानकारी उसने अपने बड़े भाई दीपसिंह और अन्य साथियों को दी ।जिस पर उसे उपचार के लिए बैहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अशोक की नाजुक हालत को देखते हुए वहां के चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जहां रविवार की सुबह जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जब उसके परिजन अशोक को लेकर 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचे तो जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे घोषित कर दिया। फिलहाल यहां स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अशोक की मौत आखिर किस कारण से हुई है जिसकी मौत का पता लगाने के लिए जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम करने की सलाह दी, लेकिन उनके परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जिसके चलते मृतक के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

बोट्टा हुड़की चौक (हाईवे रोड़) में स्पीड़ ब्रेकर बनाने की उठी मांग

स्पीड़ ब्रेकर नही होने से हो रहे हादसे, पूर्व में हुए हादसों में दो लोग, 6 बकरी की हो चुकी है मौत, बना दुर्घटना पाइंट



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट से सिवनी पहुंच मार्ग के ग्राम पंचायत नेवरगांव ला. और कंजई के बीच स्थित बोट्टा हुड़की चौक में स्पीड ब्रेकर नही होने से आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है क्योंकि यह हाईवे मार्ग है और इस मार्ग पर दर्जनों ग्राम आते है जिनके द्वारा आवागमन किया जाता है। साथ ही इस चौक से एक मार्ग बोट्टा बांदरी तो दुसरे साईड से केवाटोला, मानुटोला की ओर जाता है। इस तरह से इस चौक से चार मार्ग की ओर प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों के द्वारा आवागमन किया जाता है और ग्रामीणजन भी स्पीड में वाहन हाईवे की ओर लेकर आते है। वहीं दूसरी ओर हाईवे मार्ग पर भी दोनों ओर स्पीड ब्रेकर नहीं होने से छोटे-बड़े दुपहिया, चौपहिया वाहन बिना रूके तेज गति से गुजरते है। इस स्थिति में कई बार अचानक वाहन के आ जाने से टक्कर होने के साथ ही दुर्घटनाएं भी घटित होते रहती है। गत १ फरवरी की रात करीब ९ बजे डम्फर की टक्कर से बोट्टा हुड़की चौक में मोटरसाइकिल में सवार चाचा-भतीजे की मौत हो चुकी है एवं दो लोग घायल हो गये थे। साथ ही पूर्व में ६ बकरी की भी डम्फर की टक्कर से मौत हो चुकी है और आये दिन दुर्घटनाएं घटित होते रहती है। इस तरह से यह स्थान दुर्घटना पाईट बन चुका है इसलिए बोट्टा हुड़की चौक में स्पीड ब्रेकर बनना चाहिए। स्पीड ब्रेकर बन जाने से वाहनों की गति कम होगी जिससे तेज गति से आ रहे वाहनों की गति नियंतित होगी और दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। राहगीरों एवं ग्रामीणजनों ने बोट्टा हुड़की चौक में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। वहीं दूरभाष पर लोक निर्माण विभाग के महाप्रबंधक दीपक आड़े से बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग के बोट्टा हुड़की में स्पीड ब्रेकर बनाने के संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया परन्तु संपर्क नही हो पाया।

बे-लगाम वाहनों की गति से हो रहे हादसे, प्रशासन मौन

आपकों बता दें कि बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग एक व्यस्तम मार्ग है और इस मार्ग से बड़े-छोटे चौपहिया एवं दुपहिया वाहनों से राहगीर एवं क्षेत्रीयजन आवागमन करते है। साथ ही इस मार्ग से चौपहिया एवं दुपहिया वाहन तेज गति से गुजरते है जिसके कारण हादसे घटित हो रहे है और बोट्टा हुड़की चौक से चार ओर रोड़ जाती है जिससे लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। चर्चा में राहगीर एवं ग्रामीणों ने बताया कि बालाघाट से सिवनी हाईवे पहुंच मार्ग स्थित नेवरगांव ला. व कंजई के बीच बोट्टा हुड़की चौक है जहां से बोट्टा बांदरी की ओर एक मार्ग तो दुसरा केवाटोला हाईवे रोड़ से बोट्टा बांदरी। वहीं कुछ दुर ट्रनिंग होने एवं मार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण आमने-सामने से बड़े वाहनों की तेज गति से आने के कारण मोटरसाइकिल व साइकिल चालकों को दिखाई नही देने के कारण हादसे घटित हो रहे है। अगर हाईवे रोड़ के साथ ही केवाटोला एवं बोट्टा मार्ग में स्पीड ब्रेकर बना दिया जाता है तो वाहन उक्त स्थान से धीमी गति से गुजरेगी जिससे दुर्घटनाएं भी नही घटेगी। वहीं कई बार ग्रामीणजनों के द्वारा बोट्टा हुड़की चौक में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग कर चुके है परन्तु कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। चर्चा में राहगीर एवं ग्रामीणों ने बताया कि बालाघाट से सिवनी हाईवे पहुंच मार्ग स्थित नेवरगांव ला. व कंजई के बीच बोट्टा हुड़की चौक है जहां से बोट्टा बांदरी की ओर एक मार्ग तो दुसरा केवाटोला की ओर गुजरता है। इन मार्गों पर रोजाना बड़ी संख्या में राहगीर एवं ग्रामीणजनों के द्वारा आवागमन किया जाता है परंतु स्पीड ब्रेकर नहीं होने से छोटे बड़े सभी वाहन बिना रूके बेलगाम तेज गति से दौड़ते है। जिससे राहगीरों को दूसरी ओर से आ रहे वाहन दिखाई नहीं पड़ते है और उनमें आपस में भिड़त हो जाती है। जिसके कारण दुर्घटनाएं दुर्घटनाएं घटित हो रही है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि बोट्टा हुड़की चौक हाईवे मार्ग के साथ ही बोट्टा, केवाटोला मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाये ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

स्पीड़ ब्रेकर नही होने से हो रहे हादसे - दुबेलाल

दुबेलाल कटरे ने बताया कि बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग पर स्थित बोट्टा हुड़की चौक में चार ओर से लोग आवागमन करते है परन्तु स्पीड ब्रेकर एवं सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण दुर्घटनाएं घटित हो रही है। गत दिवस डम्फर की टक्कर से दो लोगों की मौत हो चुकी है एवं पिछले वर्ष एक साथ ६ बकरी की मौत हुई थी क्योंकि हाईवे मार्ग होने के कारण स्पीड से चौपहिया, दुपहिया वाहन गुजरते है इसलिए हमारी मांग है कि बोट्टा हुड़की चौक में हाईवे मार्ग के दोनों साईड स्पीड ब्रेकर बनाया जाये ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

बोट्टा हुड़की चौक में बनाया जाये स्पीड ब्रेकर- अनिल

धारावासी पूर्व सरपंच अनिल उइके ने बताया कि बालाघाट-सिवनी मार्ग से रोजाना छोटे-बड़े वाहन तेज गति से गुजरते है और जब उन्हे तेज गति से वाहन चलाने के संबंध में चर्चा की जाती है तो वे बताते है कि समय मिलाना है और उनके समय मिलाने के चलते आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। जबकि आरटीओ विभाग को तेज गति से गुजर रहे वाहनों पर कार्यवाही करना चाहिए परन्तु ऐसा नही किया जाता है जिसके कारण हादसे घटित हो रहे है। श्री उइके ने बताया कि बोट्टा हुड़की चौक में गत दिवस डम्फर की टक्कर से चाचा-भतीजे की मौत हो चुकी है एवं पूर्व में भी हादसे हो चुके है। इस तरह से यह चौक एक दुर्घटना पाईट बन चुका है। जबकि इस मार्ग से रोजाना स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ ही ग्रामीणजन भी आना-जाना करते है परन्तु तेज गति से वाहनों के गुजरने के कारण हर समय दुर्घटना होने का डर बना रहता है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि बोट्टा हुड़की चौक हाईवे रोड़ में स्पीड ब्रेकर का निर्माण करवाये ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

नेवरगांव ला. के कक्षा ९ वीं, ११ वीं के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति - २०२० के तहत मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न राज्यों में विद्यालयीन शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिये स्टार्स प्रोजेक्ट (स्ट्रेंथनिंग टीचिंग लर्निंग एण्ड रिजल्ट्स फॉर स्टेटस) तैयार किया गया है। राष्ट्रीय आर्थिक संरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों में जीविकोपार्जन करने की दक्षता का विकास, कौशल अंतर को दूर करने, रोजगार बढ़ाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास बढ़ाने आदि के लिये विद्यार्थियों में कौशल बढ़ाने के लिए स्टार्ट प्रोजेक्ट के अंतर्गत विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ की गई है ताकि व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर वे स्वयं का रोजगार या किसी अन्य क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सके। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय से लगभग १० किमी. दूर ग्राम पंचायत नेवरगांव ला. स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा ९ वीं एवं ११ वीं के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को शुक्रवार को औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत लालबर्रा आईटीआई एवं जय जवान फिटनेस एजुकेशन अकादमी का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस औद्योगिक (शैक्षणिक) भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को आईटीआई में होने वाले ट्रेड, पढ़ाई, पढ़ाई करने के बाद कैसे रोजगार प्राप्त कर सकते है उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं छात्र-छात्राओं ने आईटीआई की गतिविधियों के बारे में जाना। चर्चा में शिक्षकों ने बताया कि नई शिक्षा नीति २०२० के तहत स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसके तहत व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जाती है ताकि वे पढ़ाई कर नौकरी नही लगने पर स्वयं का रोजगार शुरू कर सके। शुक्रवार को नेवरगांव ला. के कक्षा ९ वीं, ११ वीं के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं को लालबर्रा आईटीआई एवं अन्य स्थान का औद्योगिक (शैक्षणिक) भ्रमण करवाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि विद्यार्थियों को व्यावसायिक क्षेत्र में शिक्षा के माध्यम से उन्नत बनाना और आधुनिक व्यावसायिक क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूक और रूचि एवं प्रतिभा के आधार पर उनका मार्गदर्शन करना है। इस अवसर पर व्यावसायिक प्रशिक्षक ढालसिंह हनवत, वीरेंद्र ब्रम्हे, शिक्षिका अल्का साखला, प्रवीण बिसेन सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जाम में 2 लाख ईनामी अंतर्राज्यीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

पहले दिन दो मैच खेले गये, आज छत्तीसगढ़, भोपाल एवं जबलपुर, वर्धा के मध्य होगा मैच

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १२ किमी. दूर ग्राम पंचायत जाम में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन के नाम से पहचान बना रही एनसीसी क्रिकेट क्लब जाम के तत्वाधान में ४ फरवरी से २ लाख रूपये ईनामी अंतर्राज्यीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के प्रमुख आतिथ्य में प्रारंभ हुआ जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात् अंतर्राज्यीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रथम मैच तुमाड़ी वारासिवनी एवं सतना के मध्य खेला गया जिसमें तुमाड़ी वारासिवनी के खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत प्राप्त की। जिसके बाद दुसरा मैच ताज बम्हनी मंडला एवं नरसिंहपुर के मध्य खेला गया जिसमें नरसिंहपुर की टीम विजयी रही। वहीं ५ फरवरी को छत्तीसगढ़ और भोपाल एवं नानो इलेवन जबलपुर और वर्धा महाराष्ट्र के मध्य मैच खेले जायेगे एवं ६ फरवरी को फाइनल मैच के साथ ही २ लाख ईनामी अंतर्राज्यीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोहपूर्वक किया जायेगा। इस अंतर्राज्यीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से नामी-गिरामी टीमें शिरकत कर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है और खेलप्रेमी पहुंचकर उसका आनंद ले रहे है। वहीं ग्रामीण स्तर पर इतने बड़े क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने से क्षेत्र के खेलप्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है क्योंकि विभिन्न राज्यों की टीमों के खिलाड़ियों के खेल को देखकर क्षेत्र के खिलाड़ियों में भी नई ऊर्जा का संचार होगा और उन्हे बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत जाम में एनसीसी क्रिकेट क्लब के द्वारा २९ जनवरी से अंतर्राज्यीय एवं ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जा रहा है और २९ जनवरी से लेकर ३ फरवरी तक ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें तुमाड़ी वारासिवनी की टीम विजेता तो उपविजेता एनसीसी जाम की टीम रही। जिसके बाद ४ फरवरी से अंतर्राज्यीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की टीम शिकरत कर अपने खेल का प्रदर्शन कर रही है जिसे देखने लोगों की भीड़ लगने लगी है। जनपद सदस्य, आयोजन समिति पदाधिकारी जाहिद खान ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष में जाम में ग्रामीण एवं अंतर्राज्यीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है और ३ फरवरी को ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हो चुकी है जिसमें तुमाड़ी विजेता तो एनसीसी जाम उपविजेता रही है एवं ४ फरवरी से अंतर्राज्यीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया और प्रथम दिन तुमाड़ी वारासिवनी, सतना के मध्य मैच खेला गया जिसमें तुमाड़ी विजयी रही। वही दुसरा मैच ताज बम्हनी मंडला एवं नरसिंहपुर के मध्य खेला गया जिसमें नरसिंहपुर की टीम विजयी रही। श्री खान ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि खेल भावना को लोगों में जाग्रत करने के साथ ही ग्रामीण स्तर के प्रतिभाओं को अच्छा मंच प्रदान करना है। इस अंतर्राज्यीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में ८ से १० प्रदेशों की टीम शिकरत करने वाली है और अंकुरसिंह एवं कामरन आईपीएल में खेल चुके है ऐसे खिलाड़ी भी मैच खेलने आये है। साथ ही यह भी बताया कि ६ फरवरी को फाइनल मैच के साथ ही अंतर्राज्यीय क्रिकेट टुर्नामेंट का समापन किया जायेगा जिसमें प्रथम पुरस्कार २ लाख रूपये एवं द्वितीय पुरस्कार १ लाख रूपये एवं अन्य पुरस्कार रखे गये है। आयोजन समिति के पदाधिकारी डॉ. कपिल लिल्हारे, राजेश नगपुरे ने बताया कि ग्रामीण खिलाड़ियों को अच्छा मंच प्रदान करने के लिए ग्रामीण एवं अंतर्राज्यीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ३ फरवरी को ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हो चुकी है एवं ४ फरवरी से अंतर्राज्यीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है एवं ५ फरवरी को छत्तीसगढ़, भोपाल, जबलपुर, वर्धा महाराष्ट्र के मध्य मैच खेला जायेगा और ६ फरवरी को फाइनल मैच के साथ ही अंतर्राज्यीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील आयोजन समिति अध्यक्ष सत्येंद्र दमाहे, उपाध्यक्ष दुलीचंद नगपुरे, जनपद सदस्य जाहिद खान, रामदेव शाकुरे, सचिव सत्यनारायण श्रीवास, सहसचिव बब्बू भाई, कोषाध्यक्ष ग्राम सरपंच सुरेंद्र बलोने, कार्यक्रम प्रभारी देवराज ठकरेले, अशोक नगपुरे, राजीव लिल्हारे, योगेश लिल्हारे, शुभांक दमाहे, अशोक लिल्हारे, मीडिया प्रभारी विनोद धामड़े, संजय लिल्हारे, जावेद खान, आतिश लिल्हारे, धर्मेन्द्र ढांडे, एनसीसी क्रिकेट क्लब कमेटी अध्यक्ष डॉ. कपिल लिल्हारे, सचिव अखिलेश तिवारी, उपाध्यक्ष इरशाद खान, सउद खान, उमेश तिवारी, मैनेजर राजेश नगपुरे, कोच रमेश चौहान, कोषाध्यक्ष नौशाद खान, सहसचिव आशिक खान एवं शैलेश लिल्हारे सहित ग्रामीणजनों ने की है।

कक्षा १० वीं बोर्ड परीक्षा का आगाज आज से

विकासखण्ड के 13 परीक्षा केन्द्रों में कक्षा 10 वीं के 2173 विद्यार्थी हल करेगें हिन्दी विषय का पर्चा आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार ५ फरवरी से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज हो रहा है और परीक्षा की तैयारी शिक्षा विभाग के द्वारा पूरी कर ली गई है। साथ ही कक्षा १० वीं, कक्षा १२ वीं की गोपनीय सामग्री भी शासन के द्वारा प्रदान कर दी गई है जिसे शिक्षा विभाग के द्वारा थाने में जमा करवा दिया गया है जहां से ५ फरवरी से निर्धारित परीक्षा टाईमटेबल के अनुसार प्रतिदिन विषयवार प्रश्नपत्र, उत्तरपुस्तिका व अन्य गोपनीय सामग्री लाकर परीक्षा संपन्न करवाई जायेगी। लालबर्रा विकासखण्ड के अंतर्गत स्थित १३ शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूलों को बोर्ड परीक्षा का केन्द्र बनाया गया है जहां बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह परीक्षा शासन के निर्देशानुसार प्रात: ९ बजे से दोपहर १२ बजे तक संपन्न करवाई जायेगी।५ फरवरी को कक्षा १० की हिन्दी विषय का पेपर है जिसमें लालबर्रा विकासखण्ड में बनाये गये १३ परीक्षा केन्द्रों में कक्षा १० वीं के २१७३ विद्यार्थी हिन्दी विषय का प्रथम प्रश्नपत्र का पर्चा हल करेगें। आपकों बता दे कि हर वर्ष बोर्ड परीक्षा १ मार्च से शुरू होती थी परन्तु इस वर्ष आगामी समय में लोकसभा चुनाव संपन्न होना है। इसी को मद्देनजर रखते हुए फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से यानि एक माह पहले कक्षा १० वीं, १२ वीं की बोर्ड परीक्षा ली जा रही है जिससे छात्र-छात्राओं को कुछ परेशानियों का सामना भी करना पड़ेगा क्योंकि १ मार्च से परीक्षा शुरू होने पर उन्हे फरवरी माह का पूरा समय पढ़ाई करने के लिए मिल जाता परन्तु इस वर्ष ५ फरवरी से ही बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है। ५ फरवरी से कक्षा १० वीं की हिन्दी विषय के प्रथम प्रश्नपत्र के साथ ही वार्षिक परीक्षा शुरू हो जायेगी जिसकी तैयारी स्कूल विभाग के द्वारा पूरी कर ली गई है। लालबर्रा विकासखण्ड में बनाये गये १३ परीक्षा केन्द्रों में यह परीक्षा प्रात: ९ बजे से दोपहर १२ बजे तक चलेगी जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी परीक्षा केन्द्र में कक्षा १० वीं के १२९ विद्यार्थी शामिल होगें। इसी तरह शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लालबर्रा परीक्षा केन्द्र में ३३९, शास. उमाविे. बिरसोला परीक्षा केन्द्र में १३१, शा. उमाविे. जाम परीक्षा केन्द्र में २३३, शास. कन्या उमाविे. अमोली परीक्षा केन्द्र में १७७, शास. उमाविे. नेवरगांव ला. परीक्षा केन्द्र में १७७, शास. उमाविे. मोहगांव ध. परीक्षा केन्द्र में १७०, शास. उमाविे. नेवरगांव वा. परीक्षा केन्द्र में २२५, शास. उमाविे. लेण्डेझरी परीक्षा केन्द्र में १४, शा. उमाविे. घोटी परीक्षा केन्द्र में १६४, शास. उमाविे. गर्रा परीक्षा केन्द्र में १०६, शास. उमाविे. बल्हारपुर परीक्षा केन्द्र में १२४ एवं शास. उमाविे. बड़गांव परीक्षा केन्द्र में १०४ विद्यार्थी शामिल होगें। इस तरह ५ फरवरी को विकासखण्ड के १३ परीक्षा केन्द्रों में २१७३ विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होकर हिन्दी विषय का प्रथम प्रश्नपत्र हल करेगें।

इनका कहना है

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार ५ फरवरी से कक्षा १० वीं एवं ६ फरवरी से कक्षा १२ वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू होने वाली है जिसके लिए लालबर्रा विकासखण्ड में १३ परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, सभी केन्द्रों में परीक्षा की तैयारी पुरी कर ली गई है और यह परीक्षा प्रात: ९ बजे से दोपहर १२ बजे तक चलेगी। जिसमें प्रथम दिन ५ फरवरी को १३ परीक्षा केन्द्र में कक्षा १० वीं के २१७३ विद्यार्थी हिन्दी विषय का प्रश्नपत्र हल करेगें एवं ६ फरवरी से कक्षा १२ वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू होगी।

वायअार गजभिये
बीईओं लालबर्रा।

नांदी में क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, एसएसआई नांदी की टीम बनी चैंपियन

नांदी(पद्मेश न्यूज)। कटंगी विकासखंड अर्तगत ग्राम नांदी में इंदिरा गांधी स्टेडियम में एसएसआई क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में चल रही टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन ३ फरवरी शनिवार को हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गौरवसिंह पारधी ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नकद इनाम देकर सम्मानित किया। विजेता को 21001 रुपये और उप विजेता टीम को 11001 रूपये प्रदान किए गए।इस दौरान समापन कर्ता विधायक गौरवसिंह पारधी ने कहा खेलों से व्यक्ति स्वस्थ रहता है साथ ही शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखती और खेल जीवन का अभिन्न अंग है खेलों के बिना जीवन अधूरा है इसलिए जीवन में हमेशा खेलो को महत्व देना चाहिए। समिति के सदस्यों ने बताया कि 10 दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने भाग लिया था।वही फाइनल मैच की निर्णायक (अंपायर) विनोद मासुलकर और कमलेश वासनिक ने बहुत अच्छा निर्णय दिया।आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला नांदी और परसवाड़ाघाट के बीच खेला गया और यह मैच 08 ओवरों का खेला गया जिसमे नांदी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन बनाए और परसवाड़ाघाट को 126 रनो का लक्ष्य दिया।जवाब मे बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी परसवाड़ा की टीम नांदी की घातक गेंदबाजी के आगे पूरे 8 ओवरों में मात्र 75 रन ही बना पाई।और नांदी 50 रनो से विजय रही। जहां मुख्य अतिथि की ओर से विजेता टीम को ट्राफी के साथ 21 हजार एक रुपए के नगद पुरस्कार से नवाजा गया।वहीं उपविजेता टीम को 11 हजार एक रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता मे मैन ऑफ द सीरीज नांदी टीम के खिलाड़ी इशांत को दिया गया जिन्होंने मात्र 5 गेंदों में 26 रन की पारी खेली।इस दौरान क्रिकेट के समापन में लोकचंद बिसेन,महेश अग्रवाल,अरुण सेलोकर,बसंत रिनायत,दिलीप पटले,चैनलाल तुरकर सरपंच नांदी,मानिकदास गोखे,राहुल भूरे,फूलचंद गौतम,निरंजन ठाकरे, सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता को सफल कराने में समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

कंजई में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

देवधर ट्रॉफी 2024 के तीसरे दिन में एमएच जबलपुर व डब्लयूसीआर जबलपुर ने जीते मैच

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ऑल इंडिया देवधर ट्रॉफी २०२४ के तीसरे दिन दो मैच खेले गये जिसमें पहला मैच क्वार्टर फाइनल एमएच जबलपुर विरुध्द माही आर्मी बालाघाट एवं दूसरा मैच डब्ल्यूसीआर जबलपुर और और माइन्स ११ नागपुर के बीच खेला गया।जिसमें एमएच जबलपुर एवं डब्ल्यूसीआर जबलपुर ने जीत हासिल किया है।पहले मैच में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रदीप शरणागत, नरेंद्र शुक्ला, नगर मंडल अध्यक्ष दीप चैहान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आलोक खरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष राकेश बनोटे, सोनू सिघई, संगम देवगढ़े मौजूद रहे। खेले गये पहले मैच में एमएच जबलपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लेते हुए निर्धारित २० ओवर में ६ विकेट खोकर २१७ रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। जिसमें ओपनर बल्लेबाज कनिष्क दुबे एवं वंदित जोशी ने बल्लेबाजी करते हुए जीत की बुनियाद रख दी। जिसमें कनिष्क दुबे ने २७ बालों पर ७ चौके और ३ छक्के की मदद से ५७ रन, वंदीत जोशी ने २० रनों का योगदान दिया। इसके बाद नयन चौहान ने ताबडतोड बल्लेबाजी करते हुए ९० रन ठोक डाले। इस एमएच जबलपुर ने निर्धारित २० ओवर में ६ विकेट खोकर २१७ का खडा किया। जीत के लिए २१८ रनों के बडे लक्ष्य का पीछा करने उतरे माही आर्मी बालाघाट के बल्लेबाज दबाव नही झेल पाये और जबलपुर के गेंदबाजों के समझ समर्पण करते दिखे। मात्र १२.२ ओवर में ६५ रनों में सिमट गई। दीपक पंड्या ही १५ बाल खेल कर ३ चौके की मदद से १३ रन बना पाए। इस प्रकार एमएच जबलपुर ने १५२ रनों से बडी जीत हासिल की। जिसे असीम मिश्रा एवं संदेश मिश्रा की ओर से ५०० रूपये और देवधर ट्रॉफी के संरक्षक प्रदीप जायसवाल ,मिलिंद नगपुरे ,जसवंत पटले के हंस्ते प्रदान किया गया। वहीं दूसरा मैच डब्ल्यूसीआर जबलपुर और मोइल ११ नागपुर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर ने २० ओवर में ५ विकेट खोकर २१४ रन का लक्ष्य खड़ा किया। जिसके बाद नवनीत सिंह और भूपेंद्र यादव की जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैदान के चारों ओर स्ट्रोक खेलते हुए १११ रनों की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जिसमें भूपेंद्र यादव ने ८ चौके और ५ छक्के की मदद से १०२ रन बनायें। नवनीत सिंग ने ३२ बालों पर ३ चौके २ छक्के की मदद से ४२ रन बनाए। इस तरह जबलपुर ने २० ओवर में शानदार २०१४ रनों का लक्ष्य खड़ा किया। जीत के लिए २१५ रनों के लक्ष्य के पीछा करने उतरी मोइल ११ नागपुर की टीम १९ ओवर में १० विकेट खोकर १८४ रन ही बना पाई। मेन आफ द मैच डब्ल्यूसीआर जबलपुर के भूपेंद्र यादव को शतक लगाने के लिए मैन ऑफ द मैच पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के हस्ते दिया गया।

वन विभाग ने लकड़ी से भरे ट्रैक्टर को जप्त कर की कार्यवाही

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। दक्षिण सामान्य वन मंडल वन परिक्षेत्र वारासिवनी कार्यालय के द्वारा ३ फरवरी की देर रात अवैध लकड़ी के लट्ठे का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को जप्त कर कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग के द्वारा क्षेत्र में लगातार मुस्तैदी के साथ रात्रि गस्त एवं वन क्षेत्र की सुरक्षा की जा रही है। इस दौरान दक्षिण सामान्य वन मंडल वन परिक्षेत्र कार्यालय वारासिवनी को मुखबिर से सूचना मिली कि अज्ञात ट्रैक्टर के द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध रूप से लकड़ी की कटाई कर लकड़ी के लट्ठे को ट्रैक्टर में भरकर परिवहन किया जा रहा है। जिस पर तत्काल वन विभाग के द्वारा सूचना की तस्दीक करने के लिए वारासिवनी रामपायली मार्ग पर गस्त कर पहरेदारी लगाई गई। इस दौरान एक अज्ञात ट्रैक्टर लकड़ी के लट्ठे का परिवहन करता हुआ नजर आया जिसे रोककर जानकारी ली गई एवं उक्त संबंध में आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई। परंतु किसी प्रकार के वैद्य दस्तावेज उपलब्ध नहीं कर पायें। जिसमें आजन प्रजाति की वन उपज भरी हुई थी जिस पर वन विभाग के द्वारा ट्रैक्टर को मौके से जप्त कर परिक्षेत्र कार्यालय वारासिवनी में लाकर स्वयं की अभिरक्षा में खड़ा करवा दिया गया। वहीं दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया अन्यथा दस्तावेज ना होने पर बिना किसी अनुमति के वृक्षों की अवैध कटाई एवं उसके अवैध परिवहन की कार्यवाही करने की हिदायत दी गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी छत्रपाल सिंह जादौन ने पचेश से चर्चा में बताया कि वन विभाग के द्वारा लकड़ी का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। जिसमें मुखबिर से सूचना मिली थी की वारासिवनी से रामपायली मार्ग पर अवैध लकड़ी का परिवहन होना है। इस दौरान मौके पर एक ट्रैक्टर को रोककर पूछताछ की गई जिसके पास किसी प्रकार की वैध अनुमति और दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। जिसे कार्यालय में खड़ा करवाकर मामले में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

शिक्षक मुकेश तिवारी को स्थानांतरण होने पर दी गई बिदाई

खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वरिष्ठ शिक्षक मुकेश कुमार तिवारी का संस्था से स्थानांतरण होने पर शॉल और श्रीफल देकर शाला परिवार के द्वारा सम्मान किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान सीएम राइस स्कूल के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मुकेश कुमार तिवारी व्याख्याता के पद से सम्मोन्नत होकर प्राचार्य बनाए गए है। जो वर्तमान में शासकीय हाई स्कूल खरखड़ी के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुनिता बहेटवार,सरपंच ज्योति नगपुरे,प्राचार्य शैलेश सहारे सहित सीएम राइस स्कूल का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के संबोधित करते हुए उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने मुकेश कुमार तिवारी की तारीफ करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर सफलता के नये आयाम स्थापित करने की कामना की। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं के द्वारा कक्षा बारहवी के छात्र छात्राओं को बिदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। जिससे कि वह आगामी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपना भविष्य उज्ज्वल कर सके। इस अवसर पर सभी अतिथियों के द्वारा बच्चों को अपने सेहत का ध्यान रखते हुए संयम के साथ परीक्षा देने की बात कही गई। प्रश्न पत्र बिगड़ जाने या परीणाम ठीक नहीं आने के बाद भी किसी को भी अपना संयम नही खोना है और ऐसा कोई गलत कदम नही उठाना है जिससे की मां बाप और क्षेत्र को किसी प्रकार की क्षति हो। इस दौरान ज्यूनियर बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार की कला का प्रदर्शन कर सभी का दिल जीता गया। सीनियर बच्चों के द्वारा भी ज्यूनियरों का मान रखते हुए उनके कहने पर अपनी कलाओं से सभी का ध्यान आकर्षित किया गया।

सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, नगर के ८० लोगों ने किया रक्तदान

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासकीय सिविल अस्पताल में रविवार को श्री विदुषिणी ग्रुप वारासिवनी के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर ग्रुप की महिलाओं की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर पंजीयन करवाया। सभी को रक्तदान का संकल्प दिलवाकर रक्तदान करवाया गया। इस शिविर में करीब १५० लोगों के द्वारा रक्तदान करने के लिए अपना पंजीयन कराया गया जिसमें ८० लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। इस प्रकार बालाघाट से पहुंची रक्त संग्रह टीम के द्वारा ८० यूनिट रक्त जमा किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों के द्वारा हर किसी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता रहा साथ ही बताया गया की तीन माह में एक बार रक्तदान करना जरूरी है। इससे शरीर में नया रक्त बढ़ जाता है परंतु किसी जरूरतमंद की मदद भी हो जाती है ऐसे में सुबह से शाम तक लोग रक्तदान करने के लिए अस्पताल पहुंचाते रहे। पचेश से चर्चा में श्रीमती वर्षा देवाशीष मिश्रा ने बताया कि हमारा श्री विदुषिणी ग्रुप बना हुआ है जिसके माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस रक्तदान शिविर का आयोजन करने का उद्देश्य था कि सिकलसेल एवं थेलेसिमिया के मरीजो के लिए विशेष रूप से किया गया है। क्योंकि उन्हें रक्त की जरूर बनी हुई रहती है साथ ही अन्य प्रकार के मरीजों को भी जरूरत होती है। और यह रक्त केवल मानव शरीर में बनता है जिसका दान करके प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति की मदद हमें करना चाहिए। ८० लोगों के द्वारा रक्तदान किया जा चुका है यह हमारा प्रथम वर्ष था इसके पहले हमने शिव महापुराण का आयोजन कराया था हमारा यही संदेश है कि समाज के लिए हर कोई व्यक्ति सामने आए। क्योंकि समाज सेवा ही परम सेवा परमात्मा सेवा है। इसमें ग्रुप के सभी सदस्यों ने रक्तदान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती वर्षा मिश्रा, श्रीमती ललिता कावरे, कुमारी प्रिया सोनेकर, कुमारी प्रज्ञा कसार,श्रीमती रंजीता राय, श्रीमती सुनीता बिसेन, श्रीमती पामिनी बिसेन, श्रीमती कोकिला बिसेन, श्रीमती किरण बल्लेरिया, सौम्या खोब्रागडे, श्रीमती इंदु गौतम, श्रीमती भुनेश्वरी ठाकुर, श्रीमती शीला चौधरी, श्रीमती निमेश्री बिसेन, विनम्र मेश्राम, निकेश सोनी, मोहित जायसवाल,देवाशीष मिश्रा, आधार मोदी, कैलाश दुल्हानी, निहाल मिश्रा, बीएमओ डॉक्टर कमलेश झोड़े, डॉ उमेश तुरकर मौजूद रहे।

विधायक विवेक पटेल ने वन विभाग की ली समीक्षा बैठक

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी सर्किल के वन विभाग के अधिकारियों की विधायक पटेल ने समीक्षा बैठक ली। जिसमें वन परिक्षेत्र में वनकर्मी सक्रिय नही होने के कारण जंगल

की कटाई अंधाधुंध जारी है और जंगल की लगातार कटाई होने के कारण जंगल ठुठ में तब्दील होते जा रहें है। इसके बाद भी वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है। इसी के चलते वारासिवनी खैरलाँजी के विधायक विवेक विक्की पटेल वन परिक्षेत्र कार्यलय पहुँचे और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न विषयों में चर्चा की गई। इस दौरान राजकुमार चौधरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी क्षत्रपाल जादौन,खैरलाँजी वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रदीप खरे,भवानी बिसेन,पवन पटेल,भास्कर उइके,अशोक भालाधरे,तारा चंद डोंगरे, राजकुमार बोरकर, लोकेश टेम्भरे, भूपेंद्र वासनिक,राजेंद्र बिसेन,राजा मडावी,कुमारी इंदु डायरे,भूमेश्वरी उइके,प्रमेलता रहांगडाले,राजेश्वरी पखाले सहित अन्य वनकर्मी मौजूद रहें। बैठक में विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की वन विभाग के उदासीन रवैये के कारण वन माफिया क्षेत्र में सक्रिय है। कुछ वन कर्मी माफियाओं के साथ साठ गाठ करके जंगलो का सफाया कर रहें है। वनो की रक्षा करने वाले कर्मी अपनी जिम्मेदारी से भागते नजर आ रहें है जंगल से बड़ी मात्रा में रेत चोरी हो रही है। वहीं आने वाले समय में गर्मी बढ़ते जा रही है जंगली जानवर जंगल से भटकर ग्रामीण क्षेत्रो में ना पहुँचे इसका विशेष ध्यान रखा जायें।

खैरलांजी में पोस्टमार्टम हाउस का कार्य प्रारंभ

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी में पोस्ट मार्टम हाउस का कार्य प्रारंभ हो गया है गत वर्ष २५ मई २०२३ को वारासिवनी व खैरलांजी में स्वीकृत इस कार्य का भूमिपूजन किया गया था। वारासिवनी में यह कार्य प्रारंभ हो चुका है। खैरलांजी में जगह की कमी के कारण विलंब हो रहा था। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की हमारे क्षेत्र में दो ब्लाक वारासिवनी व खैरलांजी है। हमारा प्रयास सदैव रहा है की हम समान रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधायें प्रदान करे। हमने पूर्व में ही वारासिवनी व खैरलांजी के लिये खनिज मद से २८-२८लाख रूपये की राशि स्वीकृत करवा ली थी। श्री जायसवाल ने कहा कि वारासिवनी में समय में इस कार्य के लिये जगह की कमी महसूस हो रही थी। किंतु सर्वसम्मति से वारासिवनी शासकीय अस्पताल के पीछे यह कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है जिसका निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसी तरह की दिक्कत खैरलांजी में भी सामने आयी थी इस कार्य की जगह क्षेत्र से बहुत दूर होने के कारण अब ग्राम पंचायत, जिला पंचायत सदस्य व अन्य प्रतिनिधियों के साथ लिये गये निर्णय के अनुसार खैरलांजी के पोस्ट मार्टम हाउस के लिये शासकीय अस्पताल के पीछे ही यह कार्य करवाया जा रहा है। आज हमने ठेकेदार को बुलवाकर कार्य प्रारंभ करवा दिया है। हमने संबंधित कार्य एंजेसी को इस कार्य के लिये तीन माह की समयसीमा दी है। श्री जायसवाल ने कहा की प्राय देखने में आ रहा था की पोस्ट मार्टम के लिये अप्रिय स्थिति तक का सामना परिजनो को करना पडता था। हमने सर्व सुविधा युक्त पोस्ट मार्टम हाउस के

निर्माण कार्य को प्रारंभ करवा दिया है। दोनो जगह जो हाउस बनाये जा रहे है वह सर्व सुविधायुक्त होगें। जिसमें परिजनो के रूकने तक के लिये सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नरेंद्र शुक्ला भाजपा मंडल अध्यक्ष ,सुनीता मानसिंग बहेटवार जि. पंचायत सदस्य ,अंजीलाल पगरवार, मानसिंह बहेटवार,धर्मेंद्र सिदे,दिनेश दमाहे जनपद सदस्य ,नरेंद्र ठकरेले ,रामप्रसाद तितरमारे ,तिवारी लाल लिल्हारे ,दिनेश डोहरे,जतन खरे ,घनश्याम राउत ,हेमंत ठकरेले, राजकुमार बहेटवार,नरेन्द्र साहू, अक्षय मसखरे, शरद नगपुरे,पवन कुमार, कृष्णा भगत , डॉ. भारती सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

खैरलांजी के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में अतिथि शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में ४ फरवरी को अतिथि शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक संघ के पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें विभिन्न प्रकार के विषयों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा कर निर्णय लिया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विधानसभा चुनाव के पहले अतिथि शिक्षक की महापंचायत में जो भी घोषणाएं की गई थी उसे पूरा करने के लिए हर स्तर पर आंदोलन कर अपना हक लिया जाएगा। वहीं प्रत्येक संकुल से प्रधानमंत्री को उक्त विषय को लेकर पत्र लिखा जाएगा और जो चार माह का मानदेय शासन के द्वारा नहीं दिया गया है। जिसके लिए मांग की जाएगी सहित अनेक प्रकार के निर्णय लिए गए। इस अवसर पर संजय राणा,देवेंद्र पारधी ,गोपीचंद शरणागत, महेश कुमार ,विजेंद्र बघेल, शैलेंद्र राउत ,रविकांत पारधी सहित अन्य अतिथि शिक्षक संघ पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

पुलिस ने १२ वारंटी को किया गिरफ्तार न्यायालय ने भेजा जेल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना वारासिवनी एवं रामपायली के द्वारा ३ फरवरी की रात्रि में कार्बिंग गश्त कर १२ वारंटी को गिरफ्तार कर वारासिवनी न्यायालय में पेश किया गया। जहां से

न्यायालय ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले में अपराध पर अंकुश और अपराधियों की धरपकड़ करने पुलिस ने कार्बिंग गश्त की ताकि पूर्व के अपराधियों को गिरफ्तार किया जा सके। जिसमें पुलिस थाना वारासिवनी में दर्ज मामलों में एक स्थाई वारंटी वार्ड नंबर १५ सिविल लाइन वारासिवनी निवासी निखिल पिता अशोक मिश्रा, छः गिरफ्तार वारंटी महाराजपुर निवासी राकेश पिता मदनलाल लांजेवार, महाराजपुर निवासी मदनलाल पिता राजाराम लांजेवार, सरण्डी निवासी वासुदेव पिता कन्हैया लाल मुर्खे ,पिपरिया बड़गांव निवासी ज्ञान सिंह पिता रामप्रसाद कडपेती ,बुदबुदा निवासी दिलीप पिता राधेलाल बांगडे ,कायदी निवासी अजय पिता दादूलाल बिंझाड़े इस प्रकार कुल ७ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें दो आरोपियों को बालाघाट और पांच आरोपियों को वारासिवनी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिन्हें न्यायालय ने जेल भेज दिया है। इसी प्रकार रामपायली पुलिस के द्वारा अपने थाना अंतर्गत चीखलाबांध निवासी सुनील पिता केशोराव कुर्वे ,भजियादंड निवासी धनेंद्र पिता नाथूलाल तुरकर ,सालेबर्डी निवासी अल्केश पिता बकाराम उके ,बरबसपुर निवासी शंकर लाल पिता बालचंद बड़ोने ,मेंढकी निवासी नंदकिशोर पिता हरिचंद दर्जी को गिरफ्तार कर वारासिवनी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया इन्हें भी न्यायालय के द्वारा जेल भेज दिया गया।

मानव धर्म का सेवक सम्मेलन अतरी में आज

खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। परमात्मा एक सेवक मंडल वर्धमान नगर नागपुर के द्वारा मानव को सुखमय जीवन जीने की प्रेरणा देनेवाले मानव धर्म के संस्थापक महानत्यागी बाबा जुमदेवजी के आदेशानुसार मानव धर्म का सेवक सम्मेलन अतरी में सोमवार को आयोजित किया गया है। सेवक सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा सुबह ६ बजे से ७ बजे तक सामूहिक हवन कार्य तत्पश्चात शोभायात्रा सुबह ८ बजे से ११.३० बजे तक ग्राम का भ्रमण कर शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी एवं दीप प्रज्वलित उद्घाटन एवं स्वागत दोपहर १२ बजे से १ बजे तक तत्पश्चात मानव धर्म की एक भगवत कार्य की चर्चा बैठक १ बजे से ४.३० बजे तक उसके बाद महाप्रसादी का वितरण कर आर्केस्ट्रा का आयोजन भी किया गया है। सेवक सम्मेलन के कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्याम में पहुंचने की अपील राजुजी मदनकर ,प्रवीण उराडे , मनोहर देशमुख, सूरजलाल अंबुले,मोरेश्वर गभने,फकीरा जिभकाटे, वासुदेव पडोडे, टीकाराम भेंडारकर,संजय महकाड़कर, विठ्ठल क्षीरसागर, अशोक नेरकर,युवराज चौधरी ,राजेश बंसोड ,फतुसिंह ठाकुर,खेलीराम बिजेवार ,योगेश रिनायत,राधेश्याम सोनवाने ,विजय कातरे ,सुभाष तुमसरे ,परमानंद खरोले ,रविंद्र सेकरुरे ,शामाभाऊ कोवडे ,किर्तीकुमार देवगडे ,संपत लिल्हारे ने की है।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बसन्तोत्सव : सृजन का संवरण

काम के अभाव में उद्यम औचित्यहीन हो जाता है। क्षीरसागर(दूध का समुद्र) को यदि रूपक माना जाये तो कच्चा दूध वह जीवन है जो हमें प्रारंभ में मिलता है, जबकि मक्खन संपन्न वैभव का वह प्रतीक है जिसे विषम वृत्ति समन्वय के मंथन से प्राप्त करते हैं। बैरागी शिव विश्व का परिवर्तन नहीं चाहते, इसलिए भोग में उन्हें कच्चा दूध चढ़ाया जाता है। दूसरी ओर विष्णु परस्पर प्रेम के लिए मंथन और संघर्ष से दूध(मानव प्रकृति) को मक्खन(पुरुषार्थ) में परिवर्तन करना चाहते हैं। इसलिए उन्हें(श्रीकृष्ण) मक्खन का भोग चढ़ाया जाता है। इस प्रकार शिव और विष्णु प्रकृति के प्रत्युत्तर में अंतस चेतना के विविध स्वरूपों को जाग्रत करते हैं। वहीं देवी शक्तियों को हम आंवला, नीबू, मिर्ची और बलि अर्पित करते हैं, जो हमारे आसपास के बाहरी विश्व का प्रतीक है। इस प्रकार देव हमारे मन, आत्मा, चैतन्य रूपी आंतरिक प्रकृति का शोधन करते हैं जबकि दैवीय शक्तियां हमारे बाहरी जगत के कामेच्छा की।

हिन्दू धर्म में संस्कारगत ऋण चुकाने पर ही मोक्ष मिलता है। इसलिए धन निर्माण और उसके संचालन के लिए योग नहीं भोग महत्वपूर्ण है। बैरागी शिव के स्वर्ग में भूख(काम) नहीं है इसलिए कैलाश में उनका परिवार अभय के साथ निवास करता है। मोक्ष और मुक्ति के देवता जीवन की इच्छा और मृत्यु के भय को नष्ट कर देते हैं। जबकि जीवन से जुड़े काम के देवता माधुर्य पुष्पबाणों से वासना और महत्वकांक्षायें जाग्रत कर हमें ऋणी बना देते हैं।

प्रेम के देवता कामदेव का आयुध(धनुष) गन्ने से जबकि उसकी प्रत्यंचा मधुमक्खी की व तितलियों से शोभित है।

काम कुसुम धनु सायक लीन्हे। सकल भुवन अपनें बस कीन्हे।

अर्थात् शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध से युक्त बाण इन्द्रियों के श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, जिह्वा और नासिका को भेदकर हमें अनन्त, संतुष्टि और प्रसन्नता के लिए तड़पाते हैं। तात्पर्य कि उनके बाण जब किसी निर्जीव(पार्थिव) को भेदते हैं तो वह भूख, प्यास, और कामनाओं की पूर्ति के लिए जीवंत हो उठता है। यही आकांक्षा हमारे भाग्य को निर्धारित करती है।

एक ओर खिलखिलाती प्रकृति है, तो दूसरी ओर हृदय में उठती प्रेम की उमंगें। यह प्रकृति और संस्कृति के आलिंगन का पर्व है।

सम्पूर्ण जीर्णोद्धार की राह पर कांग्रेस

स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाली कांग्रेस पार्टी इन दिनों एक साथ कई मोर्चों पर संघर्षरत है। सत्ता का विपक्ष के प्रति 'दुश्मनों' जैसा व्यवहार जहाँ कांग्रेस व कांग्रेस नेताओं के लिये चुनौती बना हुआ है वहीं कांग्रेस अपनी पार्टी में ही पल रहे 'आस्तीन के साँपों' से भी जूझ रही है। अनेक अवसरवादी नेता समय समय पर किसी न किसी बहाने से न केवल कांग्रेस छोड़कर बल्कि कांग्रेस की राजनैतिक विचारधारा को भी त्याग कर धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के बजाय साम्प्रदायिकता की डुगडुगी पीटने में लगे हैं। अनेक भ्रष्ट कांग्रेसी नेता भी पार्टी छोड़कर भयवश सत्ता की आगोश में जा बैठे हैं और किसी जांच एजेंसी का सामना करने के बजाये सुविधापूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि नवगठित I. N. D. I. A गठबंधन के कई क्षेत्रीय घटक दल भी सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस को कमतर आंकने की कोशिश कर रहे हैं। गोया ऐसे वक्त में जबकि इ. ह. ष्ट. ङ्क. गठबंधन को एकजुट व मजबूत होने का सन्देश देना चाहिये ऐसे वक्त में कई विपक्षी क्षेत्रीय दल भी कांग्रेस का ही हौसला पस्त करने में लगे हैं।

उधर इन्हीं विषम परिस्थितियों में राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक की लगभग 6,700 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकल चुके हैं। इस यात्रा की शुरुआत में ही इ. ह. ष्ट. ङ्क. गठबंधन के प्रारंभिक सूत्रधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ 'खेला' हो गया और वे अपने पुराने केचुल में जा बसे। असम में न्याय यात्रा को राज्य सरकार का कदम कदम पर तरह तरह का विरोध सहना पड़ा। कहीं यात्रा के इजाज़त नहीं मिली तो कहीं पुलिस में राहुल के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज हुई। यहाँ तक कि बंगाल में जहाँ भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सहयोग व समर्थन मिलना चाहिये वहां भी वीरभूमि और मुर्शिदाबाद जैसे ज़िलों में परीक्षा के बहाने यात्रा की अनुमति नहीं दी गयी। सीट शेयरिंग के नाम पर भी ममता बनर्जी अपना स्टैंड लगभग साफ़ कर चुकी हैं कि वे बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ेंगी। इसके पहले ममता ने कांग्रेस को मात्र दो सीटों देने का प्रस्ताव किया था जो कांग्रेस ने नामंजूर कर दिया है। इतना ही नहीं बल्कि ममता ही यह भी कह चुकी हैं कि कांग्रेस यदि 300 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ती है तो इनमें से

40 सीटें भी नहीं जीत सकती। उत्तरप्रदेश में भी कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी से 20 सीटें मांगी थीं। परन्तु अखिलेश यादव ने कांग्रेस को केवल 11 सीटें देने की ही घोषणा की। अब खबर है कि कांग्रेस व सपा में 13 सीटों पर सहमति बन चुकी है। इसी तरह दिल्ली में तो आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस की सीट शेयरिंग की खबर है जिसके अनुसार कांग्रेस 4 पर जबकि आम आदमी पार्टी 3 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। परन्तु संभवतः पंजाब में इन्हीं दोनों दलों में सीट शेयरिंग न हो सके और दोनों दल आमने सामने चुनाव लड़ें। आम आदमी पार्टी तो हरियाणा, असम, गुजरात और गोवा में भी कांग्रेस से सीटें मांग रही है।

परन्तु इन सबसे इतर असम हो या बंगाल या बिहार अथवा झारखण्ड जहाँ से भी राहुल गाँधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुज़र रही है लगभग हर जगह कांग्रेस पार्टी को भारी जनसमर्थन हासिल हो रहा है। कहीं कहीं तो जनसभाओं में लाखों की भीड़ इकट्ठी होकर राहुल गाँधी व कांग्रेस नेताओं की बातों को सुन रही है। परन्तु चाटुकार गोदी मीडिया ने राहुल गाँधी के नेतृत्व में चल रही इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा को पूरी तरह ब्लैक आउट कर रखा है।

गोदी मीडिया को ईडिया गठबंधन में किसी तरह की मनमुटाव की खबरों को तो मिर्च मसाला लगाकर परोसने में खूब मज़ा आता है परन्तु उसे राहुल गाँधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उमड़ती भीड़ व उसकी सफलता नज़र नहीं आती। इससे पहले भी जब राहुल ने 7 सितम्बर 2022 को कन्याकुमारी से कश्मीर के लिये यात्रा निकली थी तब भी गोदी मीडिया ने कोई तवज्जोह नहीं दिया था।

I. N. D. I. A गठबंधन में अनेक सहयोगी दलों के नखरे,सत्ता का दबाव और साथ ही कांग्रेसी 'विभीषणों' का सामना और इसी बीच भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ही राहुल गाँधी का कांग्रेस द्वारा अपनाए गए सिद्धांतों की रक्षा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुये यह कहना कि- 'मैं चाहता हूं कि हिमंत बिस्वा सरमा और मिलिंद देवड़ा जैसे लोग कांग्रेस से चले जाएं, मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। हिमंत एक विशेष प्रकार की राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं, यह कांग्रेस पार्टी की राजनीति नहीं है। लिहाज़ा ऐसे नेताओं को पार्टी से अलग हो जाना चाहिए, क्योंकि वे इसकी विचारधारा से सहमत नहीं हैं।' तमाम नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी छोड़कर जाने के दौरान ही राहुल का 'अवसरवादियों' को दिया जाने वाला स्पष्ट सन्देश अत्यंत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस को बचने के लिये राहुल को जिस दौर में थाली के बैंगनों की मान मनौव्वल की कोशिश करनी चाहिये उन्हें राहुल का पार्टी छोड़कर जाने का सीधा सन्देश देने का अर्थ है कि कांग्रेस और नेहरू गाँधी परिवार दोनों ही कांग्रेस की मूल गांधीवादी धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का पालन करने के लिये प्रतिबद्ध है। ऐसे में वह ज़मीर फ़रोश नेता जिनकी कोई वैचारिक रीढ़ नहीं बल्कि उन्हें सिर्फ़ सत्ता प्यारी है, उनके लिये कांग्रेस ने बाहर जाने के रास्ते खुले रखे हैं।

ममता बनर्जी हों या अखिलेश यादव इन्हें अपनी क्षेत्रीय राजनीति में मज़बूत पकड़ पर तो गर्व हो सकता है परन्तु कन्याकुमारी से कश्मीर तक और अब मणिपुर से मुंबई तक जिसतरह कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सड़कों पर उतर कर अपना जनाधार प्रदर्शित किया है कोई भी क्षेत्रीय दल तो क्या सत्तारूढ़ भाजपा भी नहीं कर सकती। वर्तमान समय में सत्ता के अनेक हथकंडों से आहत विपक्ष खासकर कांग्रेस के लिये, देश में गांधीवादी मूल्यों की रक्षा की ख़ातिर इ. ह. ष्ट. ङ्क. गठबंधन को एकजुट रखना व सीट बंटवारे जैसे संवेदनशील मुद्दे पर गठबंधन में सहमति बनाना बेशक वर्तमान समय में कांग्रेस की मजबूरी है। परन्तु हक़ीक़त यही है कि राष्ट्रीय स्तर पर केवल कांग्रेस पार्टी ही क्षेत्रीय भावनाओं पर आधारित दलों को साथ लेकर राष्ट्रीय स्तर पर साम्प्रदायिक शक्तियों का मुकाबला कर सकती है। शायद भविष्य की इन्हीं तैयारियों व हौसलों के साथ कांग्रेस पार्टी इस समय सम्पूर्ण जीर्णोद्धार की राह पर चल रही है।

- तनवीर जाफ़री

मप्र के मोहन राज में धमक की जरूरत....

मप्र में मुख्यमंत्री के रूप में श्री मोहन यादव को काम करते हुए लगभग 50 दिन पूरे हो गए हैं ,लेकिन अभी तक सूबे में उनकी सरकार की धमक सुनाई नहीं दे रही है। दो महीने का समय प्रशासनिक सर्जरी करने और जन आशीर्वाद यात्राओं में ही खर्च हुआ है। इस वजह से प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति चरमराती नजर आ रही है,साथ ही प्रदेश की जनता में नैराश्य भाव झलकने लगा है।

मध्यप्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था के साथ ही दूसरे सभी क्षेत्रों पर शिवराज सिंह चौहान की छाप है ,क्योंकि उन्होंने एक लम्बे आरसे तक प्रदेश पर शासन किया। सचिवालय से लेकर जिला स्तर पर प्रशासन और पुलिस में न सिर्फ शिवराज सिंह के गण मौजूद थे बल्कि उनकी धमक भी सुनाई दे रही थी । नए मुख्यमंत्री के रूप में श्री मोहन यादव को सबसे पहले इसी असर को समाप्त करना चाहिए था । उन्होंने इस दिशा में काम शुरू भी किया ,लेकिन अभी उसका असर दृष्टिगोचर नहीं हो रहा है। सूबे की नई सत्ता पर प्रशासन का रंग चढ़ने में काफी वक्त लग रहा है ,।

नयी सरकार में नया तलाशना कठिन हो रहा है क्योंकि अभी कोई नवाचार शुरू ही नहीं हो पाया है । पहले की ही तरह भोजन,बैठकें और विश्राम की श्रंखला सामने है। मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव की वाडी लेंग्वेज पढ़ने में अभी नौकरशाही कामयाब नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने शीर्ष स्तर पर प्रशासनिक सर्जरी कर ली है किन्तु उसका फौरी असर दिखना अभी बाकी है। प्रशासन में तब्दीली का अहसास करने के लिए सन्देश सचिवालय से सड़क तक पहुंचना आवश्यक है।

हकीकत ये है कि बीते 18 साल में मध्यप्रदेश के चप्पे-चप्पे पर मामा शिवराज सिंह की छाप गहरा गयी थी। इस छाप से प्रदेश को मुक्त करना आसान काम नहीं है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने सबसे बड़ी चुनौती इसी छाप से मुक्ति की है। इसके लिए संभागवार या क्षेत्रवार कार्ययोजना बनाकर कामयाबी हासिल की जा सकती है। इस समय प्रदेश की वित्तीय स्थिति बहुत खराब है ऐसे में सरकार पर अपनी छाप बनाना भी आसान काम नहीं है। स्थानीय निकायों की हालत गौर करने लायक है। एक तरह से इन संस्थाओं के पास वेतन देने का भी पैसा नहीं है ऐसे में नागरिक सुवधाओं की बहाली करना आसान नहीं है जबकि सरकार की छवि इन्हीं संस्थाओं के कामकाज पर निर्भर करती है। मुमकिन है की सरकार इस दिशा में कुछ सोच रही हो।

मध्यप्रदेश की नयी सरकार के सामने नयी चुनौतियों के साथ ही मंत्रियों का फौज-फांटा भी नया है। उसे सक्रिय करना आसान काम नहीं है । ऊपर से नए-पुराने छत्रपों को साधते हुए सरकार को लोकसभा चुनावों की तैयारी

भी करना है। ये तय है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव को लोकसभा चुनाव में प्रदेश के अलावा प्रदेश के बाहर भी इस्तेमाल किया जाएगा ,ऐसे में उन्हें अभी से अपना सेकेण्ड हैण्ड बनाकर तैयार कर लेना चाहिए जो उनके इशारों को समझे और उनकी व्यवस्था के बीच उनकी योजनानुसार सत्ता की मशीनरी को गतिशील बनाये रखे। इस काम में शिथिलता दिक्कतें पैदा कर सकती है।

अभी तक प्रदेश की नौकरशाही और पुलिस फुल फार्म में काम करती नजर नहीं आ रही है । कहीं न कहीं कोई न कोई असमंजस है। इस असमंजस से उबरे बिना काम नहीं चलने वाल। नयी सरकार को पुरानी सरकार की तरह विज्ञापनबाजी से झांकी बनाने की गलती करने के बजाय जमीनी कामों पर ध्यान देना चाहिए। विज्ञापनों से अखबार के मालिकों का पेट भरता है जनता का मन नही। जनता का मन भरने के लिए वास्तविक कामों की आवश्यकता है। ये मुख्यमंत्री जी को तय करना होगा कि वे मामा मुख्यमंत्री की तरह लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं या मप्र के लौहपुरुष बनकर । उनके सामने दोनों विकल्प हैं ,चुनाव उन्हें खुद करना है।

मप्र के अनेक हिस्सों में पिछले दिनों जिस तरह से महिलाओं के साथ अपराधों की बढ़ आयी है, नैराश्य के कारण सामूहिक आत्महत्याओं की दुखदायी घटनाएं हुई हैं उन्हें देखते हुए प्रदेश के दो बड़े शहरों में पुलिस आयुक्त प्रणाली सवालों के घेरे में आयी है। ग्वालियर जिले में तो सामूहिक बलात्कार और सामूहिक आत्महत्या की घटनाओं से जनाक्रोश बढ़ा दिया है। इन घटनाओं को पुनरावृत्ति लगातार हो रही है । अशोकनगर में भी सामूहिक आत्महत्या की हृदयविदारक घटना सामने आयी है। इससे जन विश्वास हिल रहा है। नयी सरकार को इन सबके बारे में गंभीता से सोचना होगा।

कोई माने या न माने किन्तु हकीकत ये है कि बीते 50 दिन में जनता में ये धारणा बनी है कि प्रदेश की सरकार केंद्रीय रिमोट से चल रही है ,जबकि शायद इसमें सत्यता नहीं है । चूंकि सरकार की धमक सुनाई नहीं दे रही है शायद इसीलिए इस तरह की धारणाएं जन्म ले रहीं हैं। इन धारणाओं से मुक्ति के लिए सरकार के सामने दो ही विकल्प हैं ,पहला ये कि वो पुरानी सरकार की लोकप्रियता से आगे जाने के लिए कोई अल्पकालिक लोकोपयोगी करतब कर दिखाए और दूसरा इस तरह कि कार्यशैली विकसित करे जो पुरानी सरकार कि कार्यशैली से सर्वथा भिन्न और चमकदार हो। मुख्यमंत्री को नौकरशाही को भी अभयदान देकर काम करने की आजादी देना होगी।

- राकेश अचल

आडवानी जी को 'भारत रत्न' सम्मान व्यक्ति विशेष का नहीं, हिन्दुत्व का...!

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठतम नेता श्री लालकृष्ण आडवानी जी को भारत सरकार द्वारा सर्वोच्च अलंकार 'भारत रत्न' से सम्मानित करने की घोषणा की गई है, यद्यपि आडवानी जी के व्यक्तित्व के सामने यह अलंकरण काफी तुच्छ है और इस घोषणा को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपना 'राजधर्म' निभाना बताया जा रहा है, किंतु यह भी सही है कि आज मोदी जी जो कुछ भी है, उसमें परम् श्रद्धेय लाल कृष्ण आडवानी जी की अहम् भूमिका है और इसी ''राजधर्म के ऋण'' को चुकाने की मोदी जी ने कौशिश की है।

आज से करीब तीन दशक पहले आडवानी जी ने ही अयोध्या राम मंदिर प्रहसन में मुख्य भूमिका का निर्वहन किया था और रथयात्रा के माध्यम से 'राम मंदिर' की अलख जगाई थी, आज उनके ही परम् शिष्य मोदी जी ने गुरू दक्षिणा के बतौर राम मंदिर की सौगात भेंट की है और अपने गुरू के सपने को साकार किया है और अपने गुरू के सम्मान की शेष क्षतिपूर्ति उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित कर पूरी कर दी, वास्तव में शिष्य हो तो ऐसा....।

अखण्ड भारत की स्थिति में आडवानी जी पाकिस्तान में रहा करते थे, देश के विभाजन के बाद वे भारत के राजस्थान की सांस्कृतिक नगरी जोधपुर में आकर रहे, जिसका उल्लेख बड़े रोचक ढ़ंग से उन्होंने अपनी पुस्तक ''माई कन्ट्री-माई लाईफ'' में इसका जिक्र किया है, उन्होंने इस पुस्तक में यह भी लिखा है कि अटल जी मोदी को मुख्यमंत्री पद से हटाना चाहते थे और इसीलिए उन्होंने दंगों के बाद गुजरात जाकर मोदी जी को 'राजधर्म' निभाने की सीख भी दी थी, किंतु आडवानी जी ने अटल जी के इस विचार का विरोध किया और मोदी जी यथावत मुख्यमंत्री बने रहे, इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि आडवानी जी मोदी जी के राजनीतिक संरक्षक अतीत में भी थे और आज 96 वर्ष की उम्र में भी मोदी जी के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे है। इसलिए आज यदि आडवानी देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होने जा रहे है, तो वह किसी का एहसान नहीं बल्कि स्वयं के व्यक्तित्व की आभा ही है।

यद्यपि भारतवासियों का एक वर्ग विशेष भारत सरकार के इस अहम् फैसले को मजहबी दायरे में लाकर साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने की कौशिश कर रहा है और इस सर्वोच्च सम्मान को बाबरी मस्जिद विध्वंस का ईनाम निरूपित कर रहा है, किंतु भारत के मौजूदा राजनीतिक सर्वेसर्वा और उनके साथ देशवासियों ने ऐसी समझ या मान्यता को कभी कोई महत्व या मान्यता नहीं दी है और न भविष्य में ही ऐसी कोई संभावना है, यह सम्मान एक वरिष्ठ राष्ट्रभक्त और देश के महान व्यक्तित्व का सम्मान है, इससे इतर कुछ नहीं।

आज देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी जो कुछ भी है, वह अटल-आडवानी-मुरली मनोहर जोशी इन 'त्रिदेव' के कारण है, आज से चैवालिस वर्ष पूर्व 1980 में जनसंघ को भारतीय जनता पार्टी के रूप में जन्म देने का श्रेय भी इसी 'तिकड़ी' को है और इन साढ़े चार दशक में इस पार्टी पर होने वाले वारों को भी इसी तिकड़ी ने बखूबी झेला है, यद्यपि अटल जी के असमय चले जाने के बाद आडवानी, जोशी थोड़े हतोत्साहित अवश्य हुए थे, किंतु इस के बावजूद उन्होंने अपने राष्ट्रऊर्धम के अलख को जगाए रखा, इसीलिए आज यही कहा जा सकता है कि आडवानी जी के गौरवमयी व्यक्तित्व के सामने इस सम्मान का कोई अस्तित्व नहीं है।

-ओमप्रकाश मेहता

पूनम पाण्डे का आहत करने वाला घटिया पब्लिक स्टंट

ऐक्ट्रेस पूनम पाण्डे जिन्दा है। ईश्वर करे अपनी मौत की अफवाह उड़ा शोहरत बटोरने वालीअदाकारा स्वस्थ और सकुशल रहे। लेकिन उसकी इस हरकत की जितनी भी निंदा की जाए, कम है।सर्वाइकल कैंसर के नाम पर जागरूकता की आड़ में उसके इस भद्दे मजाक से कितने प्रशंसकों को धक्का लगा होगा इसका अंदाजा उसे नहीं। कैसे भूल गई वो एक भारतीय है। भावना प्रधानउस देशसे है जहां लोग दिल से जुड़ते हैं, दिखावा नहीं करते,पूनम जैसा छलावा नहीं करते। कभी उन्हें कैंसर जैसी भयानक बीमारी का सामना भी न करना पड़े। लेकिन उनकी हल्की सोच और जागरूकता की आड़ में खेले गए खेल ने कैंसर पीड़ितों औरउनके लिए जुड़े-जुटे लोगों को कितना आहत किया है? शायद इसका अंदाजा भी पूनम को नहीं होगा। अपनी ओर ध्यान खींचने के लिए पहले किसी ने ऐसी जुर्रत की हो, याद नहीं आता।

क्या पूनम की इस छिछोरे झूठ से वाकई में कैंसर की प्रति जागरूकता फैला पाएगी? कैंसर मरीजों या पीड़ित मानवता के प्रति इतनी ही हमदर्दी होती तो दूसरे चैरिटेबल काम कर आर्थिक मदद पहुंचाती। जागरूकता के लिए जहां-तहां अपने शो करतीं जो कैंसर के खिलाफ और बचाव के लिए कारगर मुहिम होती। लेकिन ये क्या? उन्होंने तो पूरे देश के साथ एक तरह से धोखा किया, वह भी अपनी ओर ध्यान खींचने के लिए। यह असहनीय है।

पूनम कैसे भूल गईं कि ये वो देश है जहां किरदार को भी भगवान की तरह पूजा जाता है। उसे कैसे याद नहीं कि लोकप्रिय सीरियल और फिल्मों के भगवान बने पात्रों कोभी पूजा जाता है। इस हरकत से पहले कैसे भूल गईं कि लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचे अभिनेताओं की मौत से आहत न जाने कितने प्रशंसकों ने अपनी जान तक दे दी। यूँ तो कई उदाहरण हैं पर एक ही यहाँ काफी है जहां दिग्गज तमिल अभिनेता से मुख्यमंत्री के मुकाम तक पहुंचे एमजी रामचंद्रन की 24 दिसंबर, 1987 को मृत्यु के बाद तमिलनाडु दहल उठा। हर कोई दुखी था और हाहाकार मचाहुआ था।लोग इतने आहत कि किसी ने अपनी नसें काट लींतो किसी ने जहर पी लिया। कइयों ने अपनी उंगली और जीभ तक काट डाली। दुखी लोगों के एमजीआर घर के सामने रोने-चिल्लाने का रिकॉर्ड भी बना। माना कि यह एक सार्वजनिक उन्माद था जिसमें आत्महत्याओं के अलावा, एमजीआर की मौत के बाद भड़के लोगों परहुई फायरिंग से 29 और मौतेंभी हुईं।अच्छा हुआ कि फरेबी पूनम शोहरत के उस मुकाम तक नहीं पहुंचे पाई थी वरना उसकी यह खलनायकी कितनी भारी पड़ती?

पूनम की इस करतूत की दिठाई देखिए। इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए अपने जिंदा होने का सबूत भी खुद देतीहै कि उसे कैंसर नहीं है। उसने तो सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जागरूकता के लिए ऐसा किया। जिस सोशल मीडिया पर उनके फैन उनकी मौत का गम मना, अंतिम संस्कार का स्थान पता कर रहे थे वही अब उसे ट्रोल कर रहे हैं। उसी सोशल मीडिया पर उसके प्रति नफरत भरी न जाने कितनी पोस्ट घूम रही हैं। फिल्म इण्डस्ट्री भी भौंचक है। कई सितारे तक नाखुश हैं और खरी-खोटी सुना रहे हैं। इंडियन फिल्म एंड टीवी डायरेक्टर्स एसोसिएशन ने सख्त कार्रवाई की मांग तक की है।

वाकई में पूनम पाण्डे ने उन सभी का मजाक उड़ाया हैजो सर्वाइकल कैंसर या दूसरे कैंसर से जूझ रहे हैं। यकीनन कैंसर घातक, जानलेवा और बेहद तकलीफदेह बीमारी है।केन्द्र और राज्य सरकारों के साथ चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ पूरे मनोयोग से कैंसर रोगियों के लिए रात-दिन जुटे रहते हैं। पूनम का यह झूठ उन सभी पर मजाक जैसा है। क्या अकेले पूनम को ही बड़ी चिन्ता है?उसके फर्जी पीआर स्टंट से ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन भी खासा नाराजहै जिसने फेक पीआर स्टंट को बेहद घटिया बताया। भला पब्लिसिटी के लिए मौत की झूठी अफवाह को लोग कैसे स्वीकारें? ऐसी घटिया हरकत किसी सेलेब्रिटी ने की हो याद नहीं आता है।

अपनी शोहरत के लिए हमेशा चर्चाओं में बना रहना पूनम का शगल है। अजीबो गरीब कारनामों के लिए चर्चित पूनमने प्रसिध्द निर्माता, निर्देशक सैम अहमद बॉम्बेको ढाई साल तक डेट किया उसके बाद 10 सितंबर 2020 को गुपचुप शादी कर ली। दोनों हनीमून मनाने के लिए गोवा गए जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर खूबसाझा की। लेकिन शादी के महज 13दिन में ही दोनों के बीच इतना झगड़ा हुआ कि उनके पति सैम को जेल की हवा खानी पड़ी और आईपीसी की धारा 353, 506 और 354 के तहत मामला तक दर्ज हो गया।

ग्लैमर की इस चकाचौंध भरी इंडस्ट्री में पूनम पांडे का नाम अनेकों लोगों के साथ जुड़ाफिर भी उसका फिल्मी कैरियर ज्यादा सफल नहीं रहा इतना ही नहीं उसकेग्लैमर और बोल्डनेस के मिक्स अप ज्यादा नहीं चल पाए तो समाज सेवा का झूठा दिखावा करने के लिए ऐसे पब्लिसिटी स्टंट उतर आईं।लगता नहीं कि इन दिनों कहीं ओटीटी प्लेटफार्म तो कहीं छोटे-बड़े पर्दे पर ध्यान खींचने खातिर कलाबाजियों का दौर चल रहा है।

अभी कुछ दिन पहले बिग बॉस 17में अभिनेत्री अंकिता लोखंडे अपने बिजनेसमैन पति विक्की जैन के साथ पहुंची थीं।जहां दोनों के बीच काफी बवाल हुआ और रिश्ता सुर्खियों में बना रहा।ये लड़ाई इनके घरों तक भी पहुंची। अंकिता की सास रंजना जैन ने फैमिली वीक में बिग बॉस हाउस में एंट्री की और काफी खरी-खोटी सुनाई। यहां मेरा यह बताना जरूरी है कि विक्की का बचपना (दो-ढाई साल की उम्र तक) मैंने अपने सामने देखा, उसे गोद में भी खिलाया। उसके पिता मेरे नगर में शासकीय विभाग में बड़े पद पर रहे।मैं उनके साथ एक प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था में बड़ी जिम्मेदारी में था। वहीं विक्की की माँ रंजना जैन भी उसी संगठन की महिला विंग की अध्यक्ष रहीं जो पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ संगठन को चोटी पर पहुंचाने के प्रबंधन में हमेशा अव्वल रहतीं।यह सब मैंने करीब से देखा। उनकी मेहनत से चमके भाग्य ने सबको ऊंचाई पर पहुंचाया। यहां पूनम पाण्डे से ठीक उलट रंजना जैन पर उनके स्वाभाव से इतर सोशल मीडिया पर खूब आलोचना और कटाक्ष किए गए। मैं दावे से कह सकता हूँ कि रंजना जैन बेहद समझदार, पारिवारिक महिला हैं जो शिखर पर पहुंच कर भी सामान्य हैं। अब विक्की भी दोनों की भावनाओं को समझता है जो परवरिश का ही असर है। उसने अपनी माँ के पक्ष में सफाई भी दी है। स्क्रीन पर रंजना जैन ने जो कहा या किया वह उनकी रियल फीलिंग्स थीं न कि सुर्खियां बटोरने का स्टंट।

काश पूनम पाण्डेभी समझ पाती कि उसका कुल जमा छोटा सा कैरियर है। ऐसे दांव-पेंच में उलझना ठीक नहीं। उसे अपनी गलती का अहसास हुआ या नहीं, नहीं पता। लेकिन रंजना जैन से उसे इस इण्डस्ट्री में काफी कुछ सीखने मिल सकता है कि किस तरह एक गृहिणी और माँके रूप में घर, परिवार, समाज और देश-दुनिया के सामने अपना वास्तविक पक्ष बेझिझक होकर मजबूती से रखा जाता है। बस ईश्वर से प्रार्थना है कि दोबारा पूनम पाण्डे पब्लिसिटी स्टंट के लिए कोई नया अजूबा फिर न कर बैठे।

-ऋतुपर्ण दवे

इन्दौर बाजार की साप्ताहिक समीक्षा -

इन्दौर । लेवाल ठंडे रहने से आलौच्य सप्ताह के दौरान दलहनों में चना घटाकर बोला गया। तुअर में मजबूती रही। खाद्य तलों में बाजार घटाकर बोला गया। तिलहनों में सरसो व रायडा सुर्खी पर रहा। किराना जिंसों में बादाम गिरी में सुधार देखा गया। शक्कर में सुस्ती आयी।

किराना :- शनिवार को समान्य हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। शक्कर में लेवाली अटकी-अटकी रही, मिलों की बिकवाली से बाजार ठंडे-ठंडे ही देखे गये। शक्कर में बाजार 3825-3870 रू. प्रति क्विंटल पर सुस्ती के के रहे। साबूदाना, खोपरा गोला, कालीमिर्च व जीरे में पूछपरख ठंडी-ठंडी रहने से बाजार नरमी के देखे गये। सूखे मेवों में पूछपरख अच्छी बनी हुई है, जिसके चलते बाजार सुर्खी बनाये हुए है। समीक्षा सप्ताह के दौरान बादाम मगज में बाजार 650-725 रू. प्रति किलो पर आ गये। वहीं, काजू में बाजार सुधरकर 750-825 रू. प्रति किलो को छू गये। नारियलों में पूछपरख ठंडी-ठंडी ही रही। नारियल 120 भरती मालों में बाजार 1450-1500 रू. प्रति थैले पर आ गये। अन्य किराना जिंसों में बाजार पूर्वस्तर पर बने रहे।

तेल तिलहन :- समीक्षा सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों में बाजार कमोवेश दायरे में देखे गये। सोयाबीन में आवकों की सुस्तता है। वहीं, खाद्य तेलों में घरेलू माँग ठंडी-ठंडी चलने से बाजार में तेजी के समीकरण कमजोर बने हुए है। बीते सप्ताह के दौरान सींगदाना तेल इन्दौर लाइन पर 1525-1530 रू. प्रति 10 किलो पर आ गया। सोया व कपास्या तेलों में बाजार 10-20 रू. प्रति 10 किलो की मंदी रही। सोया तेलों में बाजार 840-842 रू. प्रति 10 किलो से घटकर 830-835 रू. प्रति 10 किलो पर आ गया। तिलहनों में सरसो, रायडा व सोयाबीन में बाजार बने रहे।

दाल दलहन :- आलौच्य सप्ताह दलहनों में कामकाज के हिसाब से ठंडा-ठंडा ही रहा। चने में लेवाली अटकने से बाजार मंदी पर रहे। चना 5950 रू. प्रति क्विंटल से टूटकर 5850 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। तुअर में लेवाली रहने से बाजार सुर्खी बनाये रहे। तुअर में बाजार 200-300 रू. प्रति क्विंटल की तेजी आयी और तुअर में अच्छे मालों में भाव 10100 रू. प्रति क्विंटल पर पहुंच गये। उड़द में पूछपरख सामान्य ही है। आवकें बेदम चलने से भावों में सुर्खी बनी हुयी है। उड़द अच्छे मालों में 9500 रू. प्रति क्विंटल को छू गया। मूंग व मसूर में व्यापार सामान्य ही देखा गया।

पेटीएम से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जा रहे ग्राहक

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमों का पालन नहीं करने के कारण पेटीएम पेमेंट बैंक के खिलाफ कार्रवाई की है। इससे पेटीएम पेमेंट बैंक का उपयोग करने वाले बहुत से ग्राहक दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। ग्राहकों को दिक्कत ना हो इसके लिए पेटीएम के प्रतिनिधि व्यापारियों तक पहुंच रहे हैं और उनकी जमा राशि को अन्य बैंकों में ट्रांसफर करना शुरू कर दिया है। हालांकि आरबीआई के फैसले से पेटीएम के प्रतिद्वंद्वियों को फायदा हो रहा है। पेटीएम पेमेंट बैंक के खिलाफ आरबीआई के कार्रवाई का फायदा गूगल पे और फोनपे जैसी उसकी प्रतिद्वंद्वी कंपनियां उठा रही हैं। ये दोनों ही कंपनियां बिना किसी लागत के पेटीएम अकाउंट को अपने प्लेटफॉर्म पर पोर्ट करने के अवसर का उपयोग कर हैं। गूगल पे पर भी ऐसे यूजर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पेटीएम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 1 फरवरी को शेयर बाजार विश्लेषकों को बताया था कि लगभग 4 करोहड़ व्यापारियों को अन्य बैंकों में ट्रांसफर करने की आवश्यकता होगी और यह प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अकाउंट होल्डर परिवार के सदस्यों को जमा राशि भी ट्रांसफर कर रहे हैं। कई मोबाइल फोन खुदरा विक्रेताओं ने पेटीएम से पेमेंट स्वीकार करना बंद कर दिया है।

बैजूस के कर्मचारियों को नहीं मिला जनवरी महीने का वेतन

नई दिल्ली। भारतीय एडटेक स्टार्टअप बैजूस की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। भारी दिक्कतों से जूझ रही बैजूस के कर्मचारियों को पिछले महीने जनवरी का वेतन अब तक नहीं मिला है। सूत्रों के अनुसार लिक्विडिटी की खराब स्थिति के बीच कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है जबकि बैजूस ने पिछले महीने दिसंबर में आश्वासन दिया था कि हर महीने के पहले दिन उनके खाते में वेतन आ जाएगा। कंपनी ने कर्मचारियों को जो मेल भेजा था, उसमें कहा था कि दिसंबर का वेतन 2 जनवरी को आएगा और जनवरी का 1 फरवरी को। हालांकि 1 फरवरी भी बीत गया और कर्मचारियों को वेतन अब तक नहीं मिला है। इस मामले में बैजूस से अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। बैजूस के अमेरिकी यूनिट ने डेलावेयर की अमेरिकी अदालत में चैप्टर 11 बैंकरप्सी प्रोसिडिंग्स के लिए अप्लाई किया है। इस यूनिट पर 1 अरब से लेकर 10 अरब डॉलर तक की देनदारियों होने की बात कही गई है। अदालत में दायर याचिका के अनुसार बैजूस की अल्फा यूनिट ने अपने एसेट्स 50 करोड़ से 1 अरब डॉलर की रेंज में लिस्ट किए हैं। अनुमानित लेनदारों की संख्या 100 से 199 के बीच दिखाई गई है।

आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा और वैश्विक रुझान तय करेंगे बाजार की चाल

मुंबई। इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की चाल बड़ी कंपनियों के तिमाही परिणामों, वैश्विक रुझान और ब्याज दर पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्णय से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि अंतरिम बजट और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत निर्णय के बाद अब बाजार भागीदारों का ध्यान केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा पर है। घरेलू मोर्चे पर मौद्रिक नीति समिति की बैठक छह-आठ फरवरी को होने वाली है। कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर भी सभी की नजरें रहेंगी। इस सप्ताह भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, नेस्ले, ल्यूपिन और टाटा पावर अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बाजार भागीदार डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी नजर रखेंगे। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की गतिविधियां भी महत्वपूर्ण रहेंगी। बाजार के जानकार कहते हैं कि अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों और अंतरिम बजट के बाद सभी की नजरें इस सप्ताह आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक पर होंगी। एक अन्य बाजार विशेषज्ञ कहते हैं कि अब बाजार का ध्यान चालू वित्त वर्ष के तीसरी तिमाही के नतीजों पर रहेगा। आने वाले दिनों में अशोक लेलैंड, भारती एयरटेल, अपोलो टायर्स, नेस्ले, ग्रासिम, एलआईसी जैसी कई कंपनियां अपने नतीजे घोषित करेंगी।

मेष राशि- सेहत अच्छी रहेगी। दूसरों को प्रभावित करने के लिए जरूरत से ज्यादा खर्चा न करें। कुल मिलाकर फायदेमंद दिन है। लेकिन आप समझते थे जिसपर आप आँखें बंद करके यकीन कर सकते हैं, वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। आपका प्यार न सिर्फ़ परवान चढ़ेगा, बल्कि नई ऊँचाइयों को भी छूएगा।

वृषभ राशि- आज अपनी सेहत के चिंता करने की जतई जरूरत नहीं है। आपके आस-पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे व सराहेंगे। जिन लोगों को आप जानते हैं, उनके जरिए आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। दोस्तों के साथ कुछ दिलचस्प और रोमांचक समय बिताने के लिए अच्छा समय है।

मिथुन राशि- रोजमर्रा की गतिविधियों में गर्भवती महिलाओं को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। यूं तो आज आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा लेकिन इसके साथ ही आपको यह ध्यान भी रखना होगा कि आप अपने पैसे को व्यर्थ में खर्च न करें। पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ बड़ेगा, जो आपको तनाव दे सकता है। प्यार के नज़रिए से यह दिन बेहद ख़ास रहेगा।

कर्क राशि- कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है- जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा। पैसों की कमी आज घर में कलह की वजह बन सकती है, ऐसी स्थिति में अपने घर के लोगों से सोच-समझकर बात करें और उनसे सलाह लें। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी खबर पूरे परिवार को खुशी देगी।

सिंह राशि- आप महसूस करेंगे कि आस-पास के लोग बहुत ज्यादा मांग करने वाले हैं। लेकिन जितना आप कर सकते हैं, उससे ज्यादा करने का वादा न करें और केवल दूसरे को खुश करने के लिए खुद को तनाव से नहीं थकाएँ। आपको कई स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। कुल मिलाकर फायदेमंद दिन है। लेकिन आप समझते थे जिसपर आप आँखें बंद करके यकीन कर सकते हैं, वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है।

कन्या राशि- जो समस्याएँ आपको परेशान कर रही हैं, उन्हें हल करने के लिए होशियारी, चतुरता और कूटनीति के दाव-पेंचों की जरूरत है। दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। शाम के समय अपने जीवनसाथी के साथ बाहर खाना या फिल्म देखना आपको सुकून देगा और खुशमिजाज बनाए रखेगा। आपके प्रिय/जीवनसाथी का फोन आपका दिन बना देगा। आज के दिन कार्यालय का माहौल बढ़िया बना रहेगा।

तुला राशि- आज खास दिन है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण काम करने की क्षमता देगा। किसी बड़े समूह में भागीदारी आपके लिए दिलचस्प साबित होगी, हालाँकि आपके खर्चे बड़ सकते हैं। विवाद, मतभेद और दूसरों की आपमें कमियाँ निकालने की आदत को नजरअन्दाज करें। आपके प्रिय का डांवाडोल मिजाज आपको परेशान कर सकता है।

वृश्चिक राशि- आपकी जी-तोड़ मेहनत और परिवार का सहयोग इच्छित परिणाम देने में कामयाब रहेंगे। लेकिन तरक्की की रफ्तार बरकरार रखने के लिए मेहनत इसी तरह जारी रखें। आज अगर आप दूसरों की बात मानकर निवेश करेंगे, तो आर्थिक नुकसान तकरीबन पक्का है। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे।

धनु राशि- आपका मनमौजी बर्ताव सेहत के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। आज आपको अपना धन खर्च करने की जरुरत नहीं पड़ेगी क्योंकि घर का कोई बड़ा आज आपको धन दे सकता है। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को फिर तरोताजा करने का दिन है। रोमांस आपके दिल-दिमाग पर छाया रहेगा, क्योंकि आज आपकी मुलाकात अपने प्रिय से होगी।

मकर राशि- शारीरिक लाभ के लिए, विशेषकर मानसिक तौर पर मजबूती हासिल करने के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है। गृह-प्रवेश के लिए शुभ दिन है। आपका प्रिय आज रोमांटिक मूड में होगा। आज आपकी कलात्मक और रचनात्मक क्षमता को काड़ी सराहना मिलेगी और इसके चलते अचानक लाभ मिलने की संभावना भी है।

कुंभ राशि- अपने आप पर एक सीमा के बाद दबाव न डालें और पर्याप्त आराम लें। दिन की शुरुआत में ही आज आपको कोई आर्थिक हानि हो सकती है जिससे सारा दिन खराब हो सकता है। पुराने संपर्क और दोस्त मददगार रहेंगे। जिन्दगी की हकीगत का सामना करने के लिए आपको अपने प्रिय को कम-से-कम कुछ वक्त के लिए भूलना पड़ेगा।

मीन राशि- आप खुद को ऊर्जा से सराबोर महसूस करेंगे- लेकिन काम का बोझ आपमें खीज पैदा करेगा। जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं वो अपने धन को आज बहुत संभालकर रखें। धन चोरी होने की संभावना है। जीवन और कामकाज में दूसरों के लिए एक आदर्श बनें।

शब्दजाल - 7440

शब्द जाल में 10 शीर्ष बल्लेबाजों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

ब्रा	य	न	ला	रा	द	जै	क्स	का	लि	स
दा	वि	ल	ग	व	रा	हु	ल	द्र	वि	ड़
गि	म	हे	ला	ज	य	व	र्ध	ने	क	क
री	इं	र	स	चि	न	तें	दु	ल	क	र
मै	खु	ज	कु	लू	लं	का	यु	ग	व	ए
व्यू	द	ल	मा	य	ख्र	पू	व	हि	रे	ड
है	लो	म	र	म	प	र	रा	र	र	म
ड	र्जे	ल्ला	सं	धा	उ	क	ज	लो	श	गि
न	बा	म	ग	ब्रा	ह	ल	सिं	श	प	ल
तें	दु	आ	का	व	जी	र्त	ह	बें	हा	क्रि
क	दु	ल्हे	रा	नी	ल	गा	य	क	प	स्ट

सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, एडम गिलक्रिस्ट, राहुल द्रविड़, मैथ्यू हैडन, महेला जयवर्धने, इंजमाम उल हक, कुमार संगकारा, जैक्स कालिस, युवराज सिंह

शब्दजाल - 7439 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

दैनिक पंचांग

05 फरवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मकर में	कुंभ	07.11 बजे से
चंद्र	वृश्चिक में	मीन	08.43 बजे से
मंगल	धनु में	मेष	10.14 बजे से
बुध	मकर में	वृष	11.54 बजे से
गुरु	मेष में	मिथुन	13.52 बजे से
शुक्र	धनु में	कर्क	16.06 बजे से
शनि	कुंभ में	सिंह	18.22 बजे से
राहु	मीन में	कन्या	20.34 बजे से
केतु	कन्या में	तुला	22.44 बजे से
राहुकाल		वृश्चिक	00.59 ब.से
7.30 से 9.00		धनु	03.15 बजे से
बजे तक		मकर	05.20 बजे से

सोमवार 2024 वर्ष का 36 वां दिन
दिशाशूल पूर्व **ऋतु** शिशिर।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास माघ (दक्षिण भारत में पौष)
पक्ष कृष्ण
तिथि दशमी 17.25 बजे को समाप्त।
नक्षत्र अनुराधा 07.54 बजे को समाप्त।
योग ध्रुव 10.52 बजे को समाप्त।
करण विष्टि 17.25 बजे तदनन्तर बव 04.53 बजे प्रात: को समाप्त।
चन्द्रायु 24.5 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 16° 09'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871880
जूलियन दिन 2460345.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना रज्जब
तारीख 24

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
अमृत	05.53 से	07.22 बजे तक	चर	05.43 से	07.14 बजे तक
काल	07.22 से	08.50 बजे तक	रोग	07.14 से	08.45 बजे तक
शुभ	08.50 से	10.19 बजे तक	काल	08.45 से	10.17 बजे तक
रोग	10.19 से	11.48 बजे तक	लाभ	10.17 से	11.48 बजे तक
उद्वेग	11.48 से	01.17 बजे तक	उद्वेग	11.48 से	01.19 बजे तक
चर	01.17 से	02.45 बजे तक	शुभ	01.19 से	02.51 बजे तक
लाभ	02.45 से	04.14 बजे तक	अमृत	02.51 से	04.2 बजे तक
अमृत	04.14 से	05.43 बजे तक	चर	04.22 से	05.53 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6384

ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरुख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिया' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरुख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, ग्रहणा, शिल्पा की 'उन से पूछो' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरुणा गोविल, सारिका की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6383

Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रसंगत: कल कभी नहीं आता

राम-रावण युद्ध समाप्त हो चुका था। रावण मृत्यु शय्या पर पड़ा अंतिम सांसें गिन रहा था। तभी उसने देखा कि लक्ष्मण उसकी ओर चले आ रहे हैं। लक्ष्मण उसके निकट आए और बोले, 'मेरे भाई श्रीराम आपसे ज्ञान की बातें सीखना चाहते हैं।' आश्चर्य में भरकर रावण बोला, 'तुम्हारे भाई सर्वज्ञ हैं। मैं उन्हें क्या सिखा पाऊंगा। और फिर मैं तो उठकर चल भी नहीं सकता। मैं उनके पास कैसे पहुंच पाऊंगा।' लक्ष्मण ने कहा, 'आप इसकी चिंता न करें। मैं श्रीराम को यहां लेकर आ जाऊंगा।' श्रीराम आए। उनसे रावण ने विनम्रतापूर्वक कहा, 'हे सूर्यवंश के गौरव! मेरा प्रणाम स्वीकार करें। मैं राक्षस हूं, मैं आपको क्या सिखा पाऊंगा।' राम ने कहा, 'यह सच है कि तुम राक्षस हो, परंतु यह भी सच है कि तुम एक शक्तिशाली और बुद्धिमान शासक रहे हो। तुम्हें अच्छे और बुरे का ज्ञान है। मैं यह ज्ञान तुमसे प्राप्त करना चाहता हूं।' रावण ने उन्हें उपदेश देना शुरू किया, 'अच्छे कार्यों को कभी नहीं टालना चाहिए। हो सकता है कि टालने के कारण उन कार्यों को करने का कभी अवसर ही न आए। मैंने सोचा था कि नरक का मार्ग बंद करवा दूंगा, ताकि किसी को परलोक में दु:ख न भोगने पड़े। दूसरा काम समुद्र के खारे पानी को निकाल कर उसे दूध से भर देने का था। तीसरा काम धरती से स्वर्ग तक सीढ़ी बनाने का था, जिससे पापी-पुण्यात्मा सभी स्वर्ग तक पहुंच सकें।' इतना कहकर रावण रुका। मृत्यु निकट होने के कारण उसकी बोलने की शक्ति कम होती जा रही थी। हांफते हुए वह बोला, 'इन तीनों कार्यों को मैं कल पर टालता रहा और कल तो कभी आता नहीं। मैं इन कर सकने वाले कार्यों को कभी कर नहीं पाया।' रावण फिर थोड़ा ठहरकर बोला, 'अच्छे कार्यों को टालना जितना बुरा है, बुरे कार्यों को टालना उतना ही अच्छा। मां सीता का हरण करने में मैंने तत्परता दिखाई, लेकिन वह मुझे टाल देना चाहिए था।'

सूडोकु नवताल- 6693

★★★✯☆ मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6692 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
1	3	9	6	7	8	4	2	5
4	8	6	5	9	2	3	7	1
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

शब्द पहेली - 7908

बाएँ से दाएँ

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत -3
3. तहजीब,शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश,बरखा-4
11. शांति,सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण -2
15. बारबाला,मधुबाला
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां,मम्मी,मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार,अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

ऊपर से नीचे

1. नाज,नखरा,चौंचला-2
2. भाग्य,किस्मत-3
3. अचानक,अकस्मात -3
4. देह,बदन-2
5. बिजली,विद्युत रश्मि-3
7. दवाना,कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत,युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा,शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र,आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2

शब्द पहेली -7907 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

एफपीआई ने जनवरी में ऋण बाजार में डाले 19,800 करोड़

नई दिल्ली। जनवरी में देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 19,800 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह बॉन्ड बाजार में एफपीआई के प्रवाह का छह साल में सबसे उच्च मासिक स्तर है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने के बाद एफपीआई का भारतीय बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा है। वहीं दूसरी ओर एफपीआई ने अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने के बीच जनवरी में भारतीय शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में 19,836 करोड़ रुपये डाले हैं। यह जून, 2017 के बाद उनके निवेश का सबसे उच्च मासिक स्तर है। उस समय उन्होंने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये डाले थे। इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने बॉन्ड में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये डाले थे। बाजार के जानकारों ने कहा कि भारत के निश्चित आय बाजार में एफपीआई का प्रवाह जून में 2.39 अरब डॉलर रहा है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने की वजह से यह निवेश आया है। जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी ने पिछले साल सितंबर में घोषणा की थी कि वह जून, 2024 से भारत सरकार के बॉन्ड को अपने उभरते बाजार के बेंचमार्क में जोड़ेगी। इस ऐतिहासिक कदम से इसके बाद के डेढ़ से दो साल में भारत को 20 से 40 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने में मदद करेगी। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में घोषणा की है कि वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटे को कम कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.1 प्रतिशत पर लाया जाएगा। यह घोषणा भी बॉन्ड बाजार की दृष्टि से सकारात्मक है। कुल मिलाकर, 2023 में एफपीआई ने शेयरों में 1.71 लाख करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 68,663 करोड़ रुपये डाले थे। इस तरह पूंजी बाजार में उनका कुल निवेश 2.4 लाख करोड़ रुपये रहा था।

छत्तीसगढ़, हिमाचल में गिरे पेट्रोल-डीजल के भाव

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट नजर आ रही है। रविवार को डब्ल्यूटीआई क्रूड गिरकर 72.28 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं ब्रेंट क्रूड 77.33 प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। र?विवार को छत्तीसगढ़ में पेट्रोल 50 पैसे और डीजल 49 पैसे सस्ता हुआ है। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल 49 और डीजल 43 पैसे सस्ता हुआ है। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट हुई है। दूसरी ओर हरियाणा, असम, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हल्की तेजी आई है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.59 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.62 रुपये और डीजल 89.81 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपये और डीजल 94.36 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब?लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

ईवी के कंपोनेंट ज्यादा गर्म होने आग लगने का खतरा

नई दिल्ली। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री तो बढ़ रही है, लेकिन इसके साथ ही इनमें आग लगने के मामले भी बड़े हैं। फिर चाहे इलेक्ट्रिक स्कूटर हों या इलेक्ट्रिक कार, इनमें आग लगने की कई घटनाएं हम देख चुके हैं। यहां हम उन कारणों के बारे में बता रहे हैं जो इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने की वजह बनती हैं। ये किसी भी इलेक्ट्रिक वाहन में आग लगने की सबसे बड़ी वजह है।

अगर इलेक्ट्रिक वाहन के कंपोनेंट जरूरत से ज्यादा गर्म हो जाते हैं तो उनमें आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने के कई मामलों में बैटरी और कंपोनेंट का हद से ज्यादा गर्म होना पाया गया है। इसके अलावा, गर्मियों के मौसम में भी इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने के मामले बढ़ने लगते हैं। बैटरी में गड़बड़ी या वायरिंग और वेल्डिंग में खराबी के वजह से बैटरी हीट होने लगती है। गर्म मौसम के वजह से भी बैटरी हद से ज्यादा हीट हो जाती है।इलेक्ट्रिक स्कूटर में आग लगने की एक और बड़ी वजह मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट भी होता है। दरअसल, इलेक्ट्रिक वाहन की बैटरी को कई तरह के केमिकल कम्पोनेंट से तैयार किया जाता है। अगर बैटरी को पैक करते समय कुछ गड़बड़ी हो जाए या कोई कम्पोनेंट खुला रह जाए तो इस तरह के मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट से इलेक्ट्रिक वाहन में आग लग सकती है।

इलेक्ट्रिक स्कूटर में गलत वायरिंग और वेल्डिंग से भी आग लगने का खतरा होता है।इलेक्ट्रिक स्कूटर की बैटरी के टेम्प्रेचर को नियंत्रित रखने और लंबी रेंज के लिए बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएस) जिम्मेदार होता है। अगर बीएमएस बैटरी के टेम्प्रेचर को ठीक तरह से नियंत्रित करने में सक्षम नहीं है तो ऐसे में स्कूटर के कुछ देर चलने पर ही बैटरी हीट होने लगती है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन में कई जगह शार्ट सर्किट से आग भी लग सकती है। इलेक्ट्रिक वाहनों को पानी से भी काफी नुकसान पहुंचता है। पानी अगर किसी तरह बैटरी तक पहुंच जाए तो इससे शार्ट सर्किट हो सकती है।

मालूम हो कि इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी लिथियम से बनाई जाती है जो काफी रिएक्टिव धातु है। पानी से संपर्क में आते ही बैटरी में मौजूद लिथियम रिएक्शन से जलने लगता है और इसमें आग लग जाती है। बता दें कि भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल काफी लोकप्रिय हैं। खासकर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की डिमांड दिनों दिन बढ़ती जा रही है। हालांकि, बीच-बीच में कुछ ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं जो इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा के प्रति हमारे मन में शक पैदा कर देती हैं।

फाईनल मुकाबले के साथ राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन

अतिथियों के हस्ते विजेता व उपविजेता को किया गया पुरस्कृत

लांजी(पद्मेश न्यूज)। नगर के सालेटेकरी मार्ग स्थित बैडमिंटन इन्डोर स्टेडियम जनपद पंचायत सामुदायिक भवन परिसर में फ्लाई विंग्स बैडमिंटन क्लब लांजी के तत्वावधान में 2 फरवरी से 4 फरवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का उत्कृष्ट आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 2 फरवरी को दोपहर 12 बजे किया गया। तथा समापन 4 फरवरी को शाम 7 बजे विजेताओं को पुरस्कार वितरण तथा अतिथि उद्बोधन के साथ संपन्न हुआ।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार करहि, लोकसभा प्रभारी विस्तारक कुसुम बिरला, श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले अध्यक्ष नगर परिषद लांजी, अजय अवसरे उपाध्यक्ष जनपद लांजी, पार्षद पूनम शरद आसटकर, बारेलाल बडधैया, हरिराम कलपुरिया, आशीष दुग्गड़, ताराचंद कालबेले, क्लब के संरक्षक इनकार किरनापुरे, डॉ किशोर सोनवाने, डॉ राजेश रणदिवे, पमू आसटकर, संतोष मोरघड़े, धनराज आहुजा बैडमिंटन कोच गोंदिया, गणेश ठाकुर बैडमिंटन कोच वारासिवनी के आतिथ्य में तथा क्लब के अध्यक्ष महेन्द्र करहि एवं समस्त पदाधिकारियों सदस्यों की उपस्थिती में समापन समारोह आयोजित किया गया। फ्लाई विंग्स बैडमिंटन क्लब लांजी के तत्वावधान मे आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगता जिसमे बालाघाट जिले सहित पडोसी राज्य महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के खिलाडियों ने शिरकत थी। तकरीबन 110 से अधिक खिलाडियों ने उक्त प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में भाग लिया जिनमें अन्डर 11 विजेता वासु सिकन्दरपुरी लांजी, उपविजेता दक्ष सिकन्दरपुरी लांजी अन्डर 14 में विजेता अनमोल आहुजा वारासिवनी, उपविजेता सक्षम पारधी लांजी, अन्डर 18 विजेता विजेता तुषार दखाने विजेता, उपविजेता निशांत मेंढे इन सभी को ट्रॉफी, भेंट एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वुमेन्स सिंगल्स में विजेता खुशी कवास नागपुर इन्हे ट्रॉफ और 3100 रूपये , उपविजेता निधि मुरकुटे लांजी इन्हे ट्रॉफी और 2100 रूपये से सम्मानित किया गया। मेन्स सिंगल्स में विजेता जय जिज्ञासी बिलासपुर, उपविजेता शिशिर चिचखेड़ भिलाई इन्हे भी ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 40 वर्ग आयु डबल्स में विजेता ऋषभ जैन एवं राजेश हनवत, उपविजेता धनराज आहुजा एवं अखिल कुरैशी इन्हे ट्रॉफी एवं 5100 रूपये नगद तथा उपविजेता को ट्रॉफी और 3100 रूपये नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले सभी खिलाडियो को पारितोषित क्लब के द्वारा वितरित किया गया। फ्लाई विंग्स बैडमिंटन क्लब लांजी के द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के संपूर्ण आयोजन में विशेष रूप से अध्यक्ष महेन्द्र करहि, उपाध्यक्ष नवीन रामटेकर, संजय सिकन्दरपुरी, सचिव गौरव बैस, सहसचिव जय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मनोज किरनापुरे, सह कोषाध्यक्ष कपिल आसटकर, कार्यकारणी सदस्य शिवम ठाकरे, आदित्य रामटेकर, अंकित शर्मा, शरद सोनवाने, संदीप रामटेककर, नितिन बडगैया, अमित आसटकर, शरद आसटकर, संदिप सिन्दरपुरी, राकेश रणदिवे, यश वानखेड़े, सचिन्द्र नेवारे, इन्दराज सहारे, आदित्य रामटेकर, दीपक अग्रवाल, सागर सोमराज, जालेन्द्र राणे, अभिषेक मोनू श्रीवास्तव, प्रमोद दहीकर, अमित आसटकर, राजकुमार गर्ग, हर्ष, अनुज भण्डारकर, अजीम बंदेली, कृष्णपाल मड़ावी, करण छुट्टानी, लक्की आसटकर, कैलाश ब्रम्हपुरे, विक्की काड़े, राकेश रामटेकर सहित अन्य सदस्य गणो के द्वारा रोजाना प्रतियोगिता के आयोजन में महत्वपुर्ण भूमिका निभाई गई। खिलाडियो के लिये व्यवस्था करना, रैफरी, निर्णायक, सभी वर्गो के टूर्नामेंट लाईनअप करना सहित अनेको जवाबदारियाँ उक्त सदस्यो के द्वारा निभाई गई जिनकी कडी मेहनत से उक्त प्रतियोगिता का सफलतम समापन किया गया।

इनका रहा सहयोग-

प्रतियोगिता के आयोजन में विशेष सहयोगियो के रूप में जिला बैडमिंटन संघ बालाघाट, विधायक लांजी किरनापुर राजकुमार करहि, जनपद पंचायत लांजी, बारेलाल बडधैया समाजसेवी, चैतराम मेश्राम, हरिराम कलपुरे, आशीष दुग्गड़, डॉ एशोसिऐशन चिकित्सक संघ लांजी, केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एशोसिऐशन लांजी, झनकार किरनापुरे अभिनन्दन ग्रुप लांजी, अशासकीय ग्रुप एशोसिऐशन लांजी, श्रीमती पूनम शरद आसटकर पार्षद लांजी, अमित घोघड़े, आदित्स सर्विसेस, लक्की वस्त्रालय भानेगांव, सोनू किराना लांजी, कृष्णा कन्स्ट्रक्शन बालाघाट, अजीम बन्देली रोजी बर्तन भण्डार लांजी, गणपत मेहरकर, सुमित गोयल इवेंट्स लांजी, संकल्प लाईब्रेरी बालाघाट, खुदीराम सनोडिया एसडीओ कृषी विभाग लांजी, गणेश मोरघडे सैनिक कैन्टीन लांजी, बालाजी टाईल्स बिसोनी, उज्जवल मेश्राम, धनवले इन्टरप्राईजेस, सचिन अग्रवाल अभिषेक रेडीमेड लांजी इन सभी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

सभी खिलाड़ियों को दी बधाई-

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विधायक राजकुमार करहि के द्वारा अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता में भाग लिये समस्त खिलाड़ियो को शुभकामनाऐं प्रेषित की गई तथा विजेता उप विजेताओ को भी बधाई देते हुये कहा कि आप सभी खिलाड़ियो ने प्रतियोगिता में भाग लिया, हार जीत एक सिक्के दो पहलु है लेकिन मैने देखा की कुछ ही प्वाईटस से हार जीत हो रही थी सभी खिलाड़ीयो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है आगे भी इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित होगी क्योंकि हम लांजी में बडे स्तर पर इन्डोर स्टेडियम का निर्माण आगामी समय मे करने वाले है जिसमें कम से कम दो बैडमिंटन कोर्ट बनेंगे। इसी प्रकार किरनापुर में भी बैडमिंटन इन्डोर स्टेडियम का निर्माण किया गया जायेगा इसी प्रकार हम कोशीश करेंगे की इस सत्र में भानेगांव में भी इन्डोर स्टेडियम की सुविधा दे सके। इस प्रतियोगिता के उत्कृष्ट आयोजन के लिये मै फ्लाई विंग्स बैडमिंटन क्लब लांजी के सभी सदस्यो को भी बधाई प्रेषित करता हूँ।

विधायक राजकुमार करहि ने

वन विभाग ने रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करते 2 ट्रैक्टर किए जप्त

लांजी(पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र वन संपदाओं से आच्छादित है वहीं इन वन क्षेत्रो मे नदी- नाले भी है जहां पर लगातार अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायते लगातार प्राप्त होती है। वर्तमान में वनों के अन्दर बनने वाले मार्ग पुल पुलियाओं में अधिकतर मटेरियल इन्ही नदी- नालों से ले जाया जाता है। जंगलों में कार्य करने वाले ठेकेदार हो या मटेरियल सप्लायर्स अधिकतर ये लोग अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रही मार्गो का निर्माण करते दिखाई देते है ऐसे अनेकों शिकायत अधिकारियों सहित अन्यत्र पंहुची है जिसको लेकर समय-समय पर कार्यवाही भी की जाती है लेकिन फिर भी अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले अपना कार्य

जारी ही रखते है। ऐसा ही एक मामला लांजी वन परिक्षेत्र पूर्व सामान्य अन्तर्गत सुलसुली एवं बोदादलखा के बीच स्थित नाले से अवैध रेत के परिवहन का आया है जहां वन अमले के द्वारा कार्यवाही करते हुये दो रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर अभिरक्षा मे लिया गया है। इस संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र पूर्व लांजी सामान्य अंतर्गत सुलसुली वृत्त के सुलसुली बीट में वन क्षेत्र से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन करने की सूचना मुखबीर से प्राप्त होने पर उपवन मण्डल अधिकारी लांजी सामान्य राकेश कुमार अडकने के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी सामान्य अभिषेक जाट के मार्गदर्शन में तथा परिक्षेत्र सहायक सुलसुली वृत्त आशीष नागेश्वर के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र पूर्व लांजी के अमले वनकर्मी नशरत सिद्दीकी, भीकम नारायण कंगाली, पीयुष यादव, भूपेन्द्र चौके, प्रेमलाल गायकवाड़, एवं महेश नंदा एवं अन्य स्टॉफ की टीम गठित कर सूचना की निशानदेही स्थल पर रवाना हुए और सुलसुली बीट के कक्ष क्रमांक 354 के नाले में रेत उत्खनन कर ट्राली में भरते हुए दो ट्रेक्टर ट्रालियों की जप्त कर भारतवी वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) छ, 52 (1), 52 (2) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए वन अपराध का प्राथमिक सूचना प्रतिवेदन क्रमांक 15412/14 दिनांक 4 फरवरी 2024 को जारी कर प्रकरण पंजीबद्ध किया।

राजसात हेतु प्रकरण भेजा जाएगा

वनपरिक्षेत्र सहायक आशीष नागेश्वर ने उक्त संबंध मे बताया कि नसकट्टा निवासी अजय सातपुते जो कि खुर्सीटोला में मार्ग निर्माण कर रहा है जिसकी जानकारी मुखबिर द्वारा दी गई थी। रात मे लगभग 12:30 बजे सूचना प्राप्त हुई तो वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन मे हम लोग मौका स्थल सुलसुली बीट के कक्ष क्रमांक 354 जामुन नाले में पंहुचे जहां दो मे से एक ट्रैक्टर मे रेत भरी हुई थी और दुसरे मे रेत भरी जा रही थी। ट्रैक्टर मालिक अजय सातपुते के द्वारा यह अवैध खनन एवं परिवहन किया जा रहा था। वही मौका स्थल से एक चालक फरार होना बताया गया है। दोनो ही ट्रैक्टर को जप्त किया गया है साथ मे एक मोटर सायकल भी जप्त की गई है। पीओआर जारी कर दिया गया है उपवनमण्डलाधिकारी के समक्ष प्रकरण को राजसात हेतु प्रेषित किया जायेगा।

मैत्रेय पब्लिक स्कूल देवलगांव का वार्षिक उत्सव सम्मेलन सम्पन्न

लांजी(पद्मेश न्यूज)। लांजी विकासखण्ड के ग्राम देवलगांव में संचालित एक निजी शैक्षणिक संस्था मैत्रेय पब्लिक स्कूल में 3 फरवरी को विद्यालस का वार्षिक

उत्सव स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ मैत्रेय पब्लिक स्कूल के द्वारा अपने 7वें वर्ष में 3 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे से स्कूल प्रांगण में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था साथ ही साथ इसी कार्यक्रम में वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को एवं संस्था में पूर्व कार्यरत शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष सहसराम हरिनखेडे, मुख्य अतिथि लांजी किरनापुर विधायक राजकुमार करहि ,विशाल खोंगल, प्रमोद नखाते, सरपंच पुष्पा कमल किशोर ठाकरे, सरपंच नेहल गौतम , देवीलाल चौधरीपूर्व जनपद सदस्य,भोजवंती ठाकरे पूर्व जनपद सदस्य, चंद्रभागा मेश्राम, प्रदीप मेश्राम, सहित आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती, भारत माता, डॉ बाबा साहेब आंबेडकर, महात्मा गांधी जी, सरदार पटेल जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रचलित माल्यार्पण किया गया। विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा आमंत्रित अतिथियों का क्रमानुसार स्वागत किया गया इसके उपरांत विद्यालय में अध्ययनरत नन्हे कलाकारों के द्वारा एक से बढकर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिसमें उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों के द्वारा खूब खूब सराहा गया। मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार करहि द्वारा वर्ष 2022-23 में विद्यालय से कक्षा 8 से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं जिनमें गोविंद योगेश्वर बरई, निधि मोरध्वज पटले, युगबाला संजय टेंभरे, शीतल किशोर टेंभरे, निशांत अशोक बोहने, सुजल वीरेंद्र टेंभरे, निखिल राजेश्वर चौधरी को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान किया गया । कार्यक्रम में संस्था जेतवन फाउंडेशन के अध्यक्ष श्रीमती चंद्रभागा मेश्राम के द्वारा विद्यालय में पूर्व में अपनी सेवा देने वाले शिक्षक विजय लाडे, अवधेश मस्करे, वृंदा बसंत मेश्राम को संस्था संस्था के द्वारा प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में संस्था के संचालक व प्रधान पाठक प्रशांत मेश्राम के द्वारा उक्त आयोजन में उपस्थित समस्त अतिथियों पदाधिकारी सदस्यों, स्कूल स्टाफ, छात्र-छात्राएं अभिभावको एवम आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन यादेश ठाकरे व प्रदीप मेश्राम के द्वारा किया गया।

प्रतिभा मंच के माध्यम से ही निखरती है- राजकुमार करहि

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार करहि के द्वारा संबोधित करते हुये सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधन को उक्त आयोजन कराये जाने हेतु धन्यवाद प्रेषित किया, नन्हे मुन्ने बच्चो ने बेहद सुन्दर प्रस्तुतियाँ दी है ग्रामीण अंचलो मे भी प्रतिभाओ की कमी नही है आवश्यकता है उन्हे मंच प्रदान करने की क्योकि प्रतिभा मंच के माध्यम से ही निखरती है। जब तक छात्र छात्रायें मंच पर प्रदर्शन नही करेंगे तब तक उन्हे आत्म विश्वास नही होगा की हम यह कार्य कर सकते है मंच चाहे कोई भी हो, सांस्कृतिक हो या विज्ञान का हो या अन्य प्रतिभा निखारने वाला मंच हो हर छात्र छात्राओ प्रतियोगिताओ मे भाग लेना चाहिये इससे आप के अन्दर छुपी प्रतिभा का आपको पता चलता है। अंत मे आपने स्कूल प्रबंधन को उत्कृष्ट आयोजन की शुभकामनाऐं प्रेषित की।

अभिषेक पूजन कर मनाया मां सती माता मंदिर का छटवां स्थापना दिवस

लांजी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड क्रमांक 7 गणेश चौक मरार मोहल्ला में स्थापित मां सती माता मंदिर में 4 फरवरी को विधि विधान पूर्वक अभिषेक पूजन हवन कर मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। किरनापुरे परिवार द्वारा 4 फरवरी 2019 को भव्य मंदिर का निर्माण कर यहां मां सती माता, नागिन माता एवं भगवान शिवजी की पिण्डी व नंदी की प्रतिमाओं की स्थापना विधि विधान पूर्वक की गई थी। इसी उपलक्ष्य में स्थापना के छटवें वर्ष में पं. गजेन्द्र तिवारी द्वारा विधि विधान से अभिषेक, हवन-पूजन सम्पन्न कराया गया। इसके उपरान्त शाम 5 बजे नौ कन्या भोज के साथ ही महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर त्रिवेणी गीतागाम किरनापुरे, परमिला घनश्याम किरनापुरे, सरस्वती अनिल किरनापुरे, ज्योति रविन्द्र किरनापुरे, रजनी मनोज किरनापुरे, बबलू किरनापुरे, तरूण किरनापुरे, अक्षय किरनापुरे, दुर्गा दिनेश रामटेकर, सरिता अजय पलान्दुरकर एवं परिवार उपस्थित रहा।

अवंती साधना मंच की बैठक हुई संपन्न

20 मार्च को होगा गौरव दिवस का आयोजन

लांजी(पद्मेश न्यूज)। क्षेत्रांतर्गत ग्राम बापड़ी में 4 फरवरी को दोपहर 2:00 बजे से अवंती साधना मंच की बैठक ग्राम के सरपंच खेमराज मछीरके की अध्यक्षता एवं अवंती साधना मंच के अध्यक्ष आसाराम कुशले व महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना बड़गैया के मुख्य अतिथ्य में आयोजित हुई । सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा वीरांगना अवंती बाई के छायाचित्र का पूजन कर बैठक की कार्यवाही सचिव कृष्ण कुमार लिल्हारे द्वारा प्रारंभ की गई। बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम बापड़ी में अवंती बाई की प्रतिमा स्थापित करने

का निर्णय लिया गया। साथ ही गौरव दिवस समारोह 2024 समारोह का आयोजन लांजी नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में 20 मार्च को आयोजित किये जाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। इस आयोजन अवसर पर कक्षा दसवीं एवं 12 वीं में विगत 2023 में 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 21 मार्च 2023 से 20 मार्च 2024 तक नवनियुक्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों सहित इस अवधि में सेवानिवृत्ति कर्मचारियों व अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी ग्रामों में प्रगणक नियुक्त कर स्वजातीय परिवारों का पंजीयन किया जाएगा। आगामी बैठक 11 फरवरी 2024 को अबेड़ा ब में आयोजित होगी। जिसमें सभी प्रगणको को आवश्यक सामग्री वितरित कर 12 फरवरी से पंजीयन की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। इस बैठक में मुख्य रूप से भवन दास दशरिया, भूपेश करहि, पुरुषोत्तम कलपुरिया, छत्रपाल मचिया, पुनाराम पिछोड़े, शोभेलाल बनोठे, संतोष बनोठे, सुरेन्द्र बनोठे, मुकेश बनोठे, विजय बनोठे, युवराज बनोठे, फागूलाल लिल्हारे, तुमेश कुमार सुलाखे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अवंति साधना मंच के संस्थापक अशोक कुमार महिश्रे द्वारा किया गया।

विधायक ने जूस पिलाकर उपसरपंच का अनशन कराया समाप्त

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव के उपसरपंच ओमप्रकाश बिरनवार द्वारा बीते 30 जनवरी से ग्राम पंचायत भवन के समक्ष की जा रही भूख हड़ताल अनशन के पांचवे दिन 3 फरवरी को रात लगभग 9 बजे विधायक राजकुमार करहि द्वारा एक बार फिर अनशन स्थल पर पहुंचकर अनशनकर्त्ता को समझाईश देते हुए उसे जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया।इस दौरान लांजी विधायक राजकुमार करहि ने अनशन कर रहे उपसरपंच ओमप्रकाश बिरनवार को समझाया कि पुलिस द्वारा मामला कायम कर लिया गया है।ग्राम पंचायत के कार्यो की जांच भी प्रारंभ हो गई है।आप अपना अनशन समाप्त कर लेवें।वही उन्होंने स्वयं जिला पंचायत सीईओ से चर्चा की है

उनके द्वारा भी निष्पक्ष जांच करवाये जाने के लिए आश्वस्त कराया गया है।इसके उपरांत भूख हड़ताल कर रहे ग्राम पंचायत बड़गांव उपसरपंच ओमप्रकाश बिरनवार ने विधायक राजकुमार करहि की समझाईश को मानते हुए विधायक के हस्ते जूस पीकर अपना अनशन समाप्त कर लिया।बताये कि ग्राम पंचायत बड़गांव के उपसरपंच ने ग्राम सरपंच कृष्णाबाई गुरूबेले पर चप्पल से मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस थाने मे शिकायत दर्ज करवाई थी।इसके अलावा उनके द्वारा पंचायत के निर्माण कार्यो मे अनियमितताये होने की शिकायते भी की गई थी जिनकी जांच प्रारंभ हो गई है।

प्लॉट बेचना है

मोंगलई मे गोंटिया रोड़ से लगा हुआ प.ह.नं. 19 मे रकबा 0.0023 हे. 39म 65X2535 वर्गफीट डायवर्सन युक्त प्लॉट बेचना है। संपर्क करें 9993754780

आवश्यकता है

होटल मेनेजर और सर्विस के लिए लड़के/लड़की की आवश्यकता है

होटल सिटी प्राइड

महाराष्ट्र बैंक के बाजू में, बालाघाट

मो.6263547121

आवश्यकता है

2 वेटर की

वेतन योग्यतानुसार

पता-कालीपुतली चौक

होटल हरिनंदा बालाघाट

9713965249, 07632-240564

लांजी में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 9131979508, 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 9131979508, 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 9131979508, 8319969927

मप्र बोर्ड की परीक्षा आज से

भोपाल। मध्यप्रदेश में सोमवार से एमपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है। परीक्षा में पेपर लीक और नकल की शिकायत रोकने के लिए बोर्ड ने पहले ही कदम उठा लिया है। इसी कड़ी में पेपर लीक और नकल रोकने के लिये बोर्ड ने इस बार कई बदलाव किए हैं। प्रश्नपत्र का पैकेट परीक्षा केन्द्र में ही खोला जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं की परीक्षा में 9 लाख 93 स्टूडेंट्स शामिल होंगे। वहीं 7 लाख 14 हजार स्टूडेंट्स 12वीं की परीक्षा में बैठेंगे।

परीक्षा कंट्रोल रूम में इस साल लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। पेपर डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में भी बदलाव किया गया है। इस बार परीक्षा केंद्राध्यक्ष भी अपने पास मोबाइल नहीं रख सकेंगे। प्रश्न पत्र को थाने से परीक्षा केन्द्र और परीक्षा कक्षों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिये कलेक्टर के प्रतिनिधि रहेंगे। इसी तरह परीक्षा कक्षों तक पेपर पहुंचने की पूरी प्रक्रिया को एप के माध्यम से भी मॉनिटर की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड का टोल फ्री नम्बर- 1800-2330175 सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक संचालित रहेगा। टोल फ्री नंबर पर बच्चे परीक्षा में तनाव रहित रहने के उपाय के साथ अन्य उपयोगी जानकारी भी ले सकते हैं। एमपी बोर्ड 10वीं की परीक्षा सोमवार से और 12वीं की 6 फरवरी से शुरू होगी।

पेपर लीक और नकल रोकने सख्त तैयारी, टोल फ्री नंबर 1800-2330175 जारी

केंद्राध्यक्ष नहीं रख सकेंगे मोबाइल

परीक्षा केंद्र के अंदर कलेक्टर प्रतिनिधि को छोड़ कर किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केंद्राध्यक्ष, भी अपने पास मोबाइल नहीं रख सकेंगे। यदि किसी के पास मोबाइल मिला तो 10 साल तक की सजा होगी। यदि किसी के पास मोबाइल पाया गया तो परीक्षा अधिनियम 1973 के तहत उसे 10 साल की सजा होगी और मंडल के परीक्षा कार्य से उन्हें बाहर किया जाएगा। मोबाइल रखने के लिए परीक्षा केंद्र के बाहर व्यवस्था रहेगी। इस पर परीक्षा की जानकारी के लिए लैंडलाइन फोन के उपयोग के साथ-साथ पोर्टल तैयार किया गया है।

मंडल और जिला पर बनेंगे कंट्रोल रूम

माध्यमिक शिक्षा मंडल में कंट्रोल रूम से पूरे राज्य में निगरानी की जाएगी। जिला स्तर पर कलेक्टर भी मॉनीटरिंग केंद्र बनाएंगे। यहां से प्रश्न पत्र के परिवहन से लेकर परीक्षा की मॉनीटरिंग की जाएगी। थाने से परीक्षा केंद्र तक पेपर कलेक्टर प्रतिनिधि पहुंचाएंगे। वहीं, परीक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की सूचना जिला स्तर और मंडल स्तर पर बने कंट्रोल रूम को तुरंत सूचना मिल सकेगी।

मप्र का सात फरवरी से शुरू होगा बजट सत्र

- आर्थिक सर्वेक्षण पेश नहीं करेगी सरकार
- मानसून सत्र में पूर्ण बजट के साथ पेश होगा आर्थिक सर्वेक्षण

भोपाल। सात फरवरी से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में सरकार न विभागीय रिपोर्ट रखेगी और न ही आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया जाएगा। जुलाई-अगस्त में होने वाले मानसून सत्र में पूर्ण बजट के साथ ही विभागों का प्रतिवेदन के साथ आर्थिक सर्वेक्षण भी प्रस्तुत किया जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा लोकायुक्त संगठन के प्रतिवेदन, विभिन्न जांच आयोगों की रिपोर्ट भी इस सत्र में प्रस्तुत नहीं की जाएगी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से सत्र प्रारंभ होगा। 12 फरवरी को लेखानुदान प्रस्तुत किया जाएगा। बजट की तरह इस पर सदन में चर्चा नहीं होनी है, इसलिए विभागीय प्रतिवेदन भी अभी प्रस्तुत नहीं किए जाएंगे। विभाग की बजट मांग पर चर्चा के समय इन्हें प्रस्तुत किया जाता है ताकि सदस्यों को पिछले वित्तीय वर्ष में जो कुछ विभाग ने किया, उसकी जानकारी मिल जाए। इसके आधार पर सदस्य चर्चा में अपनी बात रखते हैं।

मानसून सत्र में रखी जाएगी रिपोर्ट

आर्थिक सर्वेक्षण बजट प्रस्तुत होने के एक दिन पूर्व लाया जाता है। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2019 में भी पूर्ण बजट प्रस्तुत होने के एक दिन पहले ही इसे सदस्यों को दिया गया था। विभागों के प्रतिवेदन भी बाद में ही रखे गए थे। सामान्य प्रशासन विभाग भी विभिन्न रिपोर्ट मानसून सत्र में रखेगा।

शिवपुरी के 40 दलित परिवारों ने छोड़ा हिंदू धर्म

भोपाल। यह खबर बेहद चौंकाने वाली है। शिवपुरी जिले के बहगवां गांव में 45 दलित परिवारों ने गांव के लोगों पर छुआछूत का आरोप लगाकर बौद्ध धर्म अपना लिया। इन लोगों ने गांव में ही रही भागवत कथा में 6 दिन तक सहयोग किया। 7वें दिन धर्म परिवर्तन कर लिया। उनका कहना है कि जहां हमें इज्जत से जीने का अधिकार मिलेगा, हम उसी मार्ग पर खुशी-खुशी चलने को तैयार हैं।

शिवपुरी से करीब 75 किमी दूर बहगवां गांव में 392 परिवार रहते हैं। पिछले दिनों गांव में भागवत कथा थी। जिसमें वर्ण व्यवस्था के आधार पर कार्यों का बंटवारा किया गया है। दलित परिवारों को भंडारे में झूठी पत्तल उठाने और सफाई का काम दिया। इससे नाराज होकर शिवपुरी के दलित परिवार बौद्ध बन गए हैं। हालांकि इससे पीछे यह भी बात सामने आई है कि पिदले दिनों बौद्ध धर्म के प्रचारक गांव में पहुंचे थे और दलित परिवारों को बौद्ध धर्म में शामिल कराया। उन्होंने हिंदू देवी-देवताओं को ईश्वर नहीं मानने की शपथ ली। इसका फोटो भी सामने आया है। शिवपुरी कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए

कांग्रेस को लगा झटका

कांग्रेस प्रवक्ता ने थामा बीजेपी का दामन

भोपाल। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के समय से पाला बदलने का खेल (दलबदल) अब भी जारी है। आगामी लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस के कई नेता बीजेपी का दामन थाम रहे हैं। इसी कड़ी में एमपी कांग्रेस के प्रवक्ता रहे अजय यादव ने बीजेपी का हाथ थाम लिया है।

बता दें कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से टिकिट नहीं मिलने से अजय यादव नाराज चल रहे थे। तभी से उनके पार्टी छोड़ने के कयास लगाए जा रहे थे। उन्हें बीजेपी कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने बीजेपी ज्वाइन करवाई है। बीजेपी ज्वाइन करने के बाद अजय यादव ने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर बीजेपी ज्वाइन की है। कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग की आंखों में धूल झोंकी है। कांग्रेस के साथ देश का भविष्य नहीं है। कहा कि- कांग्रेस देश विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने मुझे निष्कासित नहीं किया था बल्कि मैंने इस्तीफा दिया था। उनके साथ बीजेपी ज्वाइन करने वाली वनिता श्रीवास्तव ने कहा कि बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित हूं।

वर्ष 2017 में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के बाद अब मप्र पर्यावरण विभाग की कार्रवाई...

मप्र में चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित

भोपाल। मध्य प्रदेश में चीनी मांझा और उसके निर्माण में उपयोगी पदार्थों से बने सिंथेटिक धागे का मध्य प्रदेश में विक्रय पर अब पर्यावरण विभाग ने प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश का उल्लंघन करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत पांच साल तक का कारावास और या एक लाख रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकेगा।

वर्ष 2017 में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ने चीनी मांझे के भंडारण व बिक्री पर प्रतिबंध लगाया था, जिसके बाद दिल्ली सरकार ने इसे लेकर अधिसूचना जारी की थी। अब मध्य प्रदेश में भी पर्यावरण विभाग ने प्रतिबंध लगाए हैं। विभाग ने केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए चीनी मांझा सहित नायलान, प्लास्टिक या किसी अन्य संश्लिस्ट

चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक उल्लंघन किया तो पांच साल की जेल



(सिंथेटिक) पदार्थ से बने पतंग उड़ाने वाले धागे एवं अन्य किसी पतंग उड़ाने वाले धागे जो सिंथेटिक से लेपित है और नान-बायोडिग्रेडिबल है इसके निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद, आपूर्ति, आयात और उपयोग को पूरी तरह प्रतिबंधित किया है। केवल सूती धागे से पतंग उड़ाने की अनुमति होगी।

सूती धागे से पतंग उड़ाने की अनुमति

एनजीटी (राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण) ने इस संबंध में आदेश दिए थे। इसमें कहा था कि पतंगबाजी के परिणाम स्वरुप पतंगे आसमान में कट जाती हैं, पतंग के साथ-साथ ये सभी कटे हुए धागे भूमि पर ही रह जाते हैं। इससे पशु-पक्षी भी कई बार इस धागे से कट जाते हैं। इस आधार पर पर्यावरण विभाग ने अधिसूचना जारी की है। इसके अंतर्गत प्रविधान का उल्लंघन पर जिला कलेक्टर, वन परिक्षेत्र अधिकारी और उससे ऊपर के वन अधिकारी, पुलिस एसआइ और उससे ऊपर के पुलिस अधिकारी तथा नगर निगम के आयुक्त एवं नगर पालिका के सीएमओ एवं अन्य स्थानीय निकायों के अधिकारी कार्रवाई कर सकेंगे। अब केवल ऐसे सूती धागे से पतंग उड़ाने की अनुमति होगी, जो किसी भी तेज, धात्विक, कांच के घटकों, चिपकने वाले पदार्थ, धागे को मजबूत करने वाली सामग्रियों से मुक्त हो।

चीनी माझा से जनवरी में हुई मौतें

धार में जनवरी में चीनी मांझा की चपेट में बाइक पर बैठा बच्चा कनिष्क पुत्र विनोद चौहान निवासी लुनियापुरा धार आ रहा था। इसमें उसकी गर्दन कट गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। छिंदवाड़ा में सिवनी रोड पर पुराने कुंडीपुरा थाने के पास मारई निवासी बाइक सवार सतीश यादव का गला चाइनीज मांझे से बुरी तरह कट गया।

आवारा कुत्तों की नसबंदी में फर्जीवाड़ा

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी में आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए नगर निगम द्वारा संचालित एबीसी सेंटरों में बड़ा फर्जीवाड़ा हो रहा है। इसका खुलासा उस वक्त हुआ, जब नसबंदी के बाद भी एक फिमेल डॉग ने 4 बच्चों को जन्म दिया। इसकी शिकायत नगर निगम के अपर आयुक्त रणवीर कुमार से पीपुल्स फॉर एनिमल भोपाल की चेयरपर्सन स्वाति कौरव ने की हो। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि कोलार के ललिता नगर में बीते दिनों नगर निगम ने एक आवारा फिमेल डॉग की नसबंदी की थी। निशानी के लिए उसके कान को भी काटा गया था। लेकिन हाल में इस डॉग ने चार बच्चों को जन्म दिया। इससे साफ जाहिर होता है कि कुत्तों की नसबंदी में घोर लापरवाही बरती जा रही है।

मप्र की विशेष पिछड़ी 3 जनजातियों की बदलेगी तकदीर

भोपाल। देश की 75 विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास और सामाजिक आर्थिक उत्थान की योजना का लाभ मध्य प्रदेश की तीन विशेष पिछड़ी जनजातियों को मिलने जा रहा है। पीएम जनमन योजना के तहत पक्के घर, नल से जल, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाएं और पोषण की सुविधा देने का खाका तैयार कर लिया गया है। सरकार ने तीन साल का रोडमैप तैयार किया है। जिस पर 2354 करोड़ का खर्चा आएगा।

मध्य प्रदेश की बैगा, भारिया और सहरिया जनजातियों के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार ने खाका तैयार किया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पीएम जनमन के तहत होने वाले विभिन्न विकास कार्यों एवं कल्याण गतिविधियों का रोडमैप तैयार कर लिया है। इसके तहत प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों का कायाकल्प करने की तैयारी है। रोडमैप के अनुसार 100 जनसंख्या वाले गांव या बसाहटों को भी पक्की सड़क से जोड़ा जाएगा। 981 संपर्क विहिन बसाहटों में 2403 किलोमीटर लम्बाई की 978 सडकें बनाई जाएंगी। इन सडकों पर 50 पुल बनाने की तैयारी की गई है। रोडमैप के अनुसार इस पर तीन साल में 2354 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

खोले जाएंगे नए आंगनवाड़ी केंद्र

प्रदेश के 23 जिलों में नए आंगनवाड़ी केन्द्रों के साथ छात्रावास, बहुउद्देश्यीय केंद्र, सडकों के साथ आवासों का निर्माण किया जाएगा। सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना के तहत विशेष जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में 194 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना होगी। विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों के ऐसे मजरे टोले, जिनकी जनसंख्या 100 या अधिक है और जहां पर अभी आंगनवाड़ी केन्द्र नहीं हैं, वहां नए केन्द्र खोले जाएंगे।

20 जिलों में होगा छात्रावास का निर्माण

साथ ही सरकार ने पीएम जनमन में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य बसाहटों में निवास करने वाले परिवारों के बच्चों के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा देना सुनिश्चित किया है। साथ ही 20 जिलों के 55 स्थानों पर 110 बसाहटों के निकट बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावासों का निर्माण कराया जाएगा। ऐसे इलाकों में 60-60 लाख की लागत से बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण होगा। आवास बनाने के लिए 2 लाख रुपए की राशि दी जाएगी।

ऐसे होंगे केंद्र

अलग-अलग 11 गतिविधियों के लिए मध्यप्रदेश में 125 बहुउद्देशीय केन्द्रों के निर्माण की स्वीकृति भारत सरकार जारी कर चुकी है। साथ ही केन्द्र निर्माण के लिए केंद्र सरकार शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगी। 2200 वर्गफीट पर केंद्र का निर्माण होगा। इसमें से 1605 वर्गफीट भूमि पर भवन बनेगा। जमीन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी जिला कलेक्टरों की होगी।

प्रदेश भर में दुधारू पशुओं को लगेंगे निःशुल्क टीके

भोपाल। प्रदेशभर में दुधारू पशुओं को अब बीमारियों से बचाव के लिए निःशुल्क टीका लगाया जाएगा।अभी पशुपालकों से प्रति टीका एक रुपये लिया जाता है। राज्य सरकार ने चुनाव पूर्व भाजपा के संकल्प पत्र की एक और घोषणा पूरा कर दी है। इस संबंध में पशुपालन संचालनालय ने शुक्रवार को आदेश जारी किए हैं। इससे प्रदेश के लगभग तीन लाख दुधारू पशुओं को लाभ मिलेगा। संचालक पशुपालन डा.आरके मेहिया ने बताया कि जल्द ही राज्यस्तरीय पशु कल्याण समिति की बैठक होने वाली हैं।इसमें मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद जिला स्तरीय बैठकें कर टीकाकरण शुरू किया जाएगा। दुधारू पशुओं में मुख्य रूप से चरका, खुरपका, मुंहपका, गलघोटू, लंपी स्किन डिसीज (एलएसडी), ब्रुसेला जैसे संक्रामक रोग फैलते हैं, जिनमें टीकाकरण प्रभावी होता है।

गांव स्तर पर गठित होगी योग समिति

भोपाल। योग से रोग भगाने की नीति पर काम करते हुए मप्र में जिलों से लेकर ग्रामीण स्तर पर योग समिति गठित की जाएगी। जानकारी के अनुसार योग आयोग इस संदर्भ में स्वास्थ्य विभाग को प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है। आयोग के प्रस्ताव के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से इस कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा। मौजूदा वर्ष में प्रदेश के प्रत्येक शासकीय अस्पताल को योग की कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। शासकीय योग आयोग के चेयरमैन वेदप्रकाश शर्मा का कहना है कि योग में हर रोग का उपचार छिपा है। इसलिए हमने प्रदेश के हर अस्पताल को योग से जोड़ने की तैयारी की है। इसके लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। इस संबंध में हम विभाग के मंत्री से भी चर्चा करने जा रहे हैं। गौरतलब है कि देश में स्वास्थ्य के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ रही है और वे योग का सहारा ले रहे हैं। इसको देखते हुए योग आयोग ने एक कार्ययोजना बनाई है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को प्रस्ताव भेज रहा है। इसके लिए जिला से लेकर

योग आयोग स्वास्थ्य विभाग को भेजेगा प्रस्ताव

हर गांव स्तर पर योग समिति गठित की जाएगी। इस पर काम प्रारंभ कर दिया गया है। योग आयोग के अधिकारियों का कहना है कि असाध्य बीमारियों के रोगी यौगिक क्रियाओं पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। प्रतिदिन सैकड़ों ऐसे मरीज योग का सहारा लेकर ठीक हो रहे हैं, जो महंगा उपचार करवाकर बहुत कुछ खो चुके हैं। उसके बाद इन्हें कोई लाभ नहीं मिला है। जबकि योग से इन्हें बड़ा आराम हो रहा है। आयोग के अंतर्गत जिलों में संचालित योग केंद्रों से यह रिपोर्ट आ रही है। जहां गंभीर बीमारियों के मरीज स्वास्थ्य हो रहे हैं। नतीजतन शहर से लेकर गांव के हर अस्पताल को योग की कनेक्टिविटी से जोड़ने की तैयारी की है। इस पर काम प्रारंभ कर दिया गया है।

अधिकारी कहते हैं कि राज्य के प्रत्येक जिला ब्लाक और गांव स्तर पर समिति बनाई जाएगी। जिला स्तर पर समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष रखे जाएंगे। जबकि पदेन सचिव जिला शिक्षा अधिकारी को बनाया जाएगा। ब्लाक समिति में भी यही प्रक्रिया रहेगी। गांव स्तर पर जो समिति बनाई जाएगी, उसमें सरपंच की अध्यक्षता रहेगी। शहरी क्षेत्रों में जो वार्ड हैं, वहां पर भी समिति तैयार की जा रही हैं। सतत और पारदर्शी काम के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार कर दिया गया है। जिसमें प्रविष्टियां भी प्रारंभ हो गई हैं। प्रत्येक गांव में जहां समिति बनाने का काम प्रारंभ हो गया है। वहीं शहरी क्षेत्रों के 500 वार्डों में समितियां बना दी गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि गांव और ब्लाक स्तर पर जो कमेटियां बनाई जा रही हैं। उन्हें जिला स्तर की कमेटी एक एक माह की ट्रेनिंग देगी। ताकि यह दक्ष होकर यह अस्पतालों में योग कराने के लिए तैयार हो सकें। इन समितियों को योग की सभी क्रियाएं और आसन सिखाए जाएंगे। योग आयोग का कहना है कि सभी अस्पतालों को योग से जोड़ने के लिए प्रस्ताव तैयार हो चुका है, जो शासन को भेजा जा रहा है।

संजुक्ता के आने पर विवेक जैन की प्रमोशन और पोस्टिंग अटकी

भोपाल। 1990 बैच की आईएफएस संजुक्ता मुदगल के प्रतिनियुक्ति से लौटने पर एपीसीसीएफ विवेक जैन का पीसीसीएफ के पद पर प्रमोशन अप्रैल तक के लिए रुक गया है। साथ ही पीसीसी प्रशासन-एक के लिए प्रस्तावित प्रस्ताव अब संशोधन होने की खबर है। उल्लेखनीय है कि असीम श्रीवास्तव के वन बल प्रमुख बनने से रिक्त हुये पीसीसीएफ के पद पर अब केंद्र की प्रतिनियुक्ति से लौटी संजुक्ता मुगल वन मुख्यालय में पीसीसीएफ बनेंगी। उनकी पीसीसीएफ पद पर प्रोफार्मा पदोन्नति पहले ही हो गई। थी। संजुक्ता संजुक्ता मुदगल सिर्फ एक माह ही पीसीसीएफ रह पायेंगी क्योंकि अगले माह के अंत में वे सेवानिवृत्त हो रही हैं। उनके बाद एपीसीसीएफ विवेक जैन पीसीसीएफ के पद पर पदोन्नत किये जायेंगे।

दो दिवसीय लीडरशिप समिट के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा

सुशासन की दिशा में मप्र बनाएगी अपनी नई पहचान

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सुशासन की दिशा में सभी विभागों को मिलकर कार्य करना चाहिए। सुशासन की दिशा में प्रदेश अपनी नई पहचान बनाए इसके लिए कार्ययोजना बनाकर उपलब्धि प्राप्त करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में दो दिवसीय लीडरशिप समिट- मध्य प्रदेश सरकार के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मूल दर्शन की जानकारी इस आयोजन में अच्छी तरह से प्रस्तुत की गई। उनके सिद्धांतों पर चलकर हम प्रदेश को विकास के पथ पर

आगे ले जाने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए परस्पर सामंजस्य के साथ समन्वय की भूमिका होना जरूरी है। जनआंदोलन के माध्यम से योजनाओं और कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन होता है। हम गुड गवर्नेंस के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। कार्यों में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ते रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्री-परिषद के सदस्यों से कहा कि व्यवहार में शासन की मर्यादा का ध्यान रखना जरूरी है। समिट के माध्यम से जो व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ, उसे अपने जीवन में लीडरशिप समिट में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा सफलता हासिल करने की विभिन्न विषयों से अवगत कराया गया।

व्यवहार में शासन की मर्यादा का ध्यान रखें

उतारने का भरपूर प्रयास करें। समिट के सभी सत्रों में विशेषज्ञ वक्ताओं ने मूल्यवान विचार रखे। यह विचार भविष्य में जीवनोपयोगी सिद्ध होंगे।

विभागों में प्रबोधन और नवाचार के कार्यक्रम बनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपने जीवन में बदलाव लायें, अपने विभाग में प्रबोधन और नवाचार के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसे क्रियान्वित करें। लोगों के व्यक्तिगत जीवन में बदलाव लाने के लिए नवाचार करते रहने से सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होती है। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर विभिन्न विभागों में लगातार कराया जाता रहेगा।

मप्र में कांग्रेस करेगी यूसीसी का विरोध

भोपाल। लोकसभा चुनाव से पहले देश में एक बार भी समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू किए जाने की चचा तेज हो गई है। इसी बीच कांग्रेस ने यूसीसी को अराजकता बढ़ाने वाला बताया है।

दरअसल, रविवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ग्वालियर पहुंचे थे, जहां यूसीसी पर पूछे गए सवाल पर जीतू पटवारी ने कहा कि यूसीसी पर सरकार का रवैया नफरत की नई राजनीति की शुरुआत करेगा। सभी को इसका विरोध करना चाहिए। यह देश को अराजकता की ओर ले जाएगा। गौरतलब है कि उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार हो चुका है और इसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया गया है। अब इसे 5 फरवरी से शुरू होने वाले उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र में पेश किया जाएगा।

मंत्रियों का अभी तक मंत्रालय में बैठने के दिन तय नहीं

शिवराज सरकार में सोमवार और मंगलवार का दिन था तय

भोपाल। डाक्टर मोहन यादव की सरकार बने डेढ़ महीने से अधिक समय हो गया है। अभी तक पांच कैबिनेट बैठकें भी हो चुकी हैं, लेकिन मंत्रियों का अभी तक मंत्रालय में बैठने के दिन तक तय नहीं हुए हैं, जिसके कारण वे न तो क्षेत्र में समय दे पा रहे हैं और न ही मंत्रालय में बैठकर विभाग की गतिविधियों को समझ सके हैं। आलम यह है कि अधिकांश मंत्रियों के यहां ओएसडी और विशेष सहायक तक नियुक्त नहीं हुए हैं। उधर प्रभार के जिलों को लेकर भी असमंजस की स्थिति है।

मप में करीब अठारह साल तक सरकार चलाने वाले शिवराज सिंह ने हर बार मुख्यमंत्री बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में ही मंत्रियों को मंत्रालय में बैठने के दिन

सोमवार और मंगलवार तय किए थे। सोमवार को मंत्री क्षेत्र के लोगों से मिलने के साथ ही विधायकों की समस्याएं सुनने के लिए गाइडलाइन तय कर रखी थी। शिवराज ने रविवार का दिन मंत्रियों को परिवार के बीच रहने और दो दिन जिले में विकास कार्यों सहित कार्यकर्ताओं को समय देने एक दिन रात्रि विश्राम के निर्देश दे रखे थे, लेकिन नई सरकार में डाक्टर मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद डेढ़ माह बाद भी मंत्रियों के लिए कोई गाइडलाइन तय नहीं की गई है। अभी तक कैबिनेट की पांच बैठकें हो चुकी है जबकि शिवराज पहली कैबिनेट बैठक मे ही मंत्रियों के कामकाज को लेकर लाइन तय कर दिया करते थे। सूत्रों का कहना है कि सीनियर मंत्री तो अपने हिसाब से काम में जुट गए हैं, लेकिन नए मंत्रियों को अभी भी काम करने को लेकर परेशान होना पड़ रहा है। वैसे भाजपा संगठन ने ऐसे नए मंत्रियों के लिए दो दिन का प्रशिक्षण आयोजित किया है फिर भी मुख्यमंत्री की तरफ से कोई लाइन तय नहीं होने से अफसर भी नए मंत्रियों को तवज्जो नहीं दे रहे हैं, जिसके चलते प्रशासनिक

इंग्लैंड दूसरे टेस्ट में जीत से 332 रन दूर, 67/1

शुभमन के शतक से भारतीय टीम ने दूसरी पारी में बनाये 255 रन

विशाखापत्तनम। इंग्लैंड की टीम को भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के लिए 332 रनों की और जरुरत है। भारतीय टीम ने शुभमन गिल के शतक से मेहमान टीम को जीत के लिए दूसरी पारी में 399 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए इंग्लैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 67 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय रेहान अहमद 9 और जैक क्राउली 29 रनों पर खेल रहे थे। वहीं बेन डेकेट 28 रनों पर आउट हुए।

इससे पहले भारतीय टीम ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के छह विकट से इंग्लैंड को दूसरे दिन पहली पारी में केवल 253 रन पर ही रोक दिया था। वहीं तीसरे दिन भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में दूसरी पारी में 255 रन बनाकर आउट हो गयी। भारतीय टीम को इस मैच में पहली पारी के आधार पर 143 रनों की बढ़त

हासिल थी। इस प्रकार उसी कुल बढ़त 398 हो गयी। भारतीय टीम ने इस मैच में अपनी पहली पारी में यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की सहायता से 396 रन बनाए थे जबकि मेहमान टीम को जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में छह विकेट पर 253 रनों पर ही रोक दिया था। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम के पास 143 रन बढ़त थी। इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में स्पिनरों ने खास दबाव बनाये रखा टॉम हार्टले ने 4 जबकि रेहान अहमद ने 3 विकेट लिए। इस प्रकार इन दोनो ने कुल 7 विकेट लिए। वहीं दो विकेट जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर ने लिए।

दूसरी पारी में भारत की ओर से शुभमन के अलावा अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पाये।

वहीं पहली पारी में इंग्लैंड की टीम तेजी से रन बना रही थी पर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तेजी से 2 विकेट लेकर मेहमान टीम को मुश्किल में डाल दिया। इसके बाद स्पिनर कुलदीप यादव ने बेन डकेट को 21 रन पर काउट कर दिया। जैक क्राउली ने दूसरे छोर से तेजी से रन बनाना जारी रखा और 11 चौके और 2 छक्के लगाये पर बुमराह ने अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को 5 रन और ओली पोप को 23 रनों पर पवेलियन भेजकर इंग्लैंड की टीम को करारा झटका दिया।

दूसरे सत्र में क्राउली ने आक्रामक पारी खेलकर अपनी टीम को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने कुलदीप पर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। क्राउली और डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को 6 ओवर में बिना किसी नुकसान के 32 रन पर पहुंचा दिया था। डकेट ने तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंदों को जमकर पीटा और शुरुआती दो ओवरों में ही 22 रन बटोरे। इससे पहले भारतीय टीम ने 6 विकेट पर 336 रन से आगे खेलते हुए कल के स्कोर में 60 रन बनाये और वह लंच से पहले सिमट गयी। यशस्वी ने 290 गेंद में 209 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 19 चौके और सात छक्के लगाये।

यशस्वी की सफलता का राज बचपन के कोच ने खोला

विशाखापत्तनम। युवा बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह ने कहा है कि वह तेजी से सीखता है। ज्वाला के अनुसार यशस्वी ने जिस प्रकार इंग्लैंड के खिलाफ मुश्किल समय में दोहरा शतक लगाया उससे वह बेहद खुश हैं। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 209 रन बनाकर अपनी टीम को बेहतर स्थिति में पहुंचाया था। जयसवाल ने अपनी इस पारी के दौरान आक्रामक रुख दिखाया। ज्वाला ने कहा कि यदि आप यहां देखें, तो अन्य सभी बल्लेबाजों ने भी बल्लेबाजी की पर केवल यशस्वी ही मेहमान टीम के गेंदबाजों पर हावी रहे। साथ ही कहा कि पहले टेस्ट में भी उसने अच्छी बल्लेबाजी की थी। उसने अपने छठे टेस्ट में ही दोहरा शतक लगा दिया है। उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करते देखकर मैं बहुत-बहुत खुश हूं। मैंने उसे बचपन से सिखाया था कि एक अच्छा खिलाड़ी वह है जो हालातों को अच्छी तरह से पढ़ता है और उसी अनुसार खेलता है। कोच ने कहा कि कई खिलाड़ी बल्लेबाजी करना और अपने स्ट्रोक्स अच्छे से खेलना जानते हैं पर एक खिलाड़ी विशेष होता है जो सत्र के दौरान कब रन बनेंगे ये जानता है। अगर किसी को रक्षात्मक खेलना है और गेंदबाज हावी है तो उसे विकेट न देना भी एक तरह का दबदबा है। टेस्ट क्रिकेट में खेल पर दबदबा बनाना सिर्फ चौके या छक्के मारने के बारे में नहीं है; एक गेंदबाज को निराश करना भी इसमें शामिल है। जब वह अच्छी गेंदबाजी कर रहा हो तो उसे अपना विकेट न देना भी एक तरह का दबदबा है। उसने इस मैच में आंकलन किया कि जीतने के लिए लंबे समय तक खेलने और सत्र-दर-सत्र खेलने की जरूरत है। ज्वाला के अनुसार, हैदराबाद टेस्ट की पहली पारी में यशस्वी का 80 रन पर आउट होना एक सीखने वाला अनुभव साबित हुआ, जहां वह फ्लाइट में फंस गए थे और दूसरे दिन के खेल के शुरुआती ओवर में जो रूट को कैच दे बैठे थे। टेस्ट क्रिकेट भी आपसे क्रीज पर समय बिताने की मांग करता है। केवल तेजी से ही खेलकर जीत नहीं मिलती बल्कि इसके लिए हालात देखकर खेलना होता है।

अंडर-19 विश्वकप में छाये पाक गेंदबाज उबैद

जोहांसबर्ग। पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज उबैद शाह ने अब तक अंडर 19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के सेमीफाइनल तक के सफर में अहम भूमिका निभाई है। उबैद ने अपनी सटीक यॉर्कर के बल पर बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में 5 विकेट लेकर सभी का ध्यान खींचा था। इससे पाकिस्तान ने सुपर सिक्स के अंतिम मैच में बांग्लादेश को 5 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। उबैद ने बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में 44 रन देकर 5 विकेट लेकर पारी को धवस्त कर दिया था। उन्हीं की गेंदबाजी के कारण पाक ने 155 रनों के छोटे से लक्ष्य का बचाव भी कर लिया। उबैद ने अभी तक 5 मैचों में 17 विकेट लिए हैं।

भारत में तेजी से बढ़ रहा पिकलबॉल का क्रेज

मुंबई। ग्लोबल स्पोर्ट्स, भारत में बढ़ती पिकलबॉल लहर के पीछे अग्रणी शक्ति, एक प्रेसवार्ता की घोषणा कर रोमांचित है, जिसमें फिल्म डायरेक्टर और सांस्कृतिक आइकन, करण जौहर, उनके ग्लोबल स्पोर्ट्स पार्टनरशिप एम्बेसडर के रूप में शामिल हो रहे है। पिछले 3 से 4 वर्षों में, पिकलबॉल की पॉपुलेरिटी बढ़ गई है, विशेष रूप से भारत में, जहां सिर्फ मुंबई में, पिछले वर्ष में पिकलबॉल कोर्ट की संख्या मात्र 15 से बढ़कर प्रभावशाली 250 हो गई है। इस खेल ने 35 से अधिक और 50 से अधिक उम्र के लोगों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है! ग्लोबल स्पोर्ट्स पिछले दो वर्षों से भारत में पिकलबॉल को बढ़ावा देने में सबसे आगे है। शशांक खेतान और मेघाश्रय की संस्थापक सीमा सिंह का 2023 में भागीदार के रूप में शामिल होना एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, जिससे पिकलबॉल पारिस्थितिकी तंत्र में पदोन्नति और निवेश में वृद्धि हुई। इस बारे में करण जौहर ने कहा, उन दूरदर्शी लोगों के साथ काम करना वास्तव में खुशी की बात है जो इस खेल को एक घरेलू नाम बनाना चाहते हैं। मुझे उम्मीद है कि किसी चरण में इसकी तीव्र वृद्धि होगी और ओलंपिक में इस अंतिम रूप से शामिल किया जाएगा। उम्मीद यह है कि, करण जौहर के पिकलबॉल पैडल चलाने से, अधिक से अधिक भारतीय इस खेल को अपनाने, और इसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले गहन फिटनेस लाभों का आनंद लेने के लिए प्रेरित हो। टूर्नामेंट, इंडियन ओपन 2024, 7 फरवरी से 11 फरवरी तक एनएससीआई डोम में होने के लिए पूरी तरह तैयार है। डेढ़ साल पहले गठित ग्लोबल स्पोर्ट्स मुंबई, गोवा और पूरे भारत में पिकलबॉल के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित कर रहा है। कोचिंग आयोजित करना, खेलने के लिए कोर्ट उपलब्ध कराना, मुंबई और गोवा में टूर्नामेंट आयोजित करना। इसका उद्देश्य पिकलबॉल को एक घरेलू नाम बनाना और एथलीटों को इस खेल को अपना करियर बनाने का अवसर प्रदान करना है।

डिविलियर्स बोले, बच्चे के जन्म का इंतजार करने के कारण विराट हैं खेल से दूर

मुंबई । दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा है कि भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं और इसी कारण खेल से बाहर हैं। डिविलियर्स आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में विराट कोहली के साथी रहे थे। डिविलियर्स ने कहा, विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, इसलिए विराट अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। कोहली ने सीरीज का पहला मैच शुरू होने से पहले ही इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों से अपना नाम वापस ले लिया था और कप्तान रोहित शर्मा तथा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को बता दिया था कि वह व्यक्तिगत कारणों से अपना नाम वापस ले रहे हैं।

विराट ने इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और इस बात पर जोर दिया है कि देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है पर कुछ व्यक्तिगत करणों से वह बाहर हैं। उपस्थिति और पूरे ध्यान की मांग करती हैं। विराट के सीरीज से के हटने के बाद से सोशल मीडिया पर उनके फैसले के कारणों के बारे में अटकलें भी लगाई जा रही थीं। कुछ लोगों ने अनुमान लगाया कि वह और अनुष्का एक और बच्चे की उम्मीद कर रहे थे, जबकि अन्य ने अनुमान लगाया कि वह अपने परिवार में एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के कारण टीम से दूर रह रहे हैं। वहीं कोहली और अनुष्का ने इस बारे में अब तक कुछ नहीं कहा है पर डिविलियर्स ने आखिरकार उनके बाहर होने का राज खोल ही दिया। डिविलियर्स ने कहा कि उन्होंने कोहली को उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछने के लिए फोन किया था और उन्हें बताया गया था कि वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से दूर रह रहे हैं क्योंकि वह अपने परिवार के साथ रहना चाहते थे। डिविलियर्स ने कहा, उन्होंने सिर्फ इतना कहा आप कैसे हैं, अभी मुझे अपने परिवार के साथ रहने की जरूरत है।

बर्मिंघम के मैदान पर युवराज की फिर होगी क्रिकेट में वापसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को एक बार फिर से युवराज सिंह की क्रिकेट मैदान पर वापसी देखने को मिलेगी। जानकारी के अनुसार एक रोमांचक घटनाक्रम में युवराज सिंह, ब्रेट ली, केविन पीटरसन, सुरेश रैना, शाहिद अफरीदी जैसे क्रिकेटर विश्व चैंपियनशिप के दौरान आमने सामने होंगे। बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में 3 से 18 जुलाई तक यह टूर्नामेंट आयोजित होगा। एजबेस्टन इस गर्मी में बहुप्रतीक्षित वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स की मेजबानी करने के लिए तैयार है। युवराज सिंह, शाहिद अफरीदी और केविन पीटरसन जैसे दिग्गज इस दौरान सक्रिय रहेंगे। टूर्नामेंट में इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के सेवानिवृत्त और गैर-अनुबंधित खिलाड़ियों को प्रदर्शन करते दिखेंगे।

इसमें इंग्लैंड के केविन पीटरसन ने भी भाग लेने के लिए हां कर दी है। इसके अलावा एक ओवर में 6 छक्कों के लिए प्रसिद्ध युवराज सिंह और वनडे के सबसे तेज शतकवीर में से एक पाकिस्तान के बल्लेबाज शाहिद अफरीदी भी हामी भर चुके हैं। बताया जा रहा है कि खेल के प्रति अपने जुनून को व्यक्त करते हुए, भारतीय अभिनेता अजय देवगन ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 में रूप से निवेश किया है। उन्होंने अपना उत्साह जताते हुए कहा कि एक क्रिकेट प्रेमी के रूप में प्रसिद्ध क्रिकेट दिग्गजों को फिर से एक्शन में देखना एक सपना था जोकि सच हो रहा है। यह टूर्नामेंट न केवल क्रिकेट की पुरानी यादों को सामने लाता है, बल्कि सिनेमा और क्रिकेट के बीच एक अद्वितीय सहयोग का भी प्रतीक है, जो दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए उपहार की तरह होगा।

मुस्कुराएं और चलते रहें, साबित करने की कोशिश न करें - सानिया मिर्जा

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक से तलाक के बाद भारत की शीर्ष टेनिस स्टार ने सोशल मीडिया पर अपना दर्द व्यक्त किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी डाली है जिसमें उन्होंने लिखा- मुस्कुराएं और चलते रहें, आप साबित करने की कोशिश न करें। सानिया ने लिखा कि आप जीवन में कई चीजों का अनुभव करते हैं जो आपको हिला देती हैं, बदल देती हैं और तोड़ देती हैं। 37 साल की सानिया ने लिखा आप अपने जीवन में ऐसी हजारों चीजों से गुजरे हैं जिनके बारे में लोग जानते भी नहीं हैं। आपने उन चीजों का अनुभव किया है जिन्होंने आपको झकझोर दिया है, आपको बदल दिया है, तोड़ दिया है। आपको बनाया और सिखाया कि आप जितना आपने सोचा था उससे अधिक मजबूत बनें। और इन सबके लिए आप वही हैं जो आप हैं। अगली बार जब कोई आपको जो देखता है उसके एक छोटे से हिस्से के आधार पर और कैसे वे उसमें बाधा डालते हैं, उसके आधार पर आपका मूल्यांकन करें, याद रखें कि आप कौन हैं, याद रखें कि आपने कितना कुछ पाया। आप मुस्कुराएं और चलते रहें क्योंकि आपके पास साबित करने के

लिए एक भी चीज नहीं है।

दरअसल शोएब मलिक ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में कहा था कि मुझे लगता है कि आपको वही करना चाहिए जो आपका दिल कहता है। आपको ये नहीं सोचना चाहिए कि लोग क्या कहेंगे। यह समझने में कई साल लग सकते हैं कि लोग क्या सोचेंगे, आगे बढ़ेंगे और अपना काम शुरू करेंगे। इस बीच पाकिस्तानी पत्रकार नईम हनीफ ने भी दावा किया कि शोएब की तीसरी पत्नी सना जावेद के पहले पति उमर जसवाल पर दबाव डाला गया था, ताकि वह सना से अपनी शादी तोड़ सकें। उमर को तलाक के कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया था। ऐसा न करने पर उन्हें धमकियां भी दी गईं थीं।

अंडर 19 विश्वकप क्रिकेट : सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका

जोहांसबर्ग। अंडर 19 विश्वकप क्रिकेट में सेमीफाइनल की चार टीमें पक्की हो गयी हैं। इसमें भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के बीच मुकाबला होगा। पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में अंतिम रही। उसने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर सिक्स मुकाबले में 5 रन से जीत के साथ ही अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। वहीं भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमें पहले ही अंतिम चार में पहुंच गयी थीं। विश्व कप का पहला सेमीफाइनल 6 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच जबकि दूसरा सेमीफाइनल 8 फरवरी को भारत और दक्षिण अफ्रीका का होगा।

इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अब तक नहीं हारी है। भारतीय टीम ने अपने अंतिम सुपर सिक्स मुकाबले में नेपाल को मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। भारत ने लीग स्टेज में 3 जबकि सुपर सिक्स चरण में 2 मैच जीते हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अंडर 19 विश्व कप का सेमीफाइनल मैच 6 फरवरी को बेनोई में दोपहर 1:30 बजे से होगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच अंडर 19 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मैच गुरुवार 8 फरवरी को दोपहर डेढ़ बजे से बेनोई में खेला जाएगा।

चेतन ने लिया यू-टर्न, विराट कोहली को बताया अपने बेटे की तरह

नई दिल्ली। क्रिकेट के पूर्व खिलाड़ी चेतन शर्मा ने अपने बयान से यू-टर्न लेते हुए अब विराट कोहली को अपने बेटे की तरह बताया है। गौरतलब है कि उनका एक स्टिंग आपरेशन खूब वायरल हुआ था। इसमें चेतन ने टीम में विराट और रोहित के रिश्तों पर सनसनीखेज खुलासे किए थे। इसके बाद चेतन को अपना पद भी गंवाना पड़ा था। चेतन से इस कारण भारतीय स्टार नाराज भी हो गए थे। इसी बीच पूर्व क्रिकेटर ने विराट के साथ अपने रिश्तों पर बात रखी है। हालांकि विराट कोहली फिलहाल निजी कारणों से भारतीय टीम से दूर हैं। वह वापसी कब करेंगे, इसकी कोई जानकारी नहीं है। बहरहाल, चेतन शर्मा ने एक इंटरव्यू में अपने पहले बयान से यू टर्न ले लिया है। दिग्गज तेज गेंदबाज ने कहा कि विराट उनके बेटे की तरह हैं, और मैं उनके बारे में बुरी बातें क्यों कहूंगा मैं हमेशा उनकी सलामती के लिए प्रार्थना करता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह वापस आएंगे और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 टन के आंकड़े तक पहुंचने के लिए शतक बनाएंगे। चेतन ने कहा कि विराट भारतीय क्रिकेट के आइकन हैं। मैं उनकी वापसी का इंतजार कर रहा हूं।

बता दें कि कोहली ने आखिरी बार अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली थी। इससे पहले, वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट श्रृंखला में भारत के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। कोहली के लिए साल 2023 अच्छा गया था। उन्होंने क्रिकेट विश्व कप में 765 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की ट्रॉफी जीती थी। उन्होंने विश्व कप के 11 मैचों में तीन शतक और 6 अर्धशतक लगाए थे। टीम इंडिया ने जब इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में मैच 28 रन से गंवाया तो कई दिग्गजों ने इसके लिए विराट कोहली की गैरहाजिरी को बड़ा कारण भी माना था।

डेविस कप : भांबरी और साकेत की जोड़ी जीती

भारतीय टीम विश्व ग्रुप वन में पहुंची

इस्लामाबाद। भारतीय टीम ने आज यहां पाकिस्तान को हराकर डेविस कप टेनिस 2024 विश्व ग्रुप वन में जगह बनायी है। भारतीय खिलाड़ियों युकी भांबरी और साकेत माइनेनी ने पाकिस्तान के अकील खान और मुजम्मिल मुर्तजा की जोड़ी को दो घंटे तक चले युगल मुकाबले में 6-2, 7(7)-6(6) से हराया। यह विश्व ग्रुप वन प्ले-ऑफ मुकाबले में पाक के खिलाफ भारतीय टीम की लगातार आठवीं जीत है। भारतीय युगल जोड़ी ने पहले सेट के पहले गेम में ही शानदार प्रदर्शन करते हुए पाक जोड़ी की सर्विस तोड़कर 1-0 की बढ़त हासिल की।

वहीं पांचवें गेम में विरोधी टीम की सर्विस तोड़ने के बाद भारतीय जोड़ी ने 4-1 की बढ़त हासिल कर ली। भारतीय खिलाड़ियों ने पहला सेट आसानी से 26 मिनट में ही 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में पाक ने वापसी करने का प्रयास किया पर भारतीय जोड़ी की सर्विस वह नहीं तोड़ पायी। दूसरे और तीसरे गेम में दोनों टीमों ने बिना कोई अंक गंवाए अपनी-अपनी सर्विस बरकरार रखी। इस दौरान भारतीय जोड़ी ने विरोधी टीम पर दबाव बनाये रखा।

भारतीय जोड़ी को मुकाबले में केवल एक अंक का नुकसान हुआ और उसने शेष पांच अंक हासिल कर मैच में जीत हासिल करने के साथ ही सितंबर में होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप वन में भी जगह बना ली है। वहीं इससे पहले प्ले-ऑफ के पहले दिन रामकुमार रामनाथन ने पाक के ऐसाम-उल-हक कुरैशी को 6(7)-7(3), 7(7)-6(4), 6-0 जबकि जबकि श्रीराम बालाजी ने अकील खान को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से हराया था। इस प्रकार भारतीय टीम को 2-0 की बढ़त हासिल थी जो भांबरी और साकेत की जीत से 3-0 हो गयी।

विराट की तीसरे टेस्ट में भी वापसी की संभावनाएं नहीं

मुम्बई। अनुभव बल्लेबाज विराट कोहली की 14 फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में शुरु हो रहे तीसरे टेस्ट में भी खेलने की संभावना नहीं है। विराट ने सीरीज शुरु होने से पहले ही निजी कारणों से शुरुआती दो मैचों से नाम वापस ले लिया था और अब उनका बाकि बचे मैचों में खेलना भी तय नहीं दिख रहा है। इसी कारण भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारी उनसे भावी योजनाओं के बारे में जल्द से जल्द बात करने पर विचार कर रहे हैं। कोहली इस समय विदेश में हैं। कहा जा रहा है कि चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर या बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी उनसे कर जानने का प्रयास करेंगे कि वह कब तक वापसी करना चाहते हैं। कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों से हटने का फैसला किया था। इसी को लेकर बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि परिवार पहले आता है तो विराट तभी खेलेंगे जब उन्हें लगेगा कि वह खेलने की हालात में हैं।

कोहली का टेस्ट से बाहर होने का कारण उनका दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार बताया जा रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के पूर्व साथी एबी डिविलियर्स ने भी यही बात कही थी। डिविलियर्स ने कहा कि कोहली ने ब्रेक लेकर बिल्कुल सही काम किया है। उन्होंने कहा कि हां, उनके दूसरे बच्चे का जन्म होने वाला है। यह परिवार का समय है और यह समय उनके लिए बेहद अहम है। हमें उसकी कमी खल रही है। लेकिन उन्होंने बिल्कुल सही फैसला किया है। वहीं तीसरे मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल फिट होने पर वापसी कर सकते हैं। ऐसे में शुभमन गिल या श्रेयस अय्यर में से किसी को बाहर बैठना पड़ सकता है।

सबसे तेजी से 150 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने बुमराह

मुम्बई। टीम इंडिया के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। बुमराह ने इस मैच में पांच विकेट लेने के साथ ही अपने 150 टेस्ट विकेट पूरे किये। इसी के साथ ही वह सबसे तेजी से ये आंकड़ा हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गये हैं। उन्होंने इस दौरान पूर्व कप्तान कपिल देव के अलावा दिग्गज स्पिनर अश्विन और मोहम्मद शमी को भी पीछे छोड़ दिया। बुमराह ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को आउट करते ही यह उपलब्धि अपने नाम की। बुमराह की घातक गेंदबाजी के आगे मेहमान टीम के बल्लेबाज बेबस दिखे। बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में 10वीं बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया है।

उन्होंने इस मैच में बल्लेबाज

ओली पोप को आउट किया, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो , बेन स्टोक्स और टॉम हार्टले को आउट किया। बुमराह ने जेम्स एंडरसन के रुप में छठा विकेट लिया।

बुमराह टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम गेंद फेंककर 150 विकेट हासिल करने वाले भारतीय बने हैं। उन्होंने 150 विकेट हासिल करने के लिए 6781 गेंद फेंकी है जबकि उमेश यादव ने इस कारनामे को करने के लिए 7661 गेंदों का सहारा लिया. जबकि मोहम्मद शमी ने 150 के आंकड़े तक पहुंचने के लिए 7755 गेंदें फेंकी है। वहीं दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने डेढ़ सौ टेस्ट विकेट के लिए 8378 गेंदें डाली थी जबकि आर अश्विन ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए 8380 गेंदें फेंकीं। बुमराह ने जेम्स एंडरसन को आउट कर अपना छठा विकेट लिया। उन्होंने इंग्लैंड की पहली पारी में 15.5 ओवर में 45 रन देकर 6 विकेट लिए जिससे इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 253 रनों पर ही सिमट गयी।

आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला भारतीय एजेंट गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश एटीएस को मिली बड़ी कामयाबी : रूसी दूतावास में था नियुक्त

हापुड़। यूपी एटीएस ने आईएसआई के लिए जासूसी कर रहे एक भारतीय एजेंट को गिरफ्तार किया है। विदेश मंत्रालय में तैनात यह अफसर सेना और देश की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां आईएसआई हैंडलर्स से साझा कर रहा था। आरोपी सतेंद्र उत्तरप्रदेश के हापुड़ का रहनेवाला है और विदेश मंत्रालय में एमटीएस के पद पर कार्यरत था और वर्तमान में रूसी दूतावास में नियुक्त था।

उत्तरप्रदेश के एटीएस टीम को रविवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। यूपी एटीएस ने रूस में रहकर आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा भारतीय एजेंट गिरफ्तार किया है। एटीएस से प्राप्त जानकारी के अनुसार विदेश मंत्रालय में एमटीएस

(मल्टी-टास्किंग, स्टाफ) के पद पर कार्यरत सत्येन्द्र सिवाल को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर आईएसआई के लिए काम करने का आरोप है। सत्येन्द्र मास्को स्थित भारतीय दूतावास में तैनात थे। सत्येन्द्र मूल रूप से उत्तरप्रदेश के हापुड़ जिले के शाहमहीउद्दीनपुर गांव का रहने वाला है। एटीएस से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसके पास मौजूद दो मोबाइल फोन को भी एसटीएस ने अपने कब्जे में ले लिए है।

पहले तो सतेंद्र सिवाल को मेरठ स्थित एटीएस फील्ड यूनिट पर बुलाकर गहनता से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान सतेंद्र ने आईएसआई को जो सूचनाएं मुहैया कराई थीं, उसे लेकर सवाल किए, जिसका वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद यूपी एटीएस ने सतेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार एटीएस को गोपनीय विभाग से सूचना मिली थी कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के हैंडलरों द्वारा कुछ लोगों से विदेश मंत्रालय भारत सरकार के कर्मचारियों को बहला फुसलाकर और धन का लालच देकर भारतीय सेना, सामरिक व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण गोपनीय व प्रतिषेधक सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं। इससे देश की आंतरिक व बाह्य सुरक्षा को बहुत बड़ा खतरा होने की आशंका है। यूपी एटीएस ने इस सूचना पर संज्ञान लेते हुए सर्विलांस के माध्यम से नजर रख साक्ष्य जुटाए। जांच में सामने आया कि सत्येन्द्र सिवाल पुत्र जयवीर सिंह निवासी ग्राम शहमहीउद्दीनपुर थाना हापुड़ देहात का व्यक्ति जो विदेश मंत्रालय भारत सरकार में एमटीएस के पद पर नियुक्त है और वर्तमान में मास्को रूस के भारतीय दूतावास में कार्यरत है और आईएसआई के हैंडलर्स को महत्वपूर्ण जानकारियां मुहैया करा रहा है।

अब भारत में हुए 50 भारत रत्न

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने इस साल दो लोगों को देश का सर्वोच्च शिखर सम्मान भारत रत्न देने का एलान किया है। पहले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और दूसरी देश उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी। आडवानी भारत के 50वें भारत के रत्न बने हैं। बता दें कि सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र में असाधारण सेवा या उच्चतम स्तर के प्रदर्शन की मान्यता के लिए प्रदान किया जाता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के फैसले से देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पाने वालों की संख्या 50 हो गई है। सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र में असाधारण सेवा या उच्चतम स्तर के प्रदर्शन की मान्यता के लिए प्रदान किया जाता है।

भारत रत्न के लिए सिफारिशें प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को की जाती हैं। भारत रत्न के लिए किसी औपचारिक अनुशंसा की आवश्यकता नहीं है। भारत रत्न पुरस्कारों की संख्या किसी विशेष वर्ष में अधिकतम तीन तक सीमित है। एक बार चार लोगों को मिला पुरस्कार भारत रत्न के लिए एक वर्ष में केवल तीन लोगों को प्रदान करने की व्यवस्था है, लेकिन 1999 में इसे चार लोगों को दे दिया गया था। आखिरी भारत रत्न पुरस्कार 2019 में प्रणब मुखर्जी को प्रदान किया गया था। इनके साथ ही यह पुरस्कार मरणोपरांत भूपेन्द्र कुमार हजारिका और नानाजी देशमुख को भी प्रदान किया गया था। 1997, 1992, 1991, 1955 और 1954 में भी एक वर्ष में तीन व्यक्तियों को भारत रत्न दिया दिया गया था। जबकि 2015, 2014, 2001, 1998, 1990, 1963 और 1961 में भारत रत्न पुरस्कार केवल दो-दो व्यक्तियों को दिया गया। 2020 से 2023 के बीच यह पुरस्कार किसी को नहीं दिया गया। पहले दो पुरस्कार भारत सरकार ने 1954 में दो नागरिक पुरस्कार भारत रत्न और पद्म विभूषण स्थापित किए थे। बाद में इसे तीन वर्गों में बांटा गया, पहला वर्ग, दूसरा वर्ग और तीसरा वर्ग। 8 जनवरी, 1955 को राष्ट्रपति के अधिसूचना के माध्यम से इनका नाम बदलकर पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री कर दिया गया। पहले वर्ष में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार सी राजगोपालाचारी, सर्वपल्ली राधाकृष्णन और चंद्रशेखर वेंकट रमन को प्रदान किया गया था।

एकनाथ शिंदे ने मुझे अपराधी बना दिया- भाजपा विधायक

- शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने रहेंगे, तो महाराष्ट्र में सिर्फ अपराधी ही पैदा होंगे

मुंबई। शिवसेना नेता महेश गायकवाड को गोली मारने वाले महाराष्ट्र के भाजपा विधायक गणपत गायकवाड ने इस घटना का दोष मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर मढ़ा है। गणपत गायकवाड ने अपनी गिरफ्तारी से पहले एक समाचार चैनल से फोन पर बात करते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे ने मुझे अपराधी बना दिया। मुंबई के कल्याण पूर्व से भाजपा के विधायक गणपत ने कहा ?कि मेरे बेटे के साथ पुलिस स्टेशन में दुर्व्यवहार किया गया और मेरी जमीन मुझसे जबरन छीन ली गई. अगर एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने रहेंगे, तो हम देखेंगे कि महाराष्ट्र में सिर्फ अपराधी पैदा होंगे. उसने आज मेरे जैसे अच्छे व्यक्ति को अपराधी बना दिया है। उन्होंने कहा ?कि शिंदे साहब ने उद्धव ठाकरे को धोखा दिया। वह भाजपा को भी धोखा देंगे। उनके ऊपर मेरे करोड़ों रुपये बकाया हैं। महाराष्ट्र को सुव्यवस्थित करना है तो शिंदे को इस्तीफा दे देना चाहिए। यह मेरा देवेंद्र फड़णवीस और प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी से विनम्र अनुरोध है। भाजपा विधायक ने अपनी हरकत का बचाव करते हुए आरोप लगाया कि उनके बेटे की पुलिस स्टेशन में पिटाई की जा रही थी और उन्होंने उसी का बदला लेने के लिए महेश गायकवाड को गोली मारी थी। गायकवाड ने कहा ?कि मैं निराश था और इसीलिए मैंने गोली चलाई। मुझे कोई अफसोस नहीं है। अगर कोई मेरे बेटे को पुलिस स्टेशन में पीटता है, तो आप क्या चाहते हैं कि मैं करूं? मेरा इरादा उन्हें मारने का नहीं था। गणपत गायकवाड ने कहा कि जमीन के एक टुकड़े को लेकर कुछ कानूनी मसले थे, लेकिन उन्होंने अदालत में केस जीत लिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद महेश गायकवाड ने उस जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। वहीं पुलिस के मुताबिक गणपत का बेटा शुक्रवार शाम को जमीन विवाद के सिलसिले में शिकायत दर्ज कराने पुलिस थाने गया था, तभी महेश गायकवाड अपने लोगों के साथ वहां पहुंचे। इसके बाद गणपत गायकवाड भी थाने पहुंचे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाजपा विधायक और शिवसेना नेता के बीच बहस हो गई और गणपत गायकवाड ने वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर महेश गायकवाड पर गोलियां चला दीं, जिससे वह और महेश के एक सहयोगी राहुल पाटिल घायल हो गए।

खनिज विभाग ने की कार्रवाई, दो ट्रेक्टर किए जब्त

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में अवैध तरीके से गौण खनिज का उत्खनन और परिवहन के मामले में खनिज निरीक्षक ने औचक कार्रवाई करते हुए दो ट्रेक्टरों को अलग-अलग स्थानों से जब्त किया है. दोनों ही कार्रवाई को तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में अंजाम दिया गया है. जब्त ट्रेक्टर वाहनों को तिरोड़ी पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया है. मिली जानकारी अनुसार खनिज विभाग ने पहली कार्रवाई में बोनकट्टा से रेत और दूसरी कार्रवाई कोयलारी से डोलामाइट लेकर परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त किया है. खनिज निरीक्षक सुरेश कुलस्ते ने बताया कि दोनों ही ट्रैक्टर वाहन चालकों पर नियमानुसार प्राथमिक कार्रवाई की गई है. दोनों ही ट्रेक्टर को अवैध तरीके से परिवहन करते हुए पकड़ा गया है. जिनके चालक पर खान खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जानी है. खनिज विभाग की आकस्मिक कार्रवाई होने से रेत माफिया में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली. जिला कलेक्टर और जिला खनिज अधिकारी के निर्देश पर उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

क्षत्रिय पवार युवा महिला ग्रुप का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम सम्पन्न

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पवार मंगल भवन में ४ फरवरी को क्षत्रिय पावर युवा महिला ग्रुप वारासिवनी के तत्वावधान में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम युवा महिला ग्रुप की महिलाओं की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें नगर सहित क्षेत्र से समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया। जहां पर सभी ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम देकर दीर्घायु जीवन और सौभाग्यवती होने की कामनाकर उपहार स्वरूप सभी को वान का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम एक सामाजिक मिलन समारोह के रूप में आयोजित किया गया। जहां पर समाज की अनेकों महिलाओं के द्वारा एक दूसरे से मुलाकात कर आपस में परिचय मजबूत किया गया। वहीं सांस्कृतिक

कार्यक्रम भी आयोजित किये गयें जिसमें महिलाओं के द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लेकर नृत्य और गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिनका उपस्थित जनों के द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। पश्चेश से चर्चा में श्रीमती मीनाक्षी ठाकरे ने बताया कि क्षत्रिय पवार युवा महिला ग्रुप वारासिवनी के द्वारा करीब ३ वर्षों से सामाजिक मिलन समारोह के रूप में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जो प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित किया गया है। जिसमें सभी महिलाओं को हल्दी कुमकुम देकर सौभाग्यवती होने की कामना की गई। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं के द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर क्षत्रिय पवार युवा महिला ग्रुप वारासिवनी की पदाधिकारी सदस्य सहित गणमान्य महिलाएं मौजूद रही।

06 को मनाया जाएगा मंदिर का वार्षिक महोत्सव

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। नगर के सिवनी रोड़ स्थित श्री राधा कृष्ण गोविंद मंदिर का वार्षिक महोत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 06 फरवरी को बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा. वार्षिक महोत्सव के चलते मंदिर परिसर की रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से विशेष साज-सज्जा की गई है. भगवान श्री राधा कृष्ण गोविंद मंदिर वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम समिति पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री दत्त गुरू बाल योगी छोटू जी बाबा की कृपा पात्र सुश्री साध्वी जी महाराज श्री सिद्ध नारायण टेकड़ी अंबाला रामटेक की प्रमुख उपस्थिति में महोत्सव का आयोजन होगा. महोत्सव के दिन सुबह 06 बजे से सामूहिक ध्यान, प्रार्थना और भगवान की आरती होगी. सुबह 10 बजे से 11 बजे तक मंदिर परिसर में भगवान का महाभिषेक और दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक अखंड नाम जाप होगा. इस अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी, नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष धर्मकला कामराज देशमुख, वरिष्ठ समाजसेवी विजय अग्रवाल, पं. बसंत शर्मा मुख्य यजमान होगें. वहीं शाम 03 बजे नाम जाप समापन के बाद गोपाला काला सुश्री साध्वी जी महाराज के मुखारविंद से संपन्न होगा. महोत्सव कार्यक्रम समिति ने समस्त धर्मप्रेमियों ने महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर धर्मलाभ कमाने की अपील की है।

नंदलेसरा की छोटी बोड़ी में मिली लाश मचा हड़कंप

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम नंदलेसरा में रविवार की सुबह छोटी बोड़ी यानी की तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैरते हुए दिखाई देने के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया. वहीं तालाब में लाश दिखाई देने की बात पूरे गांव और आस-पास के करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों में आग की तरफ फैल गई. लाश दिखाई देने की जानकारी मिलने पर नंदलेसरा सरपंच मौके पर पहुंचे उन्होंने कटंगी पुलिस और डॉयल 100 को इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही डॉयल 100 से आरक्षक विमलेश सिसोदिया मौके पर पहुंचे उन्होंने एक ग्रामीण की मदद से शव को पानी के बाहर निकाला. जिसके बाद मृतक की पहचान अतरी निवासी सुखराम पिता जंगली अहाके उम्र करीब 60 वर्ष के रूप में गई. छोटी बोड़ी के पास मृतक की साईकिल भी मिली है फिलहाल तो स्पष्ट नहीं हो पाया कि सुखराम पानी में डूबा कैसे. चर्चा है कि शनिवार की देर शाम करीब 08

बजे सुखराम को नंदलेसरा में शराब के नशे में धूत देखा गया था. इसके बाद शायद घर लौटते वक्त पानी में डूबने से मौत हुई है. पूरी रात पानी में शव पड़े रहने के कारण मृतक का पूरा शरीर अकड़ गया था. नंदलेसरा सरपंच ने बताया कि गांव में धान का ओपन कैप है और सड़क सकरी संभवत यह घटना शनिवार की शाम उस वक्त हुई होगी जब माल वाहक वाहन धान लेकर जा रहे होंगे और इसी रास्ते पर नशे में धूत सुखराम अपनी साईकिल से घर की तरफ लौट रहा होगा. ट्रक की लाइट में रास्ता समझ नहीं आने के कारण शायद सुखराम साईकिल लेकर स?क किनारे तालाब में घूस गया और नशे में होने के कारण पानी में डूबने से मौत हो गई. सरपंच ने बताया कि गांव में अवैध तरीके से शराब की बिक्री हो रही है. गांव में महिला समूह के द्वारा अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के हर संभव प्रयास किए गए और पुलिस से भी सहयोग लिया गया किन्तु इसके बावजूद गांव में अवैध तरीके से शराब बिक्री हो रही है और गांव की युवा पीढ़ी सहित अन्य आयु वर्ग के लोग शराब के आदी हो रही है. इस तरह की घटनाएं शराब के नशे में होने की वजह से हो रही है. पुलिस को गांव में बिकने वाली शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग ग्रामीणों की तरफ से की गई है।

गांव चलो अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला सम्पन्न

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। गांव चलो अभियान को लेकर भाजपा के द्वारा २३९ बूथो को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में मंडल अध्यक्षो के साथ जिले के प्रमुख पदाधिकारीगण शामिल हुये। इसी तरह उक्त बैठक में लोकसभा चुनाव के लिये नियुक्त विधानसभा विस्तारक अंकित साहू, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कार्यशाला में सभी को तैयारीयो के विषय में विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में विधानसभा विस्तारक अंकित साहू ,पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष संजय खडेलवाल, निरजंन बिसेन, जं.प. अध्यक्ष श्रीमती माया उइके, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रदीप शरणागत,नगर मंडल अध्यक्ष दीप चैहान, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, जिला मंत्री किरण शर्मा, महामंत्री शिवप्रसाद सोनवाने, न्याज अली, टोनी राणा, संतोष आडे, संदीप मिश्रा, विक्की ऐडे, हर्षित रेडडी ,नरेन्द्र

शुक्ला , श्रीमती पुष्पा निरजन बिसेन ,जिला पंचायत सदस्य सुनिता मानसिंह बहेटवार, नरेन्द्र साहू सजित अन्य लोग मौजूद रहे। राष्ट्रीय भाजपा के निर्देश पर भाजपा प्रत्येक बूथो पर ५१ प्रतिशत मत हासिल करने की कार्ययोजना को लेकर ४ मई से ११ मई तक ग्राम चलो अभियान प्रारंभ कर दी है। जिसमें प्रत्येक बूथ पर बूथ संयोजक, सह संयोजक, प्रवासी कार्यकर्ता २४ घंटे निवास कर पार्टी के सिद्धांतो व कार्यो से ग्रामीण व नगरवासीयों को अवगत करायेंगे। कार्ययोजना में विधानसभा क्षेत्र के २३९ बूथो में ग्रामीण क्षेत्र के १४४ बूथो व वारासिवनी नगर के २३ बूथो, खैरलांजी के ७२ बूथो के लिये प्रवासी कार्यकर्ताओं का चयन कर उन्हे प्रशिक्षित भी किया गया।

कड़कड़ाती ठंड में लद्दाख के लोगों ने किया प्रदर्शन-बोले पूर्ण राज्य का दर्जा दें

लेह। लद्दाख को पूर्ण दर्जा देने की मांग को लेकर यहां प्रदर्शन किया गया है। विरोध में व्यापारियों ने अपनी दुकाने भी बंद रखीं हैं। रैली निकालकर लद्दाख के लोगों का कहना है कि वे ऐसे केंद्र शासित प्रदेश के तहत नहीं रह सकते जहां केवल नौकरशाही का शासन हो। उन्होंने कहा कि केवल पूर्ण राज्य का दर्जा ही उनकी मांग को पूरा कर सकता है जहां वे क्षेत्र पर शासन करने के लिए अपने प्रतिनिधियों को खुद चुन सकें। दिसंबर में, केंद्र सरकार ने लद्दाख में अपनी पहली बैठक की थी। इस दौरान इसने लेह और कारगिल के दोनों निकायों से अपनी मांगें को पेश करने को कहा।

अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश के रूप में बनाया गया था। अगस्त 2019 में तत्कालीन जम्मू और कश्मीर राज्य को विभाजित कर दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदल दिया गया था। लेकिन दो वर्षों भी नहीं बीते और लेह व कारगिल के लोग विरोध करने लगे। उनका कहना है कि वे राजनीतिक रूप से वंचित महसूस कर रहे हैं। इसी लिए संयुक्त रूप से केंद्र के खिलाफ खड़े हो गए। पिछले दो सालों में उन्होंने कई विरोध प्रदर्शन आयोजित किए हैं। केंद्र शासित प्रदेश के लिए छठी अनुसूची के तहत राज्य का दर्जा और संवैधानिक सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस द्वारा संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया है।रिपोर्ट के मुताबिक, हजारों पुरुष और महिलाएं इस जमा देने वाली ठंड के बावजूद इकट्ठे हुए और लद्दाख के मुख्य शहर लेह में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने नारे लगाते हुए लद्दाख को राज्य का दर्जा, संविधान की छठी अनुसूची को लागू करने, लेह और कारगिल जिलों के लिए अलग संसद सीटों की मांग की। बता दें कि लद्दाख बंद की स्थिति ऐसे समय में देखी गई है जब केंद्र सरकार पहले ही लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों के साथ एक दौर की बातचीत कर चुकी है। हाल ही में केंद्र ने दूसरे दौर की बातचीत के लिए भी घोषणा की थी। केंद्र ने पहले ही लद्दाख के लोगों की मांगों को पूरा करने के लिए राज्य मंत्री (गृह मामले) नित्यानंद राय की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है।

टटेकसा में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए तहसील क्षेत्र के ग्राम टटेकसा में गुरुदेव सेवा मंडल और भाजपा युवा मोर्चा नेता जितेन्द्र गौतम ने अनूठी पहल की शुरूआत की है. जिसके चलते रविवार को 'आओ मिलकर बदले अपना गांव' की शुरुआत करते हुए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय स्कूल टटेकसा में गांव के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में करवाया गया. इस प्रतियोगिता में गांव के सभी स्कूलों के कक्षा 06 वीं से 12 वीं तक के 102 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामान्य ज्ञान परीक्षा में पूछ गए सवालों के जवाब दिए. प्रतियोगिता में आशिन विवेक दुफारे ने प्रथम, समता धनपाल पटले ने द्वितीय और स्वाति गुरूप्रसाद चौधरी ने तृतीय स्थान हासिल किया. इन होनहार विद्यार्थियों को जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके और आमंत्रित

अतिथियों के हस्ते क्रमशः 1500, 1000 और 500 रुपए की नगद राशि के साथ प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। रविना जितेन्द्र गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुदेव सेवा मंडल के द्वारा पहले मेरा गांव मेरा तीर्थ मुहिम चलाई गई थी. इस मुहिम के बाद अब गांव के युवाओं को प्रोत्साहित करने और शिक्षा और सामान्य ज्ञान से जोड़ने के लिए आओ मिलकर बदले गांव की शुरूआत की गई है. प्रतियोगिता का मकसद गांव के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की जानकारी से सीधे जोड़ना था. प्रतियोगिता की शुरुआत में सर्वप्रथम महामना ज्योतिबा और माता सावित्री बाई फुले, स्वामी विवेकानंद, संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र का पूजन किया गया. प्रतियोगिता के समापन समारोह में डी.सी.ठाकरे लेखपाल सेवा सहकारी समिति गजपुर, वाय.आर. देशमुख, तारांचद नागरिकर सेवानिवृत शिक्षक, आचरे गुरुजी सेवानिवृत शिक्षक, के.एस.तितरमारे, नामदेव चने, कृष्ण नागरीकर, भानुदास ठाकरे, उमाशंकर देशमुख, रवि देशमुख, जतिन पटेल, परशुराम पटले बतौर अतिथि शामिल हुए, उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सम्मानित भी किया।

बालाघाट-गोंदिया मार्ग को किया गया अस्थाई रूप से बंद

सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर चल रहे ओवर ब्रिज के निर्माण काम में मार्ग डाइवर्ट करने के बाद भी लगा हनुमान चौक से क्रासिंग तक लंबा जाम



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। इन दिनों सरेखा रेल्वे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाने का काम जोरों पर चल रहा है एवं प्रशासन द्वारा बालाघाट गोंदिया मार्ग को डायवर्ट करते हुए बड़े वाहनों को गोंगलई होते हुए डेंजर रोड से निकाला जा रहा है किंतु निर्माण करने वाली एजेंसी का मानना है, कि सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज के काम में तब तक गति नहीं आएगी जब तक बालाघाट गोंदिया मार्ग को पूरी तरह बंद नहीं किया जाता ,क्योंकि उनकी सबसे महत्वपूर्ण गड्ढे करने वाली मेक मशीन तीन दिन से आकर मार्ग बंद होने का इंतजार कर रही है, जबकि इस मशीन का किराया एक दिन का 50,000 रूपये उन्हें देना पड़ रहा है, निर्माण एजेंसी ठेकेदार को निर्माण में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण 4 फरवरी को हनुमान चौक से लेकर सरेखा रेलवे क्रासिंग तक लंबा जाम लग रहा है जिसे खुलवाने में यातायात विभाग के पसीने तक निकल गये। आपको बता दे कि कुछ महीनो से चल रहे ओवर ब्रिज के निर्माण काम में फेस टू का निर्माण काम तो कंप्लीट हो गया है किंतु जब से फेस वन की ओर निर्माण एजेंसी द्वारा काम किया जा रहा है, उसमें निर्माण एजेंसी को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जब उन्होंने फेस वन में काम किया था उस समय नगर पालिका ने पाइपलाइन नहीं हटाई तो फेस वन का काम को बंद कर फेस टू से काम शुरू किया गया था , किंतु जब फेस टू का काम कंप्लीट हो गया, उसके बाद निर्माण एजेंसी द्वारा फेस वन से काम शुरू किया गया है, जिसमें यातायात को लेकर काफी परेशानी उन्हें अभी तक उठानी पड़ रही है , और जो बड़े वाहनों को इस रूट से डायवर्ट किया गया है, किंतु निर्माण एजेंसी चाहती है कि बालाघाट गोंदिया मार्ग को पूरी अच्छे तरह से बंद कर दिया जाए , क्योंकि जब तक यह मार्ग बंद नहीं होगा तब तक वह अच्छे तरीके से फेस वन में काम नहीं कर पाएंगे। जिला प्रशासन से निर्माण एजेंसी द्वारा मार्ग को बंद करने के लिए अनेक बार पत्राचार भी कर लिया गया है, किंतु जिला प्रशासन द्वारा मार्ग को बंद करने के लिए अभी तक की कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

हनुमान चौक से रेलवे क्रासिंग तक लगा लंबा जाम -

आज 4 फरवरी को हनुमान चौक से लेकर सरेखा रेलवे क्रासिंग तक लंबा जाम लग गया , जिसमें जाम लगने की प्रमुख वजह सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर चल रहे निर्माण कार्य को माना जा रहा है , बताया जा रहा है कि जिस प्रकार निर्माण एजेंसी मार्ग को बंद करने की बात कह रही है, किंतु मार्ग बंद नहीं होने की वजह से यहां पर आने-जाने वालों को काफी समस्या उत्पन्न हो रही है और अधिकतर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है ,जबकि बड़े वाहनों को डाइवर्ट करने के लिए मार्ग भी डायवर्ट कर दिया गया है।

मार्ग नहीं किया गया बंद तो हो सकती है दुर्घटना -

अनौपचारिक चर्चा के दौरान कुछ टेक्निकल कर्मचारियों ने यह भी बताया कि जिस प्रकार से यहां निर्माण कार्य चालू है और मार्ग बंद नहीं किया गया है, इससे निर्माण काम के समय मशीन इधर से उधर आते-जाते रहती है एवं मार्ग को और अधिक सकरा कर दिया गया है जिससे आने-जाने वाले वाहन चालकों को कभी भी दुर्घटना का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि दो-दो बड़ी मशीन सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर खड़ी है जिसके चालू होने से कभी भी कोई घटना एवं जाम जैसी स्थिति यहां पर निर्मित होते रहती है जिसके लिए जिला प्रशासन को इस विषय में सोचना चाहिए।

मार्ग बंद नहीं होने से ,3 दिन से खड़ी है मेक मशीन -

जाम के दौरान हमारे द्वारा ओवर ब्रिज निर्माण कर रहे कुछ कर्मचारियों से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि यहां से मार्ग को बंद करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि मार्ग बंद नहीं होने की वजह से उनकी महत्वपूर्ण मेक मशीन जो की तीन दिनों से आकर सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर खड़ी है , जबकि इस मशीन का किराया एक दिन का 50,000 रूपये उन्हें देना होता है, किंतु मार्ग बंद नही होने से यह मशीन तीन दिनों से सरेखा के रेलवे क्रॉसिंग पर खड़ी है।

अस्थाई रूप से मार्ग को किया गया बंद -

देर शाम यातायात थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव द्वारा दूरभाष पर जानकारी दी गई की बालाघाट कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश के तहत सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर बना रहे ओवर ब्रिज को देखते हुए बालाघाट गोंदिया मार्ग को 5 फरवरी से 6 फरवरी तक ट्रायल के रूप में बंद किया जाएगा तो वहीं 7 फरवरी से 5 अप्रैल 2024 तक के लिए अस्थाई रूप से मार्ग को बंद कर दिया जाएगा एवं इस मार्ग के बंद होने पर परिवर्तित मार्ग की भी व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा नवेगांव से गोगलाई होते हुए कर दी गई है तो वहीं कुछ मार्ग बैहर बाईपास से भी परिवर्तित किए गए हैं।

सूखे कपड़े निकालने गई युवती कुएं में गिरी, पानी में डूबने से लक्ष्मी की हुई मौत

नगर के वार्ड नंबर 1,सिद्धार्थनगर का मामला, मामले की जांच में जुटी पुलिस

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कपड़े धोकर सुखाने के कुछ देर बाद ,सूखे कपड़े निकालने गई एक युवती, घर के कुएं में आनिर्यंत्रित होकर गिर गई। जहा कुएं के पानी में डूबने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक युवती का नाम बूढ़ी वार्ड नंबर 1,सिद्धार्थ नगर निवासी 24 वर्षीय लक्ष्मी पिता तेजसिंह ठाकुर बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती लक्ष्मी ठाकुर अविवाहिता थी, जो घरेलू काम करती थी उनके घर में एक कुआं है। जिसके पास खुली जगह में घर के कपड़े धोकर सुखाया जाता है। बताया जा रहा है कि रोजाना की तरह रविवार को भी उनके परिजनों ने घर में कपड़े धोकर इस कुएं के आसपास कपड़े सुखाने के लिए लटकाए थे जहां दोपहर करीब 2 बजे के बाद युवती लक्ष्मी उस सूखे हुए कपड़ों को लाने के लिए कुएं के पास गई थी। जहां कपड़े उठाने के दौरान अचानक युवती का पैर फिसला गया और वह आनिर्यंत्रित होकर सीधे कुएं में गिर गई।

युवती के कुए में गिरते ही मची चीख पुकार

उधर युवती के पानी से भरे कुए में गिरते ही वहां कुछ देर के लिए चीख पुकार मच गई। पहले तो युवती ने कूएं के भीतर स्वयं को बचाने का प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हो सकी ।उधर परिजनों की चीख पुकार को देख आस पड़ोस के लोग दौड़कर आए ।जहां पड़ोसियों ने परिजनों के साथ मिलकर कुएं के पानी में डूबी युवती को कुए से निकालने की काफी कोशिश की लेकिन वे भी कूएं के पानी से युवती को निकालने में नाकाम रहे। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस और एसडीईआरएफ टीम को दी गई ।जहां सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एसडीईआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवती को कुएं के पानी

से बाहर निकाल कर सीधा उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां के चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। उधर अस्पताल से तहरीर मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

पैर फिसलने से हुआ हादसा-संजयसिंह

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान युवती के भाई संजयसिंह ठाकुर ने बताया कि दोपहर में बहन सूखाने रखे गए कपड़े निकाल रही थी, इसी दौरान वह कुए में गिर गई। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। एसडीईआरएफ टीम ने बहन को कूएं से बाहर निकाला और हम उसे लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे, यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एसडीईआरफ टीम में इनका रहा शमावेश

उक्त मामले की सूचना मिलने पर पुलिस एसडीईआरएफ टीम में शामिल प्लाटून कमांडर श्याम धुर्वे एसडीईआरफ जवान योगेश बघेल, करणसिंह वल्के, आशु मेश्राम, विशेष कुतराहे और वाहन चालक देवेंद्र गेडाम ने कड़ी मेहनत के बाद सुरक्षात्मक तरीके से युवती को कूंए से बाहर निकालकर उसे जिला अस्पताल भिजवाया जहा युवती की मृत तहरीर के बाद पुलिस ने शव बरामद कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

आवश्यकता है

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय भोपाल से मान्यता प्राप्त संस्थान में निम्न पदों की आवश्यकता है -

पदनाम	संख्या	योग्यता
• कम्प्यूटर लेंग्वेज शिक्षक	-03 पद	MCA/BE(cs)
• कम्प्यूटर लेब शिक्षक	-02 पद	BCA, MSC(cs)
• कम्प्यूटर शिक्षक	-01 पद	BCA, MSC(cs)
• कम्प्यूटर ऑपरेटर	-02 पद	डिग्री/डिप्लोमा Online Work
• भृत्य/चपरासी	-02 पद	12वीं
• ऑफिस ब्वॉय	-01 पद	10वीं
• सफाई कर्मचारी	-01 पद	10वीं

टीप - वेतन, अनुभव व योग्यतानुसार 7000/- रू. प्रतिमाह

यूनिवर्सल इस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी

भटेरा रोड रेल्वे क्रासिंग के पास बालाघाट

Mo. 9406764413, 07632-356492

ग्राम भोरवाही मंदिर के पास सड़क हादसे में घायल युवक की हुई मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। परसवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम भोरवाही मंदिर के पास हुए सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस ने मौके स्थल पर पहुंचकर शव बरामद कर मर्ग कायम किया। वही परिजनों के बयान दर्ज कर पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की उधर शव को अस्पताल पहुचाकर शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया है। वही इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को चैतराम पिता बुधराम यादव उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम सिलगी वार्ड नंबर 5 थाना परसवाड़ा के द्वारा सूचना दी गई कि नरेंद्र पिता चैतराम यादव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम सिलगी वार्ड नंबर 5 थाना परसवाड़ा की ग्राम भोरवाही मंदिर के पास सड़क हादसे में मौत हो गई वहीं पुलिस ने मौके स्थल पर पहुंचकर शव बरामद कर पंचनामा व आवश्यक कार्रवाई के पश्चात शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले में मर्ग कायम कर मामले को जांच में

हाल किराये से देना है

शहर के हृदय स्थल बस स्टेण्ड स्थित धर्मशाला में द्वितीय तल पर 1 बड़ा हाल-2100 वर्गफिट 2 छोटे हाल 400-400 वर्गफिट, 4 कमरे सर्वसुविधायुक्त इंस्टीट्यूट, ट्रेनिंग सेंटर कोचिंग आदि के लिये किराये से देना है।

संपर्क करें-कार्यालय, धर्मशाला बस स्टेण्ड बालाघाट
प्रबंधक मो. 9425139694

निःशुल्क निःशुल्क निःशुल्क

जिला जनकल्याण सार्वजनिक ट्रस्ट द्वारा संचालित धर्मशाला, बस स्टेण्ड बालाघाट

निःशुल्क होम्योपैथिक दवाखाना

वात, पुरानी खांसी, बुखार, पथरी, लकवा मानसिक समस्या, नाक-कान-गला, त्वचा रोग व अन्य जटिल बीमारी का निःशुल्क इलाज होम्योपैथिक दवाईयां पूर्णतः निःशुल्क दी जाती है।

चिकित्सक : - डॉ. शिल्पी नगपुरे
B.H.M.S
Reg.No.-21209

समय-दोप. 3 बजे से शाम 6 बजे तक
पता - धर्मशाला बस स्टेण्ड, बालाघाट

PADMESH X FIBERNET
Connecting the Unconnected..

PRICE SPECIALLY MADE FOR YOUR NEEDS.



WITH HIGH SPEED & STABLILITY, BOOST OF DATA.

Follow us on @padmeshxfibernet 08045777666 www.padmeshdigital.in

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट